# देशबन्धु



जबलपुर, मंगलवार 05 सितंबर 2023 । वर्ष – 67 । अंक – 299 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 3.00 रु.

शिक्षक दिवस आज


- संसद का विशेष सत्र... 04
- विपक्ष पर हावी होने की... 04
- जी-20 के दौरे को लेकर काफी उत्साहित... 09
- कनाडा में भी रद्द हुआ विवादित खालिस्तान... 09
- पेट्रोल-डीजल के सस्ते होने की उम्मीदों पर... 11
- देश में चावल पर बैन लगने के बाद दुनिया... 11
- हंबन टोटा में हो सकते हैं... 10
- फास्ट बॉलर बूमराह पिता... 10


सार संक्षेप

## सुप्रीम कोर्ट की नकली वेबसाइट मिली

### अमेरिका और थाईलैंड से जुड़ रहे तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट की नकली वेबसाइट बनाने के मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस को संदेह है कि शीर्ष अदालत की फर्जी वेबसाइट 50-60 दिन पहले अमेरिका में बनाई गई थी। पुलिस के अनुसार, उन्हें अतिरिक्त रजिस्ट्रार केबी मारवाह की तरफ से इस बाबत शिकायत मिली थी। पुलिस ने कहा-शिकायत में आरोप लगाया गया है कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट की नकल करते हुए एक फर्जी वेबसाइट पाई गई है। टीओआई ने अपनी रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा कि इंटरनेट ट्रैफिक की शुरुआत अमेरिका से हुई और इसे थाईलैंड से होते हुए भारत भेजा गया। शिकायत के आधार पर स्पेशल सेल पुलिस स्टेशन में धारा 66सीएंडडी और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। सूत्रों ने कहा, फर्जी वेबसाइट से, जालसाज बैंक विवरण, फोन नंबर, नेटबैंकिंग के लिए लॉगिंग आईडी पासवर्ड और अन्य महत्वपूर्ण विवरण मांग रहे थे।

## 2 दिन बाद सोनिया को अस्पताल से मिली छुट्टी

**नई दिल्ली।** हल्के बुखार के कारण पिछले दो दिनों से सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष सोनिया गांधी को सोमवार को छुट्टी दे दी गई। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, 18 से 22 सितंबर तक संसद के विशेष सत्र की रणनीति पर चर्चा के लिए सोनिया गांधी मंगलवार को अपने आवास पर सीपीपी संसदीय रणनीति समूह की बैठक करेंगी।

### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई-पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-मणिपुर के बाद अब महाराष्ट्र में आरक्षण की आग धधकने लगी है।

**चुहिया- हां प्रिये**- चुनाव आते-आते 'रेवड़ियां' क्या गुल खिलाती हैं, बस देखते जाओ।

# उज्जैन बदल गया श्री महाकाल महालोक से अब ओरछा बदलेगा श्री रामराजा लोक से : शिवराज

## 81 करोड़ के श्री राम राजा लोक के भव्य निर्माण का भूमि-पूजन



- श्री रामराजा से की प्रदेश में वर्षा के लिये प्रार्थना
- तरिचर कलाँ को नगर परिषद बनाया जायेगा
- जल जीवन मिशन के कार्यों का लोकार्पण

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ओरछा में श्री रामराजा मंदिर परिसर में श्री रामराजा लोक का भूमि-पूजन किया और निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि- उज्जैन बदल गया श्री महाकाल लोक से और अब ओरछा बदलेगा श्री राम राजा लोक से।

भगवान श्री राम की नगरी ओरछा में 81 करोड़ की लागत से श्री रामराजा मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र मिलाकर श्री राम राजा लोक का भव्य निर्माण होगा। उल्लेखनीय है कि निवाड़ी जिले में विश्व धरोहर ओरछा का प्रमुख केन्द्र श्री रामराजा मंदिर है। इसका निर्माण तत्कालीन बुन्देला शासकों ने किया था। ओरछा का केन्द्र-बिन्दु श्रीराम राजा मंदिर है, जहां बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओं तथा पर्यटकों का आगमन होता है।

श्रृद्धालुओं एवं पर्यटकों की भावनाओं तथा सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए ओरछा में श्री रामराजा मंदिर में श्री रामराजा लोक का विकास किया जाएगा। श्री रामराजा मंदिर परिसर लगभग 2.86 एकड़ में स्थित है। मंदिर के आसपास लगभग 12 एकड़ क्षेत्र में श्री रामराजा लोक विकसित किया जायेगा।प्रवेश द्वार पर भव्य दरबार गलियारे से होगा।

मंदिर परिसर में 41 करोड़ की लागत से श्री रामराजा लोक प्रवेश द्वार के साथ प्लाजा का विकास, प्रसादालय, कतार परिसर, श्री जानकी मंदिर परिसर का विकास, फूड प्लाजा, आसपास की दुकानों की पुर्नस्थापना, जनसमूह प्रबंधन, दुकानों का सौन्दर्यीकरण और श्रीराम के बाल स्वरूप श्री रामराजा के दरबार के वर्णन सहित गलियारे एवं प्रांगण का विकास होगा जिसमें बाल काण्ड का वर्णन होगा।

प्रांगण में रामायण से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण वस्तुओं का इस्तेमाल किया जाएगा। सुन्दर कमल नयन से प्रेरित कमल स्तम्भ और पुष्पक विमान देखने को मिलेंगे। इस लोक में स्थानीय वास्तुकला, मंदिर प्रांगण और ऐतिहासिक इमारतों का अनूठा स्वरूप बखूबी देखने को मिलेगा। श्री रामराजा लोक की वास्तुकला बुंदेलखंड की प्रामाणिकता और अखडण्ता का उदाहरण होगी।

# 'आरक्षण की आग' अब महाराष्ट्र झुलसने लगा

**मुंबई।** मणिपुर में आरक्षण को लेकर हिंसक प्रदर्शनों, वारदातों और नफरत की आग अभी पूरी तरह ठंडी भी नहीं पड़ी है, उधर महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण को लेकर लपटें तेज हो रही हैं। जगह-जगह प्रदर्शन, मार्च और धरना आन्दोलनों के बीच मराठा आरक्षण की मांग कर रहे लोग सड़कों पर टायर और गाड़ियां जलाकर आक्रोश प्रकट कर रहे हैं। इस बीच आन्दोलनकारियों पर हुए लाठीचार्ज का मामला तूल पकड़ता जा रहा है।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए महाराष्ट्र सरकार ने जालना जिले में मराठा आरक्षण की मांग कर रहे आंदोलनकारियों पर शुक्रवार, 1 सितंबर को लाठीचार्ज के लिए माफी मांगी है। सोमवार को मराठा आरक्षण को लेकर कैबिनेट सब-कमेटी की बैठक हुई, जिसमें सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार शामिल हुए। बैठक के बाद देवेंद्र फडणवीस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- जालना में जो कुछ भी हुआ वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था। हमले में निर्दोष लोग घायल हुए। मैं सरकार की ओर से माफी मांगता हूं।

फडनवीस ने आरोप लगाया कि घटना को लेकर अब सियासत शुरू हो गई है और पूरे मामले पर राजनीति की रोटी सेंकी जा रही है। जालना में हिंसा को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ एक नैरेटिव सेट किया जा रहा है। यह बताने का प्रयास किया जा रहा है कि राज्य सरकार ने लाठीचार्ज करने का निर्देश दिया था, लेकिन मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि सरकार की ओर से ऐसे कोई भी निर्देश नहीं दिए गए थे। इसे एसपी स्तर के अधिकारी दे सकते हैं।

### मराठा आंदोलन के नेता ने सरकार को अल्टीमेटम दिया

वहीं, राज्य सरकार की बैठक से पहले मराठा आंदोलन के नेता मनोज जरांगे पाटिल ने शिंदे सरकार को दो दिनों का अल्टीमेटम दे दिया। मराठा मोर्चा के संयोजक मनोज ने कहा- राज्य सरकार को दो दिनों के भीतर महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की घोषणा करनी होगी और इसे लागू भी करना होगा। मनोज जरांगे पाटिल को सरकार ने कैबिनेट सब कमेटी की बैठक में शामिल होने के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया था। हालांकि, जरांगे ने कहा- मंत्री गिरीश महाजन के नेतृत्व में एक सरकारी प्रतिनिधिमंडल ने हमसे मुलाकात की और हमारे साथ चर्चा की। हमें जो भी कहना था, हमने उन्हें बता दिया है। हमें नहीं लगता कि अब मुंबई जाने की कोई जरूरत है।

### लाठी चार्ज के लिए महाराष्ट्र सरकार ने माफी मांगी

**जिम्मेदारों पर एक्शन लेंगे शिंदे-** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रदर्शनकारियों से धैर्य रखने का अनुरोध करते हुए कहा कि हम सब आपके साथ हैं। प्रदर्शनकारी आरक्षण पर राजनीति करने वालों से सावधान रहें। जालना में पुलिस विभाग में कई बदलाव किए जा रहे हैं। लाठीचार्ज की जांच की जा रही है और जो भी इसके लिए जिम्मेदार हैं, उन पर कार्रवाई की जाएगी।

# चन्द्रयान-3 : लैंडर विक्रम ने ऑन किया इंजन,40 सेंटीमीटर ऊपर उठकर फिर की सॉफ्ट लैंडिंग

### मानव मिशन को पूरा करने की संभावना बढ़ी

**नई दिल्ली।** विक्रम लैंडर ने चंद्रयान-3 मिशन के उद्देश्यों को पूरा कर लिया है। सोमवार को इसरो ने एक वीडियो जारी कर बताया कि विक्रम लैंडर ने अपना हॉप एक्सपेरिमेंट सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इसरो ने बताया कि रोवर के स्लीप मोड पर जाने के बाद कंट्रोल रूम के कमांड पर, विक्रम लैंडर के इंजन को दोबारा से चालू किया गया और उसे 40 सेमी ऊपर उठाया गया, इसके बाद अपनी जगह से 30 - 40 सेमी की दूरी पर सुरक्षित रूप से दोबारा सॉफ्ट लैंडिंग कराई। इस सफलतापूर्वक हॉप एक्सपेरिमेंट से भविष्य में चांद से सैंपल को वापस लाने और मानव मिशन को पूरा करने की संभावना को मजबूत किया है। इसरो ने बताया कि सभी सिस्टम सही रूप से काम कर रहे है।



## जनआशीर्वाद यात्रा में न बुलाने से भड़कीं उमा ने कहा- 'अब बुलाओगे तो भी नहीं आऊंगी'



**भोपाल।** प्रदेश में विधानसभा चुनाव सिर पर हैं, और एक बार फिर भाजपा की फायरब्रांड नेता और राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। एक के बाद एक ट्वीट कर उमा भारती ने 'जन-आशीर्वाद यात्रा' में शामिल होने के लिए न्योता नहीं मिलने पर गुस्सा जाहिर किया है। उन्होंने अब साफ कर दिया है कि अब मुझे बुलाया भी गया तो भी मैं यात्रा में शामिल नहीं जाऊंगी। मैं 25 सितंबर के समापन समारोह में भी शामिल नहीं होऊंगी। हालांकि उमा भारती ने एक अन्य ट्वीट में साफ किया है कि शिवराज के प्रति मेरे मन में स्नेह की डोर अटूट और मजबूत है। शिवराज जहां भी मुझे चुनाव प्रचार के लिए बुलाएंगे, मैं उनकी बात मानकर प्रचार कर सकती हूं।

## कांग्रेस ने घोषित की चुनाव समिति

## खड़गे, सोनिया व राहुल गांधी समेत 16 नेताओं को जगह

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अगले लोकसभा चुनाव और उससे पहले कई राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में सोमवार को कांग्रेस ने अपनी चुनाव समिति की घोषणा की है, जिसमें 16 नेताओं के नाम शामिल हैं।

कांग्रेस विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा है। मुंबई में 31 अगस्त से 1 सितंबर तक हुई इंडिया गठबंधन की बैठक में सभी दलों ने एकसाथ मिलकर चुनाव लड़ने का संकल्प लिया था।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के अलावा इस समिति में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, अम्बिका सोनी, अधीर रंजन चौधरी, सलमान खुर्शीद, मधुसूदन मिस्त्री, एन. उत्तम कुमार रेड्डी, टी एस सिंह देव, के जे जियोग्रे, प्रीतम सिंह, मोहम्मद जावेद, अमी याज्ञनिक, पीएल पुनिया, ओंकार मरकाम और के सी वेणुगोपाल शामिल हैं।

### 10 जनपथ पर संसदीय दल की बैठक

कांग्रेस ने केंद्र की ओर से बुलाए गए संसद के विशेष सत्र को लेकर रणनीति बनाने के लिए भी बैठक बुलाई है। कांग्रेस के महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने दिन में बताया था कि 18-22 सितंबर तक संसद के विशेष सत्र से पहले पार्टी मंगलवार शाम 5 बजे नई दिल्ली में 10 जनपथ पर संसदीय रणनीति समूह की बैठक करेगी।

### खड़गे विपक्षी दलों के साथ करेंगे बैठक

इसके बाद रात 8 बजे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अपने आवास पर समान विचारधारा वाले विपक्षी दलों की बैठक भी करेंगे। केसी वेणुगोपाल ने बताया कि नेता आगामी सत्र की रणनीति पर चर्चा करेंगे। खासतौर पर एक देश एक चुनाव वाले मुद्दे पर भी चर्चा होगी।

### 16 को हैदराबाद में नवगठित कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक

पांच दिन के संसद के विशेष सत्र से ठीक पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नवगठित कांग्रेस कार्यसमिति(सीडब्ल्यूसी) की पहली बैठक 16 सितम्बर को तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में बुलाई है। वहीं अगले दिन 17 सितम्बर को विस्तारित कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक भी होगी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहाकि पहले कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक होगी। इसके अगले दिन 17 सितम्बर को विस्तारित कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक आहूत की गई है। इसमें सीडब्ल्यूसी के सदस्यों के अलावा सभी राज्यों के कांग्रेस अध्यक्ष भी शामिल होंगे।

### जम्मू-कश्मीर के रियासी में मुठभेड़, एक आतंकी ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के चसाना के तुली इलाके में गली सोहब में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच चल रही मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा, अब तक एक आतंकवादी को मार गिराया गया है जबकि एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है। उन्होंने कहा कि पुलिस और सेना द्वारा चलाया जा रहा यह एक संयुक्त अभियान है।

## अडानी-हिंडनबर्ग मामला, सुप्रीम कोर्ट 15 को सेबी की स्टेटस रिपोर्ट पर करेगा विचार

**नई दिल्ली,(एजेंसियां)।** सुप्रीम कोर्ट अडानी-हिंडनबर्ग मामले में भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा दायर ताजा स्टेटस रिपोर्ट पर 15 सितंबर को विचार करेगा। शीर्ष अदालत की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध विवरण के अनुसार, सीजेआई डी.वाई.चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष 15 सितंबर को सुनवाई की संभावना है। 25 अगस्त को, बाजार नियामक ने एक ताजा स्टेटस रिपोर्ट में कहा कि उसने शीर्ष अदालत के आदेशों के अनुपालन में 24 मामलों की जांच की, और कहा कि सेबी अडानी-हिंडनबर्ग मामले में जांच के नतीजे के आधार पर उचित कार्रवाई करेगी। सेबी के कार्यकारी निदेशक वी.एस. सुंदरेसन द्वारा दायर स्टेटस रिपोर्ट में कहा गया, उक्त 24 जांचों में से 22 अंतिम प्रकृति की हैं और 2 अंतरिम प्रकृति की हैं। आज की तारीख में,

➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## कांग्रेस : चुनाव अभियान से जुड़े जिला अध्यक्षों की लिस्ट फर्जी

**भोपाल।** प्रदेश में एक दिन पहले सोशल मीडिया पर चुनाव अभियान समिति प्रदेश अध्यक्ष कांतिलाल भूरिया के नाम से लेटरपेड पर जारी हुई चुनाव अभियान समिति के जिला अध्यक्षों की लिस्ट से कांग्रेस ने पल्ला झाड़ लिया है।

कांग्रेस ने दावा किया है कि सोशल मीडिया पर वायरल सूची पूरी तरह से फर्जी है। इसमें कोई सत्यता नहीं है। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के प्रदेश अध्यक्ष केके मिश्रा ने इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर कांतिलाल भूरिया के कथित लेटर हेड पर एक पत्र प्रसारित किया जा रहा है जिसमें चुनाव अभियान समिति के पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की बात कही गई है। मीडिया विभाग के प्रदेश अध्यक्ष केके मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी स्पष्ट करती है कि कांतिलाल भूरिया ने ऐसा कोई पत्र जारी नहीं किया है। यह पत्र और सूची पूरी तरह फर्जी है।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School

ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

चिंताजनक

### सीआरपीएफ में बढ़ रहीं आत्महत्याएं

# तीन अधिकारियों और 10 जवानों ने लगाया मौत को गले

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अर्धसैनिक बल में कनिष्ठ स्तर के अधिकारियों और जवानों द्वारा आत्महत्या के मामले चिंताजनक स्तर पर बढ़ रहे हैं। देश के सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ में महज 23 दिन के भीतर दो इंस्पेक्टर और एक एसआई सहित 10 जवानों ने मौत को गले लगा लिया। इनमें से एक इंस्पेक्टर की बॉडी पंखे से झूलती हुई मिली तो दूसरे ने अपनी राइफल से खुद को गोली मार ली। एसआई ने अपने गले में फंदा लगाकर जान दे दी। सीआरपीएफ में पिछले पांच वर्ष के दौरान 240 से अधिक जवान आत्महत्या कर चुके हैं।

उधर सभी केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में पांच वर्ष के दौरान 654 से अधिक जवानों ने आत्महत्या कर ली है। इस तरह की घटनाओं पर गृह मंत्रालय और बल की तरफ से एक ही जवाब मिलता रहा है कि संबंधित जवान को किसी तरह की कोई पारिवारिक समस्या रही होगी। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, संसद में जवाब देते हैं कि- इन बलों में आत्महत्याओं को रोकने के लिए



जोखिम के प्रासंगिक घटकों एवं प्रासंगिक जोखिम समूहों की पहचान करने तथा उपचारात्मक उपायों से संबंधित सुझाव देने के लिए एक कार्यबल का गठन किया गया है। कार्यबल की रिपोर्ट तैयार हो रही है।

12 अगस्त को पुलवामा स्थित 112 बटालियन के सिपाही अजय कुमार ने आत्महत्या कर ली थी। वे झारखंड के रहने वाले थे। 15 अगस्त को इंस्पेक्टर चित्तरंजन बारो (45 वर्ष) ने असम स्थित बल की 20 बटालियन में अपना जीवन खत्म कर लिया। वे मूल रूप के असम के ही कामरूप जिले के रहने वाले थे। अभी उनकी सेवा को 19 साल पूरे हुए थे। सुबह सात बजे उन्होंने अपने गले में फंदा लगा दिया। घटना के वक्त इंस्पेक्टर के हाथ और पांव बंधे हुए थे। उनके गले में जो रस्सी थी, उसी से उनके हाथ बंधे हुए थे। पांव, किसी दूसरे कपड़े से बंधे हुए मिले। 17 अगस्त को सिपाही राहुल कश्यप ने ग्रुप सेंटर जीएनआर में अपना जीवन खत्म कर लिया। वे उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। 19 अगस्त को छत्तीसगढ़ स्थित 210 कोबरा में इंस्पेक्टर शफी अख्तर ने अपनी राइफल से खुद को गोली मार ली थी। वे मूलत: दिल्ली के रहने वाले थे।

**एक ही दिन में दो जवानों ने की आत्महत्या**-19 अगस्त को सिपाही जगदीश प्रसाद मीणा ने आत्महत्या कर ली थी। यह घटना झारखंड स्थित 158 बटालियन में हुई। वे राजस्थान के रहने वाले थे। 25 अगस्त को ओडिशा स्थित बल की 127 वीं बटालियन में हवलदार रमेश सी. लाल ने अपना जीवन खत्म कर लिया। वे केरल के रहने वाले थे।

➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

# देश-विदेश

## चित्रदुर्ग जिले में भीषण सड़क हादसा, खड़े ट्रक में जा घुसी कार, 4 की मौके पर मौत

**चित्रदुर्ग (कर्नाटक)।** कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले में सोमवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। दावणगेरे से बेंगलुरु की ओर आ रही एक कार की राष्ट्रीय राजमार्ग-150 पर खड़े ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में चार लोगों की मौत हुई है और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह हादसा चित्रदुर्ग तालुक में मल्लापुरा के पास हुआ है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, तीन को गंभीर हालत में अस्पताल भर्ती कराया गया है।

## जी-20 सम्मेलन : नई दिल्ली इलाके में दवाओं के अलावा अन्य डिलीवरी सेवाएं बंद रहेंगी




**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन की सुरक्षा के मद्देनजर सोमवार को दिल्ली पुलिस ने साफ किया कि शिखर सम्मेलन के दौरान नई दिल्ली जिले में दवाओं को छोड़कर सभी ऑनलाइन डिलीवरी सेवाओं पर रोक रहेगी।

विशेष पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक) एस एस यादव ने बताया कि जी20 को लेकर 25 अगस्त को पुलिस द्वारा जारी यातायात परामर्श में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि आवश्यक सेवाएं जैसे डाक और चिकित्सा सेवाएं, मेडिकल जांच के लिए नमूना एकत्र करने की नई दिल्ली में अनुमति होगी। जिले में वाणिज्यिक गतिविधियों की अनुमति नहीं होगी। ऑनलाइन डिलीवरी सेवाओं की अनुमति नहीं होगी लेकिन दवाओं की डिलीवरी की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि आवश्यक सेवाओं के लिए दी गई वैध अनुमतियों का सम्मान किया जाएगा। वरिष्ठ अधिकारी ने यह भी बताया कि उच्चतम न्यायालय स्टेशन को छोड़कर मेट्रो सेवाएं प्रभावित नहीं होंगी। उन्होंने कहा कि वीआईपी आवाजाही और सुरक्षा प्रतिबंधों के कारण स्टेशनों पर 10-15 मिनट के लिए गेट बंद हो सकते हैं। लेकिन सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन के अलावा अन्य स्टेशनों पर मेट्रो सेवाएं प्रभावित नहीं होंगी।

यादव ने कहा कि जिन लोगों ने नई दिल्ली जिले में होटल बुक किए हैं, जो हवाई अड्डा या रेलवे स्टेशन से आ-जा रहे हैं, उन्हें यात्रा करने की अनुमति होगी। हालांकि, मांगने पर उन्हें अपनी टिकट, बुकिंग की जानकारी आदि वैध दस्तावेज दिखाने होंगे। उन्होंने कहा कि सुरक्षा प्रतिबंधों के कारण 10-15 मिनट की देरी हो सकती है लेकिन उन्हें प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। जी20 शिखर सम्मेलन 9-10 सितंबर को प्रगति मैदान में नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी केंद्र भारत मंडपम में आयोजित होने वाला है।

### एडीआर ने जारी की रिपोर्ट से जानकारी आई सामने

## कोरोना काल में लोग गरीब हुए, राजनीतिक दल अमीर

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 में भले ही कोरोना महामारी के चलते लगे लॉकडाउन के बाद रोजगार जाने या फिर फिर वेतन में कटौती के चलते लोगों की आय घटी हो, लेकिन इसी अवधि के दौरान देश के 8 प्रमुख राष्ट्रीय पार्टियों की संपत्ति में जोरदार उछाल देखने को मिली है। 2020-21 में इन 8 राजनीतिक दलों की संपत्ति 7297.618 करोड़ रुपए थी जो अगले ही वर्ष 2021-22 में बढ़कर 8829.158 करोड़ रुपये पर जा पहुंची। यानि केवल एक वर्ष में इन दलों की संपत्ति में 21 फीसदी के करीब बढ़ गई।

चुनाव सुधारों को लेकर काम करने वाली संस्था एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रैटिक रिफॉर्म्स ने ये आंकड़े जारी किए हैं। एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में 2020-21 और 2021-22 के दौरान 8 राष्ट्रीय राजनीतिक दलों की संपत्ति और देनदारी की समीक्षा करते हुए रिपोर्ट जारी की है। इन 8 राजनीतिक दलों में बीजेपी, कांग्रेस, एनसीपी, बीएसपी, सीपीआई, सीपीआईएम, टीएमसी और एनपीईपी शामिल है।



**एक साल में 1531 करोड़ बढ़ी संपत्ति**

**भारतीय जनता पार्टी है सबसे अमीर दल**

**भाजपा की 6046.81 करोड़ है संपत्ति**-एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि 2020-21 में भजपा ने कुल 4990.195 करोड़ रुपए की संपत्ति घोषित की थी जो एक वर्ष बाद 2021-22 में 21.7 फीसदी के उछाल के साथ 6046.81 करोड़ रुपए हो गई। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 2020-21 में 691.11 करोड़ रुपए की संपत्ति घोषित की थी जो 2021-22 में 16.58 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 805.68 करोड़ रुपए हो गई।

**बीएसपी की संपत्ति में आई गिरावट**-एडीआर के रिपोर्ट के मुताबिक बहुजन समाज पार्टी एक मात्र राष्ट्रीय दल है जिसकी संपत्ति में इस दौरान गिरावट देखने को मिली है। 2020-21 में बीएसपी की कुल संपत्ति 732.79 करोड़ रुपए थी जो 2021-22 में घटकर 690.71 करोड़ रुपए हो गई। टीएमसी की संपत्ति 2020-21 में 182.001 करोड़ रुपए थी जो 2021-22 में 151.70 फीसदी के उछाल के साथ 458.10 करोड़ रुपए हो गई।

## कुरान जलाए जाने के बाद स्वीडन में फिर बवाल!

### माल्मो शहर में फूंकी गईं गाड़ियां, जमकर पत्थरबाजी



**नई दिल्ली।** स्वीडन में कुरान जलाए जाने के एक मामले के बाद हिंसा भड़क गई है। पुलिस के मुताबिक स्वीडन के माल्मो शहर में कुरान की एक प्रति को जला दिया गया था।

हालांकि फिलहाल हालात को पुलिस ने काबू में करने की बात कही है। जनाकारी के मुताबिक इराकी शरणार्थी ने ऐलान किया था कि वो कुरान की प्रति को जलाने जा रहा है। जिसके बाद हिंसा भड़क गई। पुलिस ने मामले को लेकर कुछ लोगों को गिरफ्तार किया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बीते दिनों में स्वीडन में कुरान को जलाने की कई घटनाएं हुई हैं। सरकार ने इससे सख्ती से निपटने की बात भी कही है।सोमवार सुबह कुछ लोगों की गुस्साई भीड़ ने टायरों और मलबे में आग लगा दी और कुछ को माल्मो के रोसेनगार्ड पड़ोस में इलेक्ट्रिक स्कूटर, साइकिल और बाधाओं को फेंकते देखा गया, इससे पहले भी यहां इस तरह की घटनाएं हुई हैं। इस इलाके में कुरान जलाने से संबंधित कई बैनर भी लगे हुए हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पेट्रा स्टेनकुला ने कहा, मैं समझता हूं कि इस तरह की सार्वजनिक सभा माहौल खराब करती है और हम इसे कतई बर्दाश्त नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, रोसेनगार्ड में एक बार फिर हिंसा और बर्बरता देखना बेहद अफसोसजनक है। पिछले महीनों में इराक की एक शरणार्थी मोमिका ने स्टॉकहोम में इस्लाम विरोधी विरोध प्रदर्शनों की एक श्रृंखला में कुरान का अपमान किया था जिससे कई मुस्लिम देशों में गुस्सा पैदा हो गया है। एक पक्ष का कहना है कि स्वीडिश पुलिस ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हवाला देते हुए इसकी अनुमति दी थी।

## भारत आज से करेगा त्रिशूल युद्धाभ्यास

### 10 दिनों तक होगा बॉर्डर पर आयोजन



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में ऐतिहासिक जी20 समिट का आयोजन होने जा रहा है, जिसको लेकर तैयारियां लगभग पुरी हो चुकी हैं। इस बीच जी20 से पहले सोमवार (4 सितंबर) से इंडियन एयर फोर्स चीन-पाकिस्तान बॉर्डर पर युद्धाभ्यास शुरू करेगी। इस युद्धाभ्यास को त्रिशुल नाम दिया गया है। वहीं, चीन और पाकिस्तान पहले से ही संयुक्त रूप से शाहीन एक्स युद्धाभ्यास कर रहे हैं। वायुसेना का त्रिशुल युद्धाभ्यास आज से 10 दिनों तक चलेगा, जिसमें फुल रिहर्सल की जाएगी। वायुसेना इसमें दो मोर्चो पर युद्ध लड़ने की तैयारी करगी। पाकिस्तान और चीन से सटे बॉर्डर पर भारत के राफेल विमान से रिहर्सल की जाएगी। वहीं, वायुसेना के गरुड़ कमांडो फोर्स के स्पेशल जवान इस पूरे युद्धभ्यास को अंजाम देंगे।

त्रिशुल युद्धाभ्यास में प्रमुख फ्रंटलाइन में लड़ाकू जेट, हमलावर हेलीकॉप्टर, बीच हवा में ईंधन भरने वाले विमान और अन्य दूसरी ताकतवर हवाई हथियार शामिल होंगे। इस सैन्य अभ्यास में चिनूक और अपाचे सहित हल्के इंटरसेप्टर तक लड़ाकू विमान शामिल होंगे। अभ्यास में भारी-भरकम परिवहन विमान और हेलिकॉप्टर भी भाग लेंगे। अभ्यास में भाग लेने वाले लड़ाकू विमानों में राफेल, एसयू-30 एमकेआई, जगुआर, मिराज-2000, मिग-29 और मिग-21 बाइसन शामिल हैं।

जानकारी के मुताबिक, त्रिशुल अभ्यास भारत की उत्तरी सीमा पर 1,400 किलोमीटर के क्षेत्र में किया जाएगा। पंजाब सहित जम्मू कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के क्षेत्रों में त्रिशुल युद्धाभ्यास होगा। वायुसेना के जवान 14 सितंबर तक युद्ध की तमाम बारीकियों का अभ्यास करेंगे। युद्धाभ्यास 4 से 14 सितंबर तक किया जाएगा। त्रिशुल अभ्यास चीन और पाकिस्तान द्वारा शाहीन एक्स नाम के संयुक्त वायु सेना प्रशिक्षण अभ्यास के जैसा है। चीन और पाकिस्तान के का यह संयुक्त वायु सेना प्रशिक्षण अभ्यास अगस्त के अंत में शुरू हुआ और मध्य सितंबर तक जारी रहेगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### अडानी-हिंडनबर्ग मामला.....

उक्त 22 अंतिम जांच रिपोर्ट और 1 अंतरिम जांच रिपोर्ट को सेबी की मौजूदा प्रथा और प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किया गया है। इसमें कहा गया है कि एक शेष मामले के संबंध में, अंतरिम निष्कर्ष सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित हैं और सेबी ने बाहरी एजेंसियों या संस्थाओं से जानकारी मांगी है। इसमें कहा गया है, ऐसी जानकारी प्राप्त होने पर उक्त मामलों में आगे की कार्रवाई, यदि कोई हो, निर्धारित करने के लिए अंतरिम जांच रिपोर्ट के साथ उसका मूल्यांकन किया जाएगा। 14 अगस्त को सेबी ने जांच प्रक्रिया पूरी करने और मामले में स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए 15 दिनों का विस्तार मांगा था। बाजार नियामक ने तब कहा था कि उक्त 24 जांचों/परीक्षाओं में से 17 अंतिम और पूर्ण हैं और सेबी की मौजूदा प्रथा और प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित हैं। इससे पहले, भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अदानी-हिंडनबर्ग मामले के संबंध में न्यायालय द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ समिति द्वारा की गई विभिन्न सिफारिशों पर सुप्रीम कोर्ट के समक्ष विचार व्यक्त किया था। **संविधान में निष्ठा का हलफनामा दाखिल करे लोन**-सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के खिलाफ दायर याचिकाओं में मुख्य याचिकाकर्ताओं में से एक और कथित तौर पर जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वाले नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के नेता मोहम्मद अकबर लोन से सोमवार को कहा कि उन्हें एक संक्षिप्त हलफनामा दाखिल करना होगा, जिसमें पुष्टि की जाएगी कि केंद्र शासित प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और वह भारत के संविधान का पालन करते हैं और उसके प्रति निष्ठा रखते हैं।

### तीन अधिकारियों और .....

एक सितंबर को ग्रुप सेंटर काठगोदाम में एसआई नरेश कुमार ने आत्महत्या कर ली। वे यूपी के रहने वाले थे। दो सितंबर को जम्मू कश्मीर स्थित सी/4 बटालियन के हवलदार विशिष्ट नारायण यादव ने आत्महत्या कर ली। वे बिहार के रहने वाले थे। दो सितंबर को श्रीनगर स्थित 54वीं बटालियन के सिपाही संजय कुमार ने अपना जीवन समाप्त कर लिया। वे दिल्ली के रहने वाले थे। 4 सितंबर को भोपाल स्थित डी/107 बटालियन के सिपाही मोगली सुधाकर ने अपना जीवन समाप्त कर लिया। वे तेलंगाना के रहने वाले थे।

**पांच साल में 654 से ज्यादा जवानों ने की आत्महत्या**-केंद्रीय अर्धसैनिक बलों सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, सीआईएसएफ, असम राइफल्स और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड में जवानों व अधिकारियों द्वारा आत्महत्या करने के मामले कम नहीं हो पा रहे हैं। गत पांच वर्ष में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के 654 से अधिक जवानों ने आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या करने वालों में ष्ट्रक्र के 240, बीएसएफ के 174, सीआईएसएफ के 89, एसएसबी के 64, आईटीबीपी के 51, असम राइफल के 43 और एनएसजी के 3 जवान शामिल हैं। बजट सत्र के दौरान गृह मंत्रालय की संसदीय समिति ने अपनी 242 वीं रिपोर्ट में कहा था कि आत्महत्या के केस, बल की वर्किंग कंडीशन पर असर डालते हैं। सेवा नियमों में सुधार की गुंजाइश है। जवानों को प्रोत्साहन दें। रोटेशन पॉलिसी के तहत पोस्टिंग दी जाए। लंबे समय तक कठोर तैनाती न दें। ट्रांसफर पॉलिसी ऐसी बनाई जाए कि जवानों को अपनी पसंद का ड्यूटी स्थल मिल जाए। अगर ऐसे उपाय किए जाते हैं तो नौकरी छोड़कर जाने वालों की संख्या कम हो सकती है।

**50155 कर्मियों ने जॉब को अलविदा कह दिया**-अगर पिछले पांच वर्ष की बात करें तो सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, सीआईएसएफ और असम राइफल्स में 50155 कर्मियों ने जॉब को अलविदा कह दिया है। संसदीय स्थायी समिति ने अपनी रिपोर्ट में यह सिफारिश भी की है कि सीएपीएफ में वर्किंग कंडीशन को बेहतर बनाया जाए। खाली पदों को शीघ्रता से भरा जाए। संसद सत्र में इस विषय को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा था, इस बात का प्रयास चल रहा है कि सीएपीएफ कार्मिक अपने परिवारों के साथ यथासंभव प्रतिवर्ष 100 दिन बिता सकें। इन बलों में आत्महत्याओं और भ्रातृहत्याओं को रोकने के लिए जोखिम के प्रासंगिक घटकों एवं प्रासंगिक जोखिम समूहों की पहचान करने तथा उपचारात्मक उपायों से संबंधित सुझाव देने के लिए एक कार्यबल का गठन किया गया है। कार्यबल की रिपोर्ट तैयार हो रही है। सीएपीएफ में तबादले और छुट्टी को लेकर पारदर्शी नीतियां बनाई जा रही हैं। कठिन क्षेत्रों में सेवा करने के पश्चात यथासंभव उसकी पसंदीदा तैनाती पर विचार किया जाता है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**

**// निविदा सूचना // (6th Call)**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | न.नि.ज./प्रकाश/2023-24/ 22/पी.आर.ओ./364 दिनांक 04.09.2023 | नगर पालिक निगम जबलपुर वार्ड क्रमांक 72 में विभिन्न स्थानों पर प्रकाश व्यवस्था के कार्य हेतु। | 02 माह एवं 2488709.00 | 5000.00 एवं 18665.00 | 21/09/2023 |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन-लाईन https://mptender.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री (विद्युतीय) नगर पालिक निगम, जबलपुर**



**फौती नामांतरण**

**न्यायालय तहसीलदार राांझी जबलपुर**

रा.प्र.क्र./0648/अ-6/2023-24

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुन्नी बाई कोरी/स्व. किशनलाल कोरी नि.- न्यू कंचनपुर अधारताल ने नजूल ब्लाक नं. .... प्लाट नं. .... निर्मित रकवा/रकवा .... व.फु./ अवि.हिस्सा...ग्राम भडपुरा प.ह.नं. ... खसरा नं. 58, 59, 60, 61/2 रकवा 810 व.फु./हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक दिनांक 21/10/2003 मृत्यु दिनांक 15/06/2017 को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र शपथपत्र खसरा की छाया प्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. ... प्लाट नं. ... निर्मित रकवा/रकवा ... व.फु./अवि. हिस्सा.../ ग्राम भडपुरा प.ह.नं. ... खसरा नं. 58, 59, 60, 61/2 रकवा 810 व.फु./हे. किशन लाल कोरी / स्व. लल्लू कोरी के नाम दर्ज है।

अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 15/09/2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 08/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**जारी दिनांक 08/08/2023**
**पेशी दिनांक 15/09/2023**

**तहसीलदार**
**रांझी जबलपुर**

र.नं.- 1103



**आम सूचना**

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार क्रमांक-1 श्री पीयूष जैन पिता श्री पवन कुमार जैन क्रमांक-2 श्रीमती शुचि जैन पति श्री पीयूष जैन भवन क्रमांक-371, प्लाट रकवा- 510 एवं भवन क्रमांक- 372 जिसका प्लाट रकवा- 561 वर्गफुट कुल प्लाट रकवा- 1071 वर्गफुट शिवनगर कॉलोनी दमोहनाका तहसील व जिला जबलपुर म.प्र. हाउसिंग बोड कॉलोनी में 1- अखिलेश कपिले पिता श्री त्रयंबक रावे कपले और 2- त्रयंबक तुलसीराम जी कपले पिता स्व. श्री त्रयंकब रावे कपले और 2- त्रयंबक तुलसीराम जी कपले पिता स्व. श्री तुलसीराम कपले से उपरोक्त प्लाट क्रय करने का इकरारनामा किया है। जिस किसी व्यक्ति बैंक या वित्तीय संस्थान को संपत्ति के क्रय विक्रय में आपत्ति हो सूचना के प्रकाशित होने के 15 दिवस के भीतर मुझसे प्रमाण सहित संपर्क करें समय सीमा पश्चात किसी भी आपत्ति दावा को मान्य नहीं किया जायेगा एवं मेरे पक्षकार उक्त अवधि के पश्चात संपत्ति की रजिस्ट्री कराने के लिये स्वतंत्र रहेंगे।**

**प्रवीण कुमार जैन,**
**म.प्र. हाईकोर्ट जबलपुर**
**आफिस/निवास- 769, शिवनगर**
**दमोहनाका जबलपुर म.प्र.**
**मो.नं. 8989431959, 7999242444**

र.नं. 1102



**निविदा आमंत्रण सूचना (ई-पद्धति)**

**मध्य प्रदेश शासन, नर्मदा घाटी विकास विभाग**

**कार्यालय मुख्य अभियंता रानी अवंती बाई लोधी सागर, परियोजना बरगी हिल्स, जबलपुर (म.प्र.)**

ज्ञाप क्रं. 11/ए/सा-2/2023-24 दिनांक 29.08.2023

मध्य प्रदेश पी.डब्ल्यू.डी. विभाग में केन्द्रीयकृत प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों एवं अपंजीकृत ख्याति प्राप्त फर्में जो पंजीकरण मापदण्डों को पूरा करती हैं, से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन प्रतिशत दरों में निविदा आमंत्रित की जाती है-

| सं. क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रुपये में) | धरोहर राशि (रुपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में) | कार्य पूर्ण करने अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7 |
| 1. | 24/सा./मु.अ./ 2023-24 दिनांक 28/08/2023 (प्रथम आमंत्रण) | जिला-जबलपुर के अंतर्गत रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना की बांयी तट मुख्य नहर की आर.डी. 5.00 कि.मी. से आर.डी. 63.420 कि.मी., पाटन शाखा नहर, पाटन उपशाखा नहर, बेलखेड़ी वितरण नहर, नगना वितरण नहर, खजूरी वितरण नहर की आर. डी. 8.00 कि.मी. से आर.डी. 26.00 कि.मी. के मध्य मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रु. 50.09 लाख (रू. पचास लाख नौ हजार मात्र) (यू.सी.एस.आर. 01/09/2017 एवं संशोधन दिनांक 09/03/2021 पर लागू) | रु. 51000/- (रू. इनक्यावन हजार मात्र) | रु. 5000/- (रू. पांच हजार मात्र) | 12 माह वर्षाकाल सहित |

1. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये www.mptenders.gov.in. का अवलोकन करें। 2. निविदा प्रपत्र डेबिट कार्ड या इन्टरनेट एकाउंट से भुगतान करने के उपरांत केवल ऑनलाइन निविदा क्रय की जा सकती है। 3. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक एवं समय- दिनांक 12.09.2023 17.30 बजे तक। 4. निविदा में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो वह केवल वेबसाईट पर दर्शाया जायेगा। समाचार पत्र में नहीं।

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

**(डी.एल. वर्मा) मुख्य अभियंता**
**रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना बरगी हिल्स, जबलपुर**

G-19210/23



**शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड**

कार्पोरेट कार्यालय - 425, उद्योग विहार फेस- IV, गुड़गांव -122015 (हरियाणा)
फोन- 0124-4212530/31/32, ईमेल:- customercare@shubham.co, वेबसाईट - www.shubham.co

**आधिपत्य सूचना (अचल संपत्तियों के लिए)**

**जहां कहीं शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड (यहां आगे शुभम कहा जायेगा) के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने सिक्यूरिटाइजेशन एंड रिकन्स्टक्शन ऑफ फायनेंसियल एस्सेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंट्रस्ट एक्ट, 2002 एवं के साथ सपठित सिक्यूरिटी इंट्रस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के नियम 3 के साथ सपठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित ऋणकर्ताओं को ऋण राशि को उपरोक्त सूचना की प्राप्ति के दिनांक से 60 दिवस के अंदर पुर्नभुगतान हेतु नोटिस जारी किया था।**

ऋणकर्ता राशि का पुर्नभुगतान करने में असफल रहे हैं ऋणकर्ताओं को एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप से इस एतद सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उपरोक्त कानून के नियम 8 के साथ उपरोक्त कानून की धारा 13 (4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए वर्णित संपत्ति का अधिग्रहण कर लिया है।

ऋणकर्ताओं को विशेष रूप में एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार ना करें एवं इन संपत्तियों के साथ व्यवहार शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड के साथ नीचे दर्शाई राशि एवं उस पर ब्याज के विषयानुसार होगा।

ऋणकर्ता के ध्यानार्थ, धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के अंतर्गत उपलब्ध समयसीमा में सुरक्षित संपत्ति वापस प्राप्त करने हेतु आमंत्रित किया जाता है। विवरण नीचे दिया गया है:-

| स. क्र. | ऋण खाता क्रं., ऋणकर्ता (ओं) का नाम | मांग सूचना दिनांक एव राशि | सुरक्षित संपत्ति | चस्पा की दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लोन नं. 0JBL1912000005025124, सतीश कुमार साहू, जया | 20-06-2023 & ₹ 3,99,461/- | मौजा पुरवा एनबी नं. 162 प.ह. नं. 33/ 28, न्यू 07 आरएनएम जबलपुर 1 खसरा नं. 75 महाराणा प्रताप वार्ड 16 समृद्धि होम्स के पास, भूकम्प कॉलोनी प्लॉट नं. 10 तह एवं जिला जबलपुर म.प्र. 482002 | 01-09-2023 |

पता : गुड़गांव
दिनांक : 04.09.2023

प्राधिकृत अधिकारी
शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड



**कार्यालय कैलाश गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. जबलपुर पं.क्र. 18**

क्र./निर्वाचन/2023 दिनांक-04/09/2023

**वार्षिक आमसभा की सूचना**

कैलाश गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. जबलपुर पं. क्रं. 18 के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिनांक 24/09/2023 को दोपहर 2 बजे दिन रविवार को देशबन्धु काम्पलेक्स दूकान नं. 4 रसल चौक जबलपुर में आयोजित की गई है। सभी सदस्यों की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

जबलपुर, दिनांक -04/09/2023

**(अकलंक जैन)**
**अध्यक्ष**
**कैलाश गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. जबलपुर**



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन), लोक निर्माण विभाग, मण्डला (भवन)**

NIT NO. 23/2023/Centralized Tender/G/APD JABALPUR, DATED 28.08.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली पतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :

| क्रं. | पोर्टल टेंडर क्रं. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित लागत पी.ए.सी. लाख में | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय वर्षा काल सहित | कार्यालय का नाम जहां ई.एम.डी. एवं बिड प्राप्त की जावेगी | निविदा की श्रेणी /निविदा कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. |
| 1. | 2023_PWPIU_303624_1 | मण्डला जिले में विभिन्न कार्यों हेतु सुपरविजन एवं क्वालिटी कंट्रोल का कार्य | 150.00 | 150000/- | 12500/- | 24 माह वर्षाकाल सहित | मुख्य अभियंता (भवन) लो.नि.वि. परिक्षेत्र-जबलपुर | मुख्य वास्तुविद में इम्पैनल्ड/ पंजीकृत (प्रथम कॉल) |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 01.09.2023 समय 09.00 बजे से दिनांक 15.09.2023 समय 18.00 बजे तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी-19174/23

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

**कार्यपालन यंत्री (भवन)**
**लोक निर्माण विभाग, मण्डला (म.प्र.)**

# देश-प्रदेश

उवाच

## अर्धसैनिक बल और दिल्ली पुलिस संभालेगी मोर्चा- मीनाक्षी लेखी

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में जी- 20 बैठक को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं, यहां तक कि सुरक्षा इंतजामों का भी बार-बार जायजा लिया जा रहा है। इसी बीच, केंद्रीय विदेश और संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने जी- 20 शिखर सम्मेलन में सुरक्षा के लिए किए गए इंतजामों को साझा किया। उन्होंने कहा कि अर्धसैनिक बल, दिल्ली पुलिस और कई अन्य लोग सुरक्षा कार्यों में लगे हुए हैं और उन्होंने कहा कि राजधानी सुरक्षित और संरक्षित होनी चाहिए।



### नीमच में जनआशीर्वाद यात्रा में उमड़ा जन सैलाब, राजनाथ बोले

# राजनीति के धोनी हैं शिवराज



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान ने संवेदनशील मुख्यमंत्री के रूप में जनता का सेवक बनकर कार्य किया है। उनकी जनसेवा के कारण प्रदेश बीमारू राज्य की श्रेणी से बाहर आकर विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है। यह बात केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कही। वह आज नीमच में जन आशीर्वाद यात्रा के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उमड़े जन समुदाय को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने व अन्य नेताओं को जन आशीर्वाद यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। केंद्रीय रक्षा मंत्री ने मुख्यमंत्री के कार्यों की तारीफ करते हुए कहा शिवराज सिंह चौहान राजनीति के धोनी हैं। वे वर्षों से जनता की सेवा कर रहे हैं। जनता से उनका अपनापन है। वे गरीबों का ध्यान रखते हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश को विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2001-02 में मध्यप्रदेश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 71 हजार 594 करोड़ था, जो आज 2023 में 13 लाख 22 हजार करोड़ से अधिक हो चुका है। इसी तरह 20 सालों में मध्यप्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 11 हजार 718 से बढ़कर एक लाख 40 हजार अर्थात 10 गुना बढ़ चुकी है। भारत की गरीबी को कम करने में मध्यप्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान है। भारत की अर्थ-व्यवस्था में मध्यप्रदेश 4.8 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। ऐसे योगदान से ही भारत दुनिया में पांचवीं बड़ी अर्थ-व्यवस्था बन गया है। आने वाले समय में हम टॉप थ्री में रहेंगे।

उन्होंने कहा कि एक गरीब इंसान के लिए सबसे बड़ी जरूरत अपना घर होता है। प्रदेश में पूर्व सरकार ने केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में स्वीकृत 8 लाख आवास में से 2 लाख आवास लौटा दिए थे। साथ ही केंद्रीय योजनाओं को अवरुद्ध करने का कार्य किया था। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कोरोना के समय वेक्सीन की व्यवस्था कर भारत सहित अन्य सौ से अधिक देशों का कल्याण किया। वे विश्व की धरा पर रहने वाले सभी लोगों को अपना मानते हैं। वसुधैव कुटुम्बकम् का संदेश भारत ने ही दिया है। उन्होंने कहा कि श्री सिंह ने कहा कि नीमच सहित संपूर्ण मालवा क्षेत्र मध्यप्रदेश का आर्थिक इंजन माना जाता है।

जब मालवा का विकास होता है तो मध्यप्रदेश भी आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की धरती है। पास में ही महू है, जहां बाबा साहब का जन्म हुआ था। वे चाहते थे प्रत्येक गरीब, दलित, वंचित, शोषित को सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार मिले। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, सांसद सुधीर गुप्ता प्रदेश शासन के मंत्री जगदीश देवडा, सुश्री उषा ठाकुर, ओमप्रकाश सखलेचा, मोहन यादव, हरदीप सिंह डंग, सांसद सुधीर गुप्ता, जन आशीर्वाद यात्रा संभाग संयोजक बंशीलाल गुर्जर, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, सह संयोजक तेजबहादुर सिंह, जिलाध्यक्ष पवन पाटीदार, नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार, मंदसौर विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया, अनिरूद्ध माधव मारू, पूर्व मंत्री व विधायक कैलाश चावला, गुजरात के पूर्व भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वाघानी, पूर्व विधायक श्रीचंद्र कृपलानी, जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जन सिंह चौहान, प्रदेश मंत्री क्षितिज भट्ट, प्रदेश प्रवक्ता राजपाल सिंह सिसौदिया, कैलाश चावड़ा, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चोपड़ा, संभागीय मीडिया सह प्रभारी सचिन सक्सेना सहित प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी उपस्थित थे।

### *नीमच बनेगा वर्ल्ड क्लास स्टेशन : वैष्णव*

*केन्द्रीय रेल मंत्री व प्रदेश सह चुनाव प्रभारी अश्विनी वैष्णव ने नीमच में यात्रा के शुभारंभ के बाद यात्रा जावद पहुंची, जहां सभा में तब्दील हो गई। इस अवसर पर श्री वैष्णव ने नीमच को रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड क्लास स्टेशन बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अकोदिया, बेरछा, मंदसौर, खंडवा, शाजापुर, श्यामगढ़, विक्रमगढ़ आलोट, मक्सी, नेपानगर सहित प्रदेश के 82 स्टेशनों को भी वर्ल्ड क्लास स्तर का बनाया जाएगा। उन्होंने जनसमूह से भाजपा को प्रचंड बहुमत से जिताने का आग्रह किया।*

### मुख्यमंत्री बोले- मैं कमलनाथ थोड़े ही हूं जो कह दूं कि हमारे पास पैसे ही नहीं

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में सूखा पड़ा है, लेकिन मैं हाथ पर हाथ धरकर नहीं बैठूंगा, सूखे का संकट आया तो मैं उसके पार भी ले जाऊंगा। उन्होंने तंज कसा और कहा कि मैं कमलनाथ थोड़े ही हूं जो कह दूं कि हमारे पास पैसे ही नहीं हैं।

उन्होंने पूर्व सरकार द्वारा जनता के प्रत्येक कार्य में पैसा न होने की बात की आलोचना की और कहा कि नीमच, मंदसौर सहित प्रत्येक जिले में विकास के कार्य हुए हैं। श्री चौहान ने कहा कि सरकार ने जहां शानदार सड़कों का निर्माण किया, मेडिकल कॉलेज शुरू किए, शहरों का सौंदर्यीकरण किया, वहीं सिंचाई योजनाओं को शुरू किया गया। श्री चौहान ने कहा कि हाल ही में रामपुर मनासा उद्वहन सिंचाई योजना का शिलान्यास हुआ है। मुख्यमंत्री ने 32 सौ करोड़ की नीमच-जावद सूक्ष्म सिंचाई योजना स्वीकृत करने की घोषणा की। श्री चौहान ने जनता के कल्याण को अपना प्रमुख बताया।

### विधानसभा चुनाव में होगी ऐतिहासिक जीत : शर्मा

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि 2003 के पहले मध्यप्रदेश को बीमारू प्रदेश के नाम से पुकारा जाता था, इसके बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी। जनता के आशीर्वाद से इन 20 साल में भाजपा सरकार ने मध्यप्रदेश को विकसित प्रदेश बनाया है, 2023 के विधानसभा चुनाव में भी जनता का आशीर्वाद भाजपा को मिले, इसके लिए जन आशीर्वाद यात्रा लेकर हम सब आपके बीच में है। यात्रा में उमड़ा जनसैलाब बताता है कि भाजपा को अपना अपार स्नेह और आशीर्वाद प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्ण विश्वास है कि भाजपा सरकार की नीतियों, संगठन तंत्र के बल पर व जनता के आशीर्वाद से आगामी विधानसभा चुनाव में हम ऐतिहासिक जीत हासिल करेंगे।*

### ब्लाक कांग्रेस अध्यक्षों का सम्मेलन आयोजित, कमलनाथ बोले-

# कांग्रेस की असली ताकत कार्यकर्ता

### मतदाता सूची पर ध्यान दें, गलत नाम हटवाएं



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि कांग्रेस की असली ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता हैं, कांग्रेस इन्ही कार्यकर्ताओं की बदौलत जिंदा है। उन्होंने इस बात को गर्वांवित अंदाज में कहा कि आप कार्यकर्ता संगठन की नींव हैं और मध्यप्रदेश कांग्रेस का संगठन देश का सबसे मजबूत संगठन है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की नींव ब्लाक कांग्रेस, मण्डलम, सेक्टर के सदस्य हैं और ब्लाक मण्डल सेक्टर के कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत है। आप सब ही हमारा सुरक्षा कवच हैं। वह आज रविन्द्र भवन में आयोजित ब्लाक कांग्रेस अध्यक्षों के सम्मेलन में बोल रहे थे।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को चुनावी कार्य समझाएं बताया कि अगले 3 महीने में मण्डल सेक्टर की बैठक कर उनको प्रशिक्षित करना आपका प्रमुख काम है। संगठन का यूनिट मंडल सेक्टर है। क्योंकि मण्डल अध्यक्ष का सीधा सम्पर्क गांव के लोगो से होता है। श्री कमलनाथ ने कहा कि हमने पूरे प्रदेश में बीएलए बनाए हैं, बीएलए जो वोटर लिस्ट को लेकर कार्य कर रहे हैं। भाजपा वोटर लिस्ट की राजनीति कर रही है, आप वोटर लिस्ट पर ध्यान दीजिए, कौन से नाम गलत जुड़े हैं उनको हटवायें। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा समय था जब भाजपा के पास बूथ में बैठने के लिए एजेंट नहीं हुआ करता था। कमलनाथ ने सोशल मीडिया के पर सक्रिय रहने की सलाह भी कार्यकर्ताओं को दी। साथ ही आगामी 7 तारीख को भारत जोड़ो यात्रा का एक साल पूरा होने पर कार्यक्रम आयोजित करने की सलाह भी उन्होंने कार्यकर्ताओं को दी।

### आरोप पत्र घर-घर पहुंचाएं : सुरजेवाला

अभा कांग्रेस के महासचिव और मध्यप्रदेश के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने मतदान केन्द्रों पर जाकर मजबूती से काम करने की आवश्यकता जताई है। वहीं उन्होंने कहा कि जो आरोप पत्र हाल में कांग्रेस ने जारी किया था, जिसमें भाजपा सरकार के 250 घोटालों का जिक्र है, उसको घर-घर पहुंचाएं और भाजपा की जनविरोधी नीतियों को उजागर करें। कमलनाथ द्वारा की गई घोषणाएं, कांग्रेस सरकार आने पर सौ रुपए में सौ यूनिट मुफ्त, 2 सौ यूनिट पर आधा बिल, 15सौ रुपए महिलाओं को, पुरानी पेंशन बहाली, 5 सौ रुपए में गैस सिलेण्डर, किसान कर्जमाफी, किसानों को लिए 5 बड़ी घोषणाएं, जिसमें उनके पंपों के बिजली बिल माफ जैसी तमाम घोषणाएं जो कांग्रेस सरकार आने पर दी जाएगी, का प्रचार घर-घर तक पहुंचाएं।

# केन्द्रीय गृहमंत्री शाह आज मंडला और श्योपुर में जन आशीर्वाद यात्रा का करेंगे शुभारंभ



**भोपाल, देशबन्धु।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जी 5 सितंबर को मंडला और श्योपुर में भारतीय जनता पार्टी की जन आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ करेंगे। केन्द्रीय गृहमंत्री श्री शाह दोनों स्थानों पर जनसभा को संबोधित करेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह 5 सितंबर की सुबह 11.40 बजे जबलपुर विमानतल पर पहुंचेंगे। श्री शाह यहां से रवाना होकर 12.20 बजे मंडला पहुंचेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री दोपहर 12.25 बजे जन आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ कर जनसभा को संबोधित करेंगे।

वहीं दोपहर 2.30 बजे जबलपुर विमानतल से रवाना होकर अपरान्ह 3.35 बजे ग्वालियर विमानतल पहुंचेंगे और यहां से श्योपुर के लिए रवाना होंगे। केन्द्रीय गृहमंत्री श्री शाह 4.40 बजे श्योपुर पहुंचकर जन आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ करेंगे एवं जनसभा को संबोधित करेंगे। 6.30 बजे फिर ग्वालियर विमानतल पहुंचकर नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

## नेपाल को हराकर भारत एशिया कप के सुपर-4 में पहुंचा

**कैंडी।** टीम इंडिया ने एशिया कप 2023 के सुपर-4 राउंड में प्रवेश कर लिया है। अब टीम का मुकाबला 10 सितंबर को पाकिस्तान से होगा।

भारत ने सोमवार को नेपाल की टीम को 10 विकेट से हराया। इस जीत के साथ पॉइंट्स टेबल में भारत के नाम 3 अंक हो गए हैं। इस ग्रुप से पाकिस्तान टीम 3 पॉइंट्स के साथ पहले ही सुपर-4 के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। नेपाल दोनों मैच हारकर बाहर हो गया।

कैंडी के पल्लेकेले क्रिकेट स्टेडियम में नेपाल ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 48.2 ओवर में 230 रन बनाए। जवाब में भारत ने 2.1 ओवर में 17 रन बनाए थे कि बारिश आ गई। ऐसे में अंपायर्स ने भारत को डक्स्स मैथड के तहत 23 ओवर में 145 रन का रिवाइज्ड टारगेट दिया, जिसे रोहित-गिल की जोड़ी ने 20.1 ओवर में हासिल कर लिया। कप्तान रोहित शर्मा 74 और शुभमन गिल 63 रन पर नाबाद रहे।



## भाजपा अध्यक्ष नड्डा और केन्द्रीय मंत्री सिंधिया से मिले शुक्ल

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा अध्यक्ष एवं सांसद जे.पी. नड्डा से नई दिल्ली में जनसंपर्क एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने शिष्टाचार भेंट की। मंत्री श्री शुक्ल ने पुष्प-गुच्छ एवं शाल से सांसद श्री नड्डा का अभिवादन किया और विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

श्री शुक्ल ने नई दिल्ली में केन्द्रीय नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से सौजन्य भेंट की। जनसंपर्क मंत्री श्री शुक्ल ने मंत्री बनने के बाद केन्द्रीय नागरिक विमानन मंत्री से पहली मुलाकात में निर्माणाधीन रीवा एयरपोर्ट के बारे में चर्चा की। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने निर्माणाधीन एयरपोर्ट के लिये राज्य शासन द्वारा पर्याप्त जमीन अधिग्रहण कर भारतीय विमानन प्राधिकरण को समय पर उपलब्ध करवाने की प्रशंसा की।

### प्रदेश के मुख्य चुनाव पदाधिकारी ने किया स्वागत

# मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अगुवाई में भोपाल पहुंचा केन्द्रीय दल

**भोपाल, देशबन्धु।** केन्द्रीय निर्वाचन दल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अगुवाई में सोमवार को भोपाल पहुँचा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने पुष्प-गुच्छ के साथ मुख्य चुनाव आयुक्त श्री कुमार एवं उनके दल का स्वागत किया। मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल, अनूप चंद्र पाण्डे, महानिदेशक निर्वाचन सुश्री डॉ. नीता वर्मा, उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू एवं सचिव निर्वाचन पवन दीवान भी भोपाल आए हैं।

केन्द्रीय निर्वाचन दल 6 सितंबर तक प्रदेश में रहेगा। दल प्रदेश में आगामी चुनाव के दृष्टिगत निर्वाचन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप शांतिपूर्ण चुनाव के लिए कानून-व्यवस्था की समीक्षा करेगा। साथ ही स्वीप गतिविधियों से संबंधित कार्यक्रमों में भाग लेगा। एयरपोर्ट पर स्वागत के लिए प्रदेश के संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राकेश सिंह, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद शुक्ल एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर भोपाल आशीष सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



## बंगाल विधानसभा में राज्यपाल के खिलाफ प्रस्ताव ला सकती है तृणमूल

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में गवर्नर हाउस और राज्य सचिवालय के बीच खींचतान और बढ़ने की आशंका है क्योंकि तृणमूल कांग्रेस राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस के कामकाज के खिलाफ विस्तारित मानसून सत्र के आखिरी दिन गुरुवार को विधानसभा में एक विशेष प्रस्ताव लाने पर विचार कर रही है। यह संभावित निर्णय सोमवार सुबह राजभवन द्वारा उन 16 राज्य विश्वविद्यालयों में अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति के राज्यपाल के फैसले की घोषणा के बाद आया है, जो पिछले कुछ समय से बिना कार्यात्मक प्रमुख के चल रहे थे। इससे पहले गवर्नर हाउस ने रविवार को एक और अधिसूचना जारी की थी जिसमें कहा गया था कि राज्य सरकार या राज्य शिक्षा विभाग का कोई भी निर्देश किसी भी राज्य विवि के किसी भी संकाय या गैर-संकाय कर्मचारियों के लिए बाध्यकारी नहीं है। राज्यपाल की कार्यप्रणाली की निंदा करते हुए एक विशेष प्रस्ताव लाने का संकेत देते हुए शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने कहा कि अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा लिया जाएगा। बोस के पूर्ववर्ती और वर्तमान भारतीय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के कार्यकाल के दौरान भी, सत्तारूढ़ दल ने उनके खिलाफ इसी तरह का प्रस्ताव पेश किया था। इस बीच, भाजपा के एक विधायक ने कहा कि जब जुलाई में विधानसभा का मानसून सत्र फिर से शुरू हुआ था, तब सत्ता पक्ष ने इसी तरह का संकेत दिया था कि राज्यपाल के खिलाफ प्रस्ताव लाया जा सकता है।

### दिग्विजय के नेतृत्व में चुनाव आयोग पहुंचा प्रतिनिधिमंडल


# एक हजार से कम अंतर की जीत पर दोबारा हो मतों की गिनती



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश भर में मतदाता सूची अपडेट की जाए। फर्जी नाम हटाए जाएं, मतदाता सूची कलर प्रिंट में निकाली जाए, मतदाता सूची की स्लिप को मतदाता को दी जाए, मतदान के बाद फार्म सी दिया जाए और जहां पर 1 हजार से कम वोट से कोई प्रत्याशी जीतता है, वहां पर दोबारा गिनती की जानी चाहिए।

यह सुझाव आज राजनैतिक दलों की बैठक में शामिल होने दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में चुनाव आयोग पहुंचे कांग्रेस के 4 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने दिए। वहीं नाम जोड़ने घटाने की प्रक्रिया चुनाव पूर्व में की जानी चाहिए। चुनाव के दौरान शासकीय खर्चे के हिसाब से चुनावी खर्च की दरें तय करने की बात कही। दरअसल भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शिविर लगाया गया है, जिसमें सभी राजनैजिक दलों को बुलाया गया था, जिसमें चुनाव को लेकर इन दलों के नेताओं से सुझाव मांगे गए थे। जिसमें शामिल होने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष और चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जे.पी. धनोपिया, महेन्द्र जोशी, अजय गुप्ता आदि का एक प्रतिनिधि मंडल बैठक में शामिल हुआ। चुनाव आयोग के समक्ष पार्टी की तरफ से श्री सिंह सहित प्रतिनिधि मंडल में शामिल अन्य कांग्रेस नेताओं ने अपना पक्ष रखा। श्री धनोपिया ने इस दौरान कहा कि भाजपा द्वारा 39 प्रत्याशी घोषित किए गए हैं, शिवराज सिंह चौहान खुद शासकीय खर्चे पर प्रचार कर रहे हैं, उस पर रोक लगाई जानी चाहिए। प्रत्याशी के चुनाव खर्च पर रोक लगाई जाना चाहिए। इन प्रत्याशियों द्वारा की जा रही राशि का खर्च चुनाव खर्च में जोड़ा जाना चाहिए। अधिकारियों को चुनाव प्रचार से दूर रखा जाना चाहिए। इकबाल सिंह बैस जो कि पोषण आहार योजना के अंतर्गत घोटाले में संलिप्त लाए गए हैं कि लोकायुक्त में शिकायत की गई है, उन्हें तत्काल हटाया जाना चाहिए। विधानसभा चुनाव पूरी तरह से निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से संपन्न कराए जाना चाहिए।

# प्रत्याशी चयन के लिए गठित छानबीन समिति में पचौरी, यादव और अजय सिंह को किया शामिल





**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में प्रत्याशी चयन के लिए जितेन्द्र भंवर सिंह की अध्यक्षता में गठित छानबीन समिति में प्रदेश के 3 और नेताओं को शामिल किया गया है। इन नेताओं में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, अरुण यादव और पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह शामिल हैं। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि इन नेताओं को विशेष आमंत्रित सदस्य के तौर पर आमंत्रित किया गया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण यादव को कांग्रेस कार्यसमिति में शामिल किए जाने की संभवना जताई जा रही थी, लेकिन विंध्य क्षेत्र से आने वाले पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल को कांग्रेस कार्यसमिति में शामिल किया गया है। यही नहीं उन्हें चुनाव समिति और छानबीन समिति का सदस्य बनाया गया। पटेल को महत्व दिए जाने से विंध्य के प्रमुख कांग्रेस नेता एवं विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह की उपेक्षा किए जाने का संदेश गया था। वहीं श्री पचौरी को टिकट बंटवारे में महत्वपूर्ण भूमिका वाली छानबीन समिति में शामिल न करने से उनकी भी उपेक्षा हुई थी। आसन्न चुनाव को देखते हुए कांग्रेस आलाकमान ने इस स्थिति को भांपकर अब इन तीनों नेताओं को छानबीन समिति में शामिल कर महत्व दिया है।

### राहुल नीदरलैंड के विवि में व्याख्यान देंगे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी, जो 7 से 11 सितंबर तक तीन यूरोपीय देशों की अपनी यात्रा के दौरान कई कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए तैयार हैं, वे 10 सितंबर को नीदरलैंड के लीडेन विश्वविद्यालय में एक व्याख्यान कार्यक्रम में भी भाग लेंगे। पार्टी के एक नेता के मुताबिक, राहुल गांधी 'दुनिया में भारत' विषय पर एक व्याख्यान कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

# मणिपुर के मुख्यमंत्री ने एडिटर्स गिल्ड के खिलाफ कराई एफआईआर

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने सोमवार को एडिटर्स गिल्ड के सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। गिल्ड पर राज्य में हिंसा को बढ़ावा देने की कोशिश का आरोप है।

इसने एक रिपोर्ट में सरकार की लीडरशिप को पक्षपाती बताया था। बीरेन सिंह ने गिल्ड के तीन सदस्यों पर मामला दर्ज कराया है। इन तीनों के नाम सीमा गुहा, भारत भूषण और संजय कपूर हैं। इस मामले में एडिटर्स गिल्ड की तरफ से अब तक कोई रिएक्शन नहीं आया है।

मुख्यमंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मैं एडिटर्स गिल्ड के सदस्यों को चेतावनी देता हूं। अगर आपको सच जानना है तो घटना वाली जगह पर जाएं। सच्चाई को जानिए। सभी समुदाय के लोगों से मिलिए, फिर जो जानकारी मिले उसे पब्लिश करें। चुनिंदा लोगों से ही मिलकर कोई नतीजा देना गलत है।

एडिटर्स गिल्ड ने 2 सितंबर को सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर अपनी रिपोर्ट शेयर की थी। इसके साथ लिखा था कि यह बात स्पष्ट है कि मणिपुर में हिंसा के समय निष्पक्ष लीडरशिप नहीं हो रही थी। सरकार को इस मामले में किसी एक जाति का पक्ष नहीं लेना चाहिए था। सरकार लोकतांत्रिक रहने में फेल हुई है। एडिटर्स गिल्ड ने अपनी रिपोर्ट में एक फोटो में गलती कर दी। गिल्ड ने चुराचांदपुर जिले में एक जलती हुई इमारत की तस्वीर छापी और दावा किया कि यह कुकी समुदाय का घर है। जबकि यह बिल्डिंग वन विभाग ऑफिस की थी जिसे 3 मई को एक भीड़ ने आग लगा दी थी।

### गिल्ड ने गलत कैप्शन पर मांगी थी माफी

गलत फोटो का मामला सामने आने के बाद एडिटर्स गिल्ड ने रविवार को एक्स पर अपनी गलती को स्वीकार किया। गिल्ड ने आगे लिखा कि हमें फोटो कैप्शन में हुई गलती के लिए खेद है। इसमें सुधार किया जा रहा है। नई मणिपुर रिपोर्ट अपलोड कर दी गई है।

# ड्रग तस्कर के 2 बैंक खाते फ्रीज

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर पुलिस ने सोमवार को बांदीपोरा जिले में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत एक कुख्यात ड्रग तस्कर के दो बैंक खाते फ्रीज किए। पुलिस ने कहा कि अशाम हाजिन निवासी इराहाद अहमद नामक कुख्यात ड्रग तस्कर के तीन लाख से अधिक रुपए की बचत वाले दो बैंक खाते एनडीपीएस अधिनियम के तहत फ्रीज कर दिए गए हैं। आरोपी का एक ऑटो लोड कैरियर भी जब्त कर लिया गया, जिसकी कीमत करीब 32 हजार रुपए है। बांदीपोरा पुलिस ने कहा कि जब्त राशि नशीली दवाओं की बिक्री के माध्यम से अवैध रूप से अर्जित की गई थी।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं AMANDEEP KOUR is legally wedded spouse of Army No JC-582373A RANK SUB NAME KHAZAN SINGH of Presently residing at Vill - ARJAN MANGA, P/O- ARJAN MANGA TEH- BABA BAKALA, DISTT-AMRITSAR (PB) PIN 143114 शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि मेरा नाम AMANDEEP KOUR to AMANDEEP KAUR में परिवर्तन हुआ है इस आशय का शपथ पत्र साथ में संलग्न है द्वारा शपथ पत्र 36AA 755599 दिनांक 04/09/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.।

गलत नाम- AMANDEEP KOUR

सही नाम- AMANDEEP KAUR

देशबन्धु

जबलपुर, मंगलवार 05 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# मराठा आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा घिरी

महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण के मुद्दे ने जिस तरह तूल पकड़ लिया है, उससे एक बार फिर भाजपा सरकार की अक्षमता साबित हुई है। गौरतलब है कि इस महीने की शुरुआत में यानी 1 सितंबर को जालना के अंबाद तहसील के अंतरवाली सारथी गांव में मराठा आरक्षण की मांग पर हिंसा भड़क गई थी। आरोप है कि आरक्षण की मांग कर रहे प्रदर्शनकारी पुलिस से भिड़ गए और कथित तौर पर उन पर पथराव किया। पुलिस ने बाद में प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया और आंसू गैस का इस्तेमाल किया, जिसमें लगभग 20 प्रदर्शनकारी और 37 पुलिसकर्मी घायल हो गए। 15 से अधिक राज्य परिवहन बसों को आग लगा दी गई। पुलिस ने कहा कि हिंसा के सिलसिले में 360 से अधिक लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। भाजपा सरकार ने शायद इस बात की उम्मीद की थी कि बल प्रयोग के बाद मामला शांत हो जाएगा, लेकिन हुआ इसका उल्टा। अब मामला इतना बढ़ गया है कि गठबंधन सरकार के घटक दलों यानी भाजपा, शिवसेना, और एनसीपी अलग-अलग राह पर चल रहे हैं। और इनके अलावा मनसे के राज ठाकरे जैसे कुछ और किरदार इस मामले में अहम भूमिका में आने की कोशिश में दिख रहे हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के लिए तो यह चुनौती है ही, साथ ही यह भाजपा नेतृत्व के लिए भी गंभीर संकट है, क्योंकि भाजपा शासित राज्यों में एक के बाद एक हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं। मणिपुर के हालात अब तक संभले नहीं हैं। हरियाणा में नूंह की हिंसा के बाद माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है और सांप्रदायिक वैमनस्य की जो लकीर खींच दी गई है, वो न जाने कब मिटेगी। उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, असम जैसे राज्यों से वंचित समुदायों पर अत्याचार की खबरें जब-तब आती रहती हैं। कहा जा सकता है कि जिस डबल इंजन सरकार का दंभ प्रधानमंत्री मोदी कई मंचों से भरते आए हैं, उसमें खोखलेपन के सिवा कुछ नहीं है, क्योंकि लोकतंत्र में जनता द्वारा निर्वाचित सरकार की जवाबदेही जनता के प्रति हो, तो काम अच्छे से चलता है। लेकिन जब डबल इंजन कहकर उस पर पार्टी विशेष का ठप्पा लगाया जाता है, तो फिर हालात इसी तरह बेकाबू होते हैं, जैसे मणिपुर में हो चुके हैं और अब महाराष्ट्र में हो रहे हैं।

मराठा आरक्षण की मांग महाराष्ट्र मंडल आयोग के बाद से ही उठनी शुरु हुई है। महाराष्ट्र की राजनीति में मराठा समुदाय का दबदबा रहा है, लेकिन मराठा शिक्षा और सरकारी नौकरी में भी अपने लिए आरक्षण की मांग करते रहे हैं। 2012 में मराठा आरक्षण की मांग ने तूल पकड़ा, तब राज्य में कांग्रेस-एनसीपी की सरकार थी और अगले चुनाव में उसे जीतना मुश्किल लग रहा था। पृथ्वीराज चव्हाण सरकार ने कांग्रेस नेता और मंत्री नारायण राणे की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई। कमेटी के सुझाव के आधार पर मराठा समाज को सरकारी नौकरियों में और शिक्षा संस्थाओं में 16 प्रतिशत आरक्षण मंजूर कर अध्यादेश भी जारी कर दिया। इसी कमेटी की सिफारिश पर मुसलमानों को भी 5 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की गई। लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस एनसीपी अपनी सरकार नहीं बचा पाई। 2014 में राज्य में भाजपा-शिवसेना की सरकार बनी और देवेंद्र फड़णवीस मुख्यमंत्री बने। 2018 में फिर मराठा आरक्षण के लिए बड़ा आंदोलन हुआ था. इसके बाद महाराष्ट्र सरकार ने विधानसभा में विधेयक पारित किया और राज्य की सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थाओं में मराठाओं को 16 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया था। इस के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका लगाई गई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने आरक्षण रद्द नहीं किया था। हालांकि, इसे घटाकर शिक्षण संस्थानों में 12 प्रतिशत और सरकारी नौकरियों में 13 प्रतिशत कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा था कि अपवाद के तौर पर 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा पार की जा सकती है। इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी और 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने मराठा आरक्षण के फैसले को असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया था। अब एक बार फिर मराठा समुदाय आरक्षण की मांग को लेकर सड़कों पर उतरा। लेकिन इस बार घटनाओं ने अप्रिय मोड़ ले लिया है।

प्रदर्शनकारियों पर पुलिस का लाठीचार्ज गठबंधन वाली भाजपा सरकार पर भारी पड़ता दिख रहा है। हालात ऐसे हो गए हैं कि सरकार को हड़बड़ी में एक प्रेस कांफ्रेंस बुलाकर अपनी सफाई पेश करनी पड़ी। भाजपा खुद को आरक्षण की राजनीति के पीड़ित के तौर पर पेश करती दिख रही है। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि जालना में जो घटना हुई वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण थी। कोई भी इस तरह की हिंसात्मक कार्रवाई का समर्थन नहीं कर सकता। हमने पहले कभी बल प्रयोग नहीं किया था। न ही अब करने का इरादा है। श्री फड़णवीस हिंसात्मक कार्रवाई को गलत बता रहे हैं, लेकिन पहले उन्होंने ही कहा था कि गांववालों ने लाठी चार्ज किया तो पुलिस को बलप्रयोग करना पड़ा। राज्य के उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यह भी दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस घटना का राजनीतिकरण किया गया। एक नैरेटिव सेट किया गया कि लाठीचार्ज का आदेश गृह मंत्री विभाग और मंत्रालय से दिया गया था। विरोधियों को भी पता है कि ऐसे आदेश एसपी और डिप्टी एसपी के स्तर से आते हैं। दरअसल कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की शिवसेना से सवाल उठाए गए थे कि किसके आदेश पर लाठीचार्ज हुआ। अब श्री फड़णवीस इसका जिम्मा एसपी और डीएसपी पर डाल रहे हैं। उनसे पूछा जा सकता है कि क्या राज्य की पुलिस सरकार के नियंत्रण से परे है, जो स्वतंत्र रूप से इतना बड़ा फैसला ले ले।

जिस तरह मणिपुर में भाजपा सरकार अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ती रही है और कभी आंदोलनकारियों पर, कभी पुलिस पर हालात बिगाड़ने का इल्जाम लगता रहा है, वही टालमटोल का रवैया महाराष्ट्र में दिख रहा है। एक मुख्यमंत्री और दो-दो उपमुख्यमंत्रियों के रहते अगर लाठीचार्ज जैसे फैसलों की भनक सरकार को न लगे, तो क्या इसे सरकार की अक्षमता नहीं माना जाना चाहिए। बहरहाल इस मामले में कुछ अधिकारियों पर सरकार ने कार्रवाई की है और मुख्यमंत्री श्री शिंदे ने प्रदर्शनकारियों से कहा है कि हम मराठा आरक्षण और अदालत को समझाने के लिए आवश्यक अंतर्दृष्टि और दस्तावेजीकरण प्रदान करने की दिशा में काम कर रहे हैं। हम आश्वासन देते हैं कि मराठा आरक्षण प्रदान करने के लिए जो भी करना होगा हम करेंगे। मैं मराठा समुदाय से हमारे साथ धैर्य रखने की अपील करता हूं।

मुख्यमंत्री की धैर्य की अपील कितनी कारगर होगी, ये देखना होगा। फिलहाल अगले चुनाव के पहले मराठा आरक्षण का मुद्दा फिर खड़ा होना भाजपा के लिए बड़ी चेतावनी बन चुका है।

# संसद का विशेष सत्र या संसदीय व्यवस्था से सनकी खिलवाड़

अमेरिका पर आतंकवादी हमले के बदले के नाम पर, 2002 के आखिरी और 2003 के शुरू के महीनों में अमेरिका ने जब इराक के खिलाफ हमला किया था, उस समय उसकी 'शॉक एंड ऑ' यानी हैरतज़दा और खौफज़दा करने बल्कि हैरत से खौफज़दा कर देने की सामरिक रणनीति की बहुत चर्चा थी। इस रणनीति के पीछे मूल विचार यह था कि हमला इतना अप्रत्याशित रूप से भीषण हो कि उसका निशाना बनने वाला किसी तरह का मुकाबला कर ही नहीं पाए। अमेरिका की उक्त सैन्य रणनीति को इराक में या उसके बाद के भी उसके प्रयोगों में क्या और किस हद तक सफलता मिली, इस पर तो बहस हो सकती है। लेकिन, कम से कम इतना निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी को, हैरतज़दा और खौफज़दा करने की इस रणनीति का सहारा लेना काफी पसंद है। इसकी ताजातरीन मिसाल, 18 से 22 सितंबर तक, संसद का पांच दिन का विशेष सत्र बुलाने का मोदी सरकार का पूरी तरह से हैरान करने वाला फैसला है। इस फैसले की घोषणा भी संसदीय कार्यमंत्री द्वारा पहले ट्विटर रहे और अब एक्स बच चुके सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से की गई। हां! इसे संयोग मानना मुश्किल है कि यह घोषणा ठीक उसी दिन की गई, जिस दिन मुंबई में विपक्षी मोर्चे, इंडिया की दो दिनी बैठक शुरू होनी थी! हालांकि, यह मानना भी आसान नहीं है कि संसद के पांच दिन के विशेष अधिवेशन का फैसला, सिर्फ विपक्षी बैठक की खबरों की ओर से ध्यान हटाने के लिए किया जा सकता है।

बहरहाल, संसद के विशेष सत्र के इस फैसले में हैरान करने वाले तत्व का पूरा ख्याल रखा गया है। वास्तव में सहज ही इस फैसले ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इससे पहले लिए गए ऐसे ही एकदम अप्रत्याशित दो और फैसलों की याद दिला दी है-2016 का पांच सौ और हजार रुपए के नोटों की नोटबंदी का फैसला और 2020 के मार्च-अप्रैल का चालीस दिन के पूर्ण देशव्यापी लॉकडाउन का फैसला। इन दोनों फैसलों से देश भर में आम लोगों को जिस तरह की असह्य तकलीफें झेलनी पड़ी थीं, उन्हें लोग आसानी से भूल नहीं सकते हैं। बेशक, इन तकलीफों को साक्ष्य बनाकर, सत्ताधारी पार्टी द्वारा अपने सुप्रीमो की 'बड़े फैसले लेने वाले' नेता की छवि बनाने की कोशिशों को भी देश ने कुछ हैरत से और ज्यादा अविश्वास से देखा। लेकिन, अंधाधुंध इस तरह के फरमान जारी करना, नेता की निर्णायकता का कम और उसकी मनमानी का ही साक्ष्य ज्यादा था, जो जनतंत्र और पारदर्शिता के घोर अभाव की बीमारी का, सहज पहचाने वाला लक्षण है। आगे चलकर, तीनों विवादित कृषि कानूनों के रूप में इसी बीमारी का एक और लक्षण सामने आया, लेकिन किसानों के ऐतिहासिक आंदोलन ने उस मामले में सत्ता में बैठे सुप्रीमो के फरमान को न सिर्फ नामंजूर कर दिया बल्कि उसे अपना फरमान वापस लेने पर भी मजबूर कर दिया। लेकिन, इसके बाद भी मोदी राज ने लोगों को हैरतज़दा और खौफज़दा करने वाले फैसलों का सहारा लेने की अपनी रणनीति को छोड़ा नहीं है, संसद का रहस्यमय तरीके से बुलाया जा रहा विशेष सत्र इसी का सबूत है।

इस पूरे मामले में इस हद तक रहस्य बनाए रखा गया है कि लगता नहीं है कि विशेष सत्र की घोषणा करते हुए, खुद संसदीय कार्यमंत्री तक को इसका पता था कि इस सत्र में होगा क्या? कहने की जरूरत नहीं है कि इससे पहले कभी संसद का विशेष सत्र इस तरह रहस्यमय अंदाज में नहीं बुलाया गया। इसके उलट, संसद के सभी सत्र सामान्यत: सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों से चर्चा के रास्ते पर चलते हुए, आयोजित किए जाते हैं। आखिरकार, संसद की सार्थकता ही जनता के प्रतिनिधियों के माध्यम से जनता के सामने, शासन के काम-काज की जवाबदेही सुनिश्चित करने में है। और इस जवाबदेही के लिए, संसद का सारा काम-काज ज्यादा से ज्यादा पारदर्शी तरीके से होना सुनिश्चित किया जाना जरूरी है। यह पारदर्शिता सिर्फ संसद की कार्रवाई संसदीय टीवी पर दिखाने में नहीं है बल्कि जनता के प्रतिनिधियों के साथ अधिकतम-संभव जानकारियां साझाकर, उनके बीच ज्यादा से ज्यादा जानकारीपूर्ण चर्चा से, शासन के अनुशासित होने में है। यहां विशेष सत्र की तारीखों की घोषणा के कई दिनों बाद तक और जाहिर है कि बार-बार विपक्ष द्वारा ही नहीं बल्कि मीडिया द्वारा भी पूछे जाने के बावजूद, इसका कोई इशारा तक नहीं है कि विशेष सत्र में होगा क्या? संसदीय व्यवस्था के साथ सनकी खिलवाड़ का इमर्जेंसी के बाद इससे भद्दा दूसरा उदाहरण नहीं मिलेगा।

लेकिन, अमेरिकी सामराजियों से उधार ली गई रणनीति, सिर्फ हैरतज़दा करने की नहीं है। वह तो हैरतज़दा करने के जरिए, खौफज़दा करने की रणनीति है। संयोग ही नहीं है कि संसद के विशेष सत्र की तारीखों की घोषणा के साथ ही, इसकी खबरें तेज हो गईं कि मोदी सरकार, 'एक देश, एक चुनाव' के मुद्दे पर कुछ करने जा रही है। यह जैसे इसकी अटकलों का बाजार गर्म करने के लिए इशारा था कि शायद विशेष सत्र, इसी लक्ष्य को हासिल करने के लिए बुलाया जा रहा है! मोदी सरकार ने जिस तरह सिर्फ अपने संख्याबल के सहारे, वास्तव में बहुमत की तानाशाही के बल पर, धारा-370 के खत्म किए जाने तथा जम्मू-कश्मीर के तोड़े जाने, संशोधित नागरिकता कानून से लेकर, तीन कृषि कानूनों समेत, अनेक विधेयकों को बिना बहस के ही या समुचित बहस के बिना ही संसद पर थोपा है, उसे देखते हुए प्रस्तावित विशेष सत्र को लेकर इस तरह की आशंकाएं पैदा होना अस्वाभाविक नहीं था। और सत्ताधारी दल तथा सरकार ने अपनी ओर से इन आशंकाओं को हवा देने का ही काम किया है।



राजेंद्र शर्मा

> संसद के प्रस्तावित विशेष सत्र में क्या सरकार 'एक देश, एक चुनाव' के मामले में कोई कदम उठाएगी या इस विशेष सत्र में क्या होगा, यह अब भी अटकलों के ही दायरे में है। लेकिन, इस सत्र में चाहे इस मामले में कुछ हो न हो, पर इतना तय है कि 'एक देश, एक चुनाव' के अपने नारे को अमल में उतारने की ओर, मोदी सरकार ने एक बड़ा कदम बढ़ा दिया है।

भारतीय जनतांत्रिक व्यवस्था की परंपराओं से एक और गंभीर विचलन में, अचानक यह खबर आई कि सरकार 'एक देश, एक चुनाव' के मुद्दे पर, सेवानिवृत्त राष्ट्रपति, कोविंद की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित करने जा रही है। यह स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली ही बार है जब किसी पूर्व-राष्ट्रपति को, सरकार की ओर से इस तरह किसी काम की आधिकारिक रूप से जिम्मेदारी सौंपी गई हो। आखिरकार, राष्ट्रपति के रूप में पूरे शासन के ही प्रमुख रहे व्यक्ति से, उस शासन के किसी एक अंग के सामने रिपोर्ट करने या उसे रिपोर्ट देने की उम्मीद कैसे की जा सकती है? लेकिन, बात इतने तक ही सीमित नहीं रही। पूर्व-राष्ट्रपति का नाम आने के बाद, कमेटी की विचार शर्तों और उसके दूसरे सदस्यों के नाम आने में भी करीब बहत्तर घंटे लग गए।

लेकिन, इन बहत्तर घंटों में इसकी अटकलें अगर कुछ कम भी हुई थीं कि मोदी सरकार प्रस्तावित विशेष सत्र में 'एक चुनाव' की ओर कोई कदम बढ़ा सकती है, तो कमेटी के अन्य सदस्यों के नामों की घोषणा ने, दोबारा प्रस्तावित सत्र को लेकर आशंकाओं को तेज कर दिया। इस कमेटी में, खासतौर पर संविधान, कानून तथा संसदीय मामलों के विशेषज्ञों के तौर पर ऐसे लोगों के शामिल किए जाने से, जो पहले ही 'एक देश, एक चुनाव' के पक्ष में सार्वजनिक रूप से दलीलें रख चुके हैं, एक प्रकार से पहले ही यह सुनिश्चित किया जा चुका है कि कमेटी क्या रिपोर्ट देगी।

हैरानी की बात नहीं है कि कमेटी में रखे गए एकलौते विपक्षी नेता, लोकसभा में कांग्रेस के दल के नेता, अधीर रंजन चौधुरी ने खुद को यह कहते हुए इस कमेटी से अलग कर लिया कि कमेटी के गठन में ही, उसका निष्कर्ष पहले ही तय किया जा चुका है। उन्होंने राज्यसभा में विपक्ष के नेता को इस कमेटी में शामिल नहीं किए जाने का मुद्दा भी उठाया। जाहिर है कि इस कमेटी के गठन में इसका कोई प्रयास ही नहीं था कि इसमें संसद में प्रतिनिधित्व-प्राप्त प्रमुख राजनीतिक दृष्टियों का प्रतिनिधित्व हो। वास्तव में संसदीय समिति में और विधि आयोग में इस मुद्दे पर लंबी चर्चा के बाद भी मोदी सरकार, उसी तरह से पूरी तरह से मनमाफिक सिफारिश हासिल नहीं कर पाई थी, जिस तरह समान नागरिक संहिता के मामले में नहीं कर पाई थी। इसीलिए, अब पूर्व-राष्ट्रपति की अध्यक्षता में एक ऐसी कमेटी गठित की गई है, जो इस मामले में मोदी सरकार के कदम आगे बढ़ाने का रास्ता बनाएगी।

बेशक, संसद के प्रस्तावित विशेष सत्र में क्या सरकार 'एक देश, एक चुनाव' के मामले में कोई कदम उठाएगी या इस विशेष सत्र में क्या होगा, यह अब भी अटकलों के ही दायरे में है। लेकिन, इस सत्र में चाहे इस मामले में कुछ हो न हो, पर इतना तय है कि 'एक देश, एक चुनाव' के अपने नारे को अमल में उतारने की ओर, मोदी सरकार ने एक बड़ा कदम बढ़ा दिया है। यह दूसरी बात है कि यह अपने सार में ही न सिर्फ सरासर अलोकतांत्रिक तथा संघीय व्यवस्थाविरोधी-संविधानविरोधी है, यह पूरी तरह से अव्यावहारिक भी है, जिसके लिए पांच संविधान संशोधनों की और देश के आधे से ज्यादा राज्यों के अनुमोदन की जरूरत होगी।

यह फिलहाल इसे लागू करना लगभग नामुमकिन बना देता है। इसके बावजूद, मोदी सरकार अगर इसके लिए इतनी उतावली हो रही है, तो यह मोदी राज की चौतरफा विफलताओं के बीच, विपक्ष की बढ़ती एकता और उसके एकजुट प्रहारों से, मौजूदा निजाम और उसके संचालक, संघ-परिवार की घबराहट को ही दिखाता है। बदहवासी में वे अपने जाने-पहचाने पुराने मुद्दों पर हाथ मार रहे हैं, शायद कोई मुद्दा काम कर जाए। डूबते को तिनका भी सहारा लगता है। यह दूसरी बात है कि डूबने से तिनकों के सहारे अब तक कोई बचा नहीं है।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# विपक्ष पर हावी होने की रणनीति अपना रहे प्रधानमंत्री मोदी

■ के रवीन्द्रन

इस महीने के अंत में बिना बारी के संसद का सत्र बुलाने और 'एक राष्ट्र,एक चुनाव' की नीति लागू करने की संभावना का अध्ययन करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने के नरेंद्र मोदी सरकार के नाटकीय कदम विवादास्पद प्रस्ताव पर आगे बढ़ने का कोई वास्तविक इरादा रखने के मुकबले विपक्ष को मानसिक रूप से 'झटका देने और हतप्रभ करने' की नीति का हिस्सा हो सकते हैं।

इन दोहरे फैसलों को व्यापक रूप से 2024 के लोकसभा चुनावों को आगे बढ़ाने के अग्रदूत के रूप में देखा जा रहा है, हालांकि इस तरह के कठोर कदमों की व्यावहारिकता पर गंभीर सवाल उठते हैं। यह स्पष्ट है कि नाटक का समय विपक्षी दलों के भारतीय गुट के मुंबई सत्र के साथ-साथ चुना गया है, जिससे साफ होता है कि ये विपक्षी एकता के प्रयासों को विफल करने के लिए हैं, जो उस तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं जो प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सत्तारूढ़ पार्टी के लिए सबसे असुविधाजनक है।

> जहां तक सदमा और आघात की रणनीति का सवाल है मोदी के लिए बहुत अच्छा है, परन्तु देश की सभी परिस्थितियां और बाधाएं 'एक-राष्ट्र, एक-चुनाव' नीति को शीघ्र अपनाने के विरुद्ध हैं। उपलब्ध सीमित समय सीमा के साथ-साथ विचार-विमर्श और विधायी प्रक्रियाओं की सीमा इतने बड़े बदलाव के लिए आवश्यक जरूरतों को महज एक विशेष सत्र में हासिल कर लेने को लगभग असंभव बना देती है, सिवा इसके कि कुछ शोर-शराबा किया जा सकता है।

ध्यान रहे कि 'झटका देने और हतप्रभ करने' की वह सैन्य अभिव्यक्ति ही थी, जिसे पूर्व अमेरिकी रक्षा सचिव रोनाल्ड रम्सफेल्ड ने लोकप्रिय बनाया था, जिन्होंने अफगानिस्तान पर अमेरिकी हमले के मद्देनजर संदर्भ के अंदर और बाहर इसका प्रचुर मात्रा में उपयोग किया था, जिससे घटनाक्रम की एक ऐसी श्रृंखला शुरू हुई जिसने विश्व के समसामयिक इतिहास को बदल दिया, जिसने इस विश्व को रहने के लिहाज से और अधिक खतरनाक जगह बना दिया, राष्ट्रों को नष्ट किया गया और विश्व के विभिन्न हिस्सों में आतंकवाद के पनपने के लिए परिस्थितियां बनीं। अमेरिका और पूरी दुनिया को इस गलत कदम की बड़ी कीमत चुकानी पड़ी।

यह कोई भी अनुमान लगा सकता है कि मोदी सरकार की 'भय और आघात' नीति के समान परिणाम ही होंगे। उनका इरादा स्पष्ट है - भ्रम और अराजकता पैदा करें और विपक्षी एकता की प्रक्रिया को बाधित करें। वास्तव में, मुंबई सत्र से उभरते राजनीतिक परिदृश्य को संबोधित करने के लिए कार्यवाही को फिर से तैयार करना पड़ा। इसने सीट-बंटवारे को अन्य कम महत्वपूर्ण मुद्दों से पहले अंतिम रूप दे दिया है, जैसे कि मोर्चे के लिए एक राष्ट्रीय संयोजक का चयन और साथ ही एक साझे प्रधानमंत्री पद के चेहरे के साथ चुनाव लड़ने की आवश्यकता।

जहां तक सदमा और आघात की रणनीति का सवाल है मोदी के लिए बहुत अच्छा है, परन्तु देश की सभी परिस्थितियां और बाधाएं 'एक-राष्ट्र, एक-चुनाव' नीति को शीघ्र अपनाने के विरुद्ध हैं। उपलब्ध सीमित समय सीमा के साथ-साथ विचार-विमर्श और विधायी प्रक्रियाओं की सीमा इतने बड़े बदलाव के लिए आवश्यक जरूरतों को महज एक विशेष सत्र में हासिल कर लेने को लगभग असंभव बना देती है, सिवा इसके कि कुछ शोर-शराबा किया जा सकता है। बेशक, सत्तारूढ़ दल वर्तमान लोकसभा के कार्यकाल के अंत तक इंतजार न करने का निर्णय ले सकता है, लेकिन उचित संख्या में राज्यों में भी एक साथ चुनाव का मतलब होगा कि कुछ राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल को बढ़ाना या कम करना। दोनों स्थितियों में राज्यों की कुल संख्या के 50 प्रतिशत द्वारा अनुसमर्थित संवैधानिक संशोधनों की आवश्यकता होगी।

यह व्यावहारिक प्रतीत नहीं होता है, लेकिन राज्यों के एक समूह में चुनावों को संसदीय चुनावों के साथ मेल कराने की एक अलग संभावना है। पूरे देश में एक साथ चुनाव कराना तो अभी बहुत दूर की बात है। इस साल पांच राज्यों की विधानसभाओं के लिए चुनाव होने हैं, जबकि सात राज्यों की विधानसभाओं का कार्यकाल लोकसभा के साथ अगले साल समाप्त हो जायेगा। अगले साल जिन राज्यों में चुनाव होने हैं उनमें महाराष्ट्र, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, झारखंड, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम शामिल हैं। महाराष्ट्र, हरियाणा और अरुणाचल में भाजपा सत्ता में है, जबकि ओडिशा और आंध्र में उन पार्टियों का शासन है जो भाजपा के करीब हैं और कार्यकाल जल्दी ख़त्म करने के सुझाव पर सहमत हो सकती हैं।

दरअसल, विधि आयोग ने एक ही वर्ष में चुनाव होने वाले सभी राज्यों को एक साथ जोड़ने का सुझाव दिया था। हालांकि यह सच है कि 1967 तक देश में एक साथ चुनाव होते थे, लेकिन इस समय देश में जो राजनीतिक माहौल बन रहा है, वह ऐसी किसी संभावना के लिए खुद को तैयार नहीं करेगा।

1967 तक एक साथ चुनावों की अवधि के दौरान, कांग्रेस पार्टी ज्यादातर राज्यों में सत्ता में थी और केंद्र और राज्यों दोनों में एक ही पार्टी के सत्ता में होने से स्थिरता का आनंद लेती थी। स्थिति में भारी बदलाव इस तथ्य के कारण हुआ है कि देश के विभिन्न हिस्सों में शक्तिशाली क्षेत्रीय दल उभरे हैं, जो अक्सर केंद्र में सत्तारूढ़ दल के साथ आमने-सामने नहीं मिलते हैं, जिससे एक साथ कार्यकाल चलाना मुश्किल हो जाता है।

केंद्र-राज्य संघर्ष अक्सर अवांछित अस्थिरता पैदा करता है, जिससे ऐसे मुद्दों पर कोई आम सहमति हासिल करना मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा, देश में राजनीति की प्रकृति केन्द्रीय से अधिक क्षेत्रीय हो गई है। इस प्रक्रिया में राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल में कोई एकरूपता नहीं आ रही है।

नये सुझावों के बारे में शायद एक अच्छी बात यह है कि पारंपरिक अविश्वास प्रस्ताव की अवधारणा को एक अन्य प्रस्ताव के साथ जोड़ा जाये जो नई सरकार में विश्वास व्यक्त करता है ताकि सदन के समय से पहले भंग होने की संभावना से बचा जा सके। जबकि विधि निर्माता आमतौर पर कार्यकाल को कम करने के पक्ष में नहीं हैं, क्योंकि इससे उनके भविष्य के वित्तीय अधिकार प्रभावित होंगे, नयी सरकार के कार्यभार संभालने की संभावना के कारण मौजूदा व्यक्ति के पद छोड़ने से, विशेषकर राज्यों में, अधिक स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा।

## शिक्षक दिवस

# जिम्मेदार नागरिक बनाने का शिल्पकार होता है शिक्षक

किसी भी राष्ट्र की उन्नति इस बात पर निर्भर करती है कि उसके नागरिक सामाजिक, बौद्धिक व चारित्रिक स्तर पर कितने समृद्ध हैं। ज्ञान, विज्ञान, सामाजिक ज्ञान आदि के जरिए ही मानव ज्ञानी, विवेकी, सक्षम और चरित्रवान बनता है। मानव को अच्छा इंसान बनाने में औपचारिक व अनौपचारिक रूप से शिक्षा की बड़ी भूमिका होती है। बिना शिक्षा के मानव पशु के समान है।

आदिकाल से ज्ञान के बल पर ही विश्व ने अनेकश: अनुसंधान और नए-नए आविष्कार किए हैं। मानव केवल रोटी, कपड़ा और मकान तक सीमित नहीं रहा अपितु वह तमाम भौतिक और आध्यात्मिक चीजों की खोज करके मानव जीवन व समस्त धरती को सुख-सुविधाओं से संपन्न किया है। वैज्ञानिक से लेकर दार्शनिक तक ने गुरु की दीक्षा व मार्गदर्शन से ही वांछित लक्ष्य को प्राप्त किया है। हमारे देश में प्राचीन समय से गुरु के महत्व को स्वीकार किया गया है। सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा था कि गुरु वह नहीं जो विद्यार्थी के दिमाग में तथ्यों को जबरन ठूंसे, बल्कि वास्तविक गुरु तो वह है जो उसे आने वाले कल की चुनौतियों के लिए तैयार करे।

वर्तमान समय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व बच्चों का सर्वांगीण विकास के लिए दुनियाभर में बाल मनोविज्ञान और शिक्षा पद्धति पर नित्य नए-नए अनुसंधान हो रहे हैं। आज की शिक्षा बाल केंद्रित है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए भाषा कौशल, तकनीकी कौशल, जीवन कौशल, सामाजिक मूल्य, शैक्षिक भ्रमण, प्रयोगशाला, स्मार्ट क्लास, आईटी शिक्षा आदि शैक्षणिक विकास में मील का पत्थर साबित हो रहा है। इस परिवर्तन से बच्चों का आईक्यू लेवल काफी बढ़ा है। बच्चों में इमेजिंग क्षमता और अभिव्यक्ति कौशलों का भी तेजी से ग्रोथ हुआ है। पहले पढ़ाई के प्रति रूचि का अभाव रहता था। आज वही बच्चे शिक्षा लेने के लिए स्कूल से लेकर ट्यूशन तक काफी सक्रिय रहते हैं लेकिन यह विडंबना ही है कि आज की शिक्षा व्यवस्था पूंजीपतियों के हाथ की कठपुतली बनती जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र के संपन्न परिवार के बच्चे अंग्रेजी माध्यम के निजी स्कूलों में पठन-पाठन कर रहे हैं। इससे इतर गरीब, मजदूर व मध्यम किसान वर्ग के नौनिहालों की शिक्षा पूर्णत: सरकारी विद्यालयों पर निर्भर है। आजादी के सात दशक उपरांत हमने जितनी तरक्की कर ली हो, लेकिन आज भी यह हकीकत है कि भारत में दो तरह की शिक्षा व्यवस्था लागू है। एक ही गांव से कुछ संपन्न बच्चे प्राइवेट स्कूल जाते हैं, तो दूसरी ओर आर्थिक रूप से पिछड़े परिवार के बच्चे सरकारी स्कूल जाते हैं।

एक समय में नालंदा और विक्रमशिला विश्वविद्यालय आदि की पूरी दुनिया में धाक रही है। ऐसे में संकल्प लेने की जरूरत है कि शिक्षा की लौ जलाने में स्थानीय लोग भी शैक्षिक विकास की दिशा में सहभागिता व सक्रियता निभाएं। शिक्षक व शिक्षालय के जरिए ही राष्ट्र के नागरिक जागरूक, सशक्त, स्वावलंबी एवं जिम्मेदार बन सकते हैं। वास्तव में, एक शिक्षक ही देश के ज़िम्मेदार नागरिक तैयार करने का असली शिल्पकार है।

**अमृतांज इंदीवर**

## आपके पत्र

# आरक्षण की मांग सड़कों पर उतरी, तोड़फोड़ और आगजनी से जनजीवन आहत

आरक्षण की मांग इस देश में नई नहीं है। हर समुदाय अपने परिवार के भावी जीवन को संवारने आरक्षण के लिए सड़कों पर उतरता देखा जा रहा है। मराठा आरक्षण आंदोलन सुलग उठा। मनोज जरांगे के नेतृत्व में आरक्षण की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने लाठी भांजी। मराठा आरक्षण को 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण की मांग को खारिज कर दिया था। 2018 में मराठा आरक्षण बिल पास किया गया था। शैक्षिणक संस्थाओं में 16 फीसदी आरक्षण देने का प्रावधान किया गया। इस बिल के खिलाफ मेडिकल छात्र मुम्बई हाईकोर्ट में चले गए। कोर्ट ने 2019 में इसे घटाकर तर्क दिया गया कि 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा पार होती है तो इसमें सुप्रीम कोर्ट की इंदिरा साहनी केस और मंडल कमीशन के मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन होता है। महाराष्ट्र में पहले से 52 फीसदी आरक्षण चला आ रहा है। जो देश में सबसे ज्यादा है। अनुसूचित जाति 15 फीसदी, अनुसूचित जनजाति 7.5 फीसदी, अन्य पिछड़ा वर्ग 27 फीसदी और अन्य 2.5 फीसदी लागू है। लेकिन मराठा समुदाय सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन नहीं होने और आरक्षण की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। मराठा महाराष्ट्र में 30 प्रतिशत आबादी के धनी है। किसान जमींदार के इस वर्ग की सरकार से आरक्षण की मांग है। 2018 से मराठा आरक्षण को लेकर बहुत बड़ा आंदोलन हुआ था। प्रदेश में ज्यादातर मुख्यमंत्री मराठा रहे हैं और प्रदेश की राजनीति में मराठाओं का बहुत बड़ा प्रभाव है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और वर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मराठा आरक्षण के पक्ष में हैं। लेकिन ये नेता मजबूर हैं क्योंकि यह केस सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। राज्यसेवाओं में 2 फीसदी पिछड़ा वर्ग को आरक्षण प्रदान किया गया है तो 19 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण प्रदान किया जा रहा है। मिजोरम, नगालैंड में ओबीसी कैटेगरी नहीं है। केरल में 40 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण राज्य सेवाओं में मिल रहा है। मेघालय में किसी भी समुदाय आरक्षण का प्रावधान नहीं है। बिहार में आरक्षण कोटा कुल 33 प्रतिशत है। महाराष्ट्र की लड़ाई राज्य सरकार से है लेकिन यह पेंच सुप्रीम कोर्ट में अटका हुआ है जिसके कारण सरकार भी मजबूर है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# छात्रों के जीवन को नई दिशा दे रहे शिक्षक





**जबलपुर, देशबन्धु।** जीवन सार्थक बनाने का काम एक शिक्षक करता है। गीली मिट्टी के सामान व्यक्तित्व का सही ढंग से निर्माण कर शिक्षक एक ऐसे इंसान को गढ़ता है जो समाज में रहने के काबिल बनता है। वर्तमान में शिक्षकों की भूमिका बदल गई है, क्योंकि उनका कार्य अब सिर्फ बच्चों को शिक्षित करना ही नहीं, बल्कि चरित्र निर्माता के रूप में देखा जाता है। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और नवधारणा के जरिए शिक्षक छात्रों के भाग्य विधाता बन रहे हैं। ऐसे ही शिक्षकों को सलाम करने के लिए 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। इस दिवस के उपलक्ष्य में आइए पढ़ते हैं कुछ ऐसे शिक्षकों की कहानी जिनके नवाचार बच्चों की पढ़ाई आसान बना रहे हैं, वहीं कुछ ऐसे शिक्षक भी हैं जो छात्रों के लिए कॅरियर की राह आसान बना रहे हैं।

### चलती-फिरती प्रयोगशाला

विज्ञान का ज्ञान जगाने के लिए जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के डॉ. कमल कुमार कुशवाहा चलती फिरती प्रयोगशाला से सरकारी स्कूलों में फिजिक्स का फंडा सिखा रहे हैं। वे कहते हैं कि प्राइवेट स्कूलों में प्रयोगशालाएं हैं, लेकिन सरकारी स्कूल में संसाधन की कमी होने से बच्चे विज्ञान के ज्ञान में पीछे रहते हैं। ऐसे में खुद बनाई हुई कम लागत प्रयोगशाला से प्रैक्टिकल बॉक्स तैयार कर बच्चों को ज्ञान देते हैं।

### केमिस्ट्री के लिए लिखा बेस

केमिस्ट्री ऐसा सब्जेक्ट है, जिसका डर स्टूडेंट्स में साफ दिखता है। इस डर को दूर करने और केमिस्ट्री के मैथ्स बेस को समझाने के लिए साइंस कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. एसके सिंह ने बेसिक मैथामेटिक्स फॉर फिजिक्स एंड कैमिस्ट्री पुस्तक लिखी है। स्कूली छात्रों के लिए लिखी गई यह पुस्तक उन्हें कैमिस्ट्री की सरलता और तार्किकता समझाती है। इससे नीट और जेईई के छात्रों को काफी सहूलियत होती है।

### पहेलियों से तैयार की विधियां

छात्रों के बीच विज्ञान विषय को आसान बनाने के लिए केन्द्रीय विद्यालय जीसीएफ की टीचर डॉ. सुनीता गुप्ता ने कई इनोवेटिव विधियां तैयार की हैं। उन्होंने बताया कि विधियों में उन्होंने विज्ञान पहेलियां, जीआइएफ इमेज क्रिएशन, थ्रीडी डाइमेंशन स्ट्रक्चर, ह्यूमन ब्रेन के लिए थ्रीडी प्रोसेस बनाया है। इसके साथ ही आउटलाइन मैप, मॉडल्स, पीपीटी, वीडियोज टेक्निक से डिफिकल्ट कॉन्सेप्ट क्लीयर करती हैं।

### कविताओं में पिरोए उत्तर

शासकीय स्कूल गढ़ा आनंद कुंज की हिन्दी शिक्षिका विनीता पैगवार अपना साहित्य प्रेम बच्चों को लुटाती हैं। उन्होंने हिन्दी के बड़े सवाल और विशेष दिनांक को याद करवाने के लिए बच्चों के लिए कविताएं तैयार की हैं। सिर्फ हिन्दी ही नहीं, बल्कि अन्य विषयों को भी वे कविताओं के जरिए पढ़ाकर आसान बना रहीं हैं। वे कहती हैं बच्चों को कविताएं जल्दी याद होती हैं। जो बच्चे पढ़ाई में पीछे थे वे भी अब आगे बढ़ रहे हैं।

### शिक्षकों के सम्मान से बढ़ाया मानफोटो- सेम

सेम सीनियर सिटीजन क्लब के तत्वावधान में शिक्षक सम्मान समारोह और जन्माष्टमी सेलिब्रेशन आयोजित हुआ। कार्यक्रम में 15 रिटायर्ड शिक्षकों को सम्मानित किया गया। मईया मोरी मैं नहीं माखन खायो थीम पर जसवीर चौपड़ा, राजकुमारी रैकवार, प्रभा श्रीवास्तव, रश्मि श्रीवास्तव ने कृष्ण लीला की प्रस्तुति दी। इस मौके पर एलएस चौहान, आईके अग्रवाल, संयोजक जादूगर एसके निगम मौजूद थे।

### शिक्षक दिवस पर प्रथम गुरू वंदन समारोह

महाकौशल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पूर्व छात्रों के द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रथम गुरू वंदन समारोह का आयोजन किया गया है इस अवसर में सभी पूर्व छात्र एकत्र होकर गुरूजनों का सम्मान करके आशीर्वाद प्राप्त करेंगे यह कार्यक्रम 5 सितम्बर 2023 शाम 7 बजे दिन मंगलवार को मदन महल रोड स्थित होटल गुलजार में आयोजित किया गया है।

# व्हीएफजे में सेना के लिये उच्च कोटि के वाहनों का निर्माण

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश औद्योगिक केंद्र विकास निगम द्वारा आयोजित बैठक में महाप्रबंधक आशुतोष कुमार द्वारा दी गई जानकारी अनुसार आर्मड व्हीकल निगम लिमिटेड की इकाई व्हीकल फैक्ट्री में सेना के ए केटेगरी के वाहनों का निर्माण, ओवरहालिंग एवं रिपेयरिंग का कार्य होगा। इस हेतु स्थानीय इच्छुक वेंडरों के साथ आगामी 22 सितंबर 2023 को जबलपुर में एक व्रहद आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।

महाकौशल चेंबर अध्यक्ष रवि गुप्ता द्वारा वाहन निर्माणी जबलपुर के अंतर्गत निरंतर निर्माण किए जा रहे एलपीटीऐ व स्टेलिन जिसका कि वर्तमान में सेना द्वारा आदेश प्राप्त हुआ है उसके कलपुर्जे खरीदी हेतु प्रक्रिया प्रारंभ करने तथा केंद्र सरकार एमएसएमई मंत्रालय द्वारा जारी पब्लिक प्रोक्योरमेंट पॉलिसी के अंतर्गत 25 प्रतिशत खरीदी सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों से ही किए जाने के प्रावधानों के पालन करने की मांग रखी गयी साथ ही निर्माणी प्रबंधक से अनुरोध किया गया कि आयोजन से पूर्व स्थानीय सहायक उद्योगों व वेंडर इकाइयों का निरीक्षण कर भविष्य की योजनाओं का क्रियान्वयन से स्थानीय उद्योगों की संबद्धता का आकलन किया जा सके। चेंबर प्रवक्ता हेमराज अग्रवाल ने बताया कि व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर के सेना के उपयोग हेतु वाहनों के निर्माण का कार्य किया जाने के तहत प्रतिवर्ष 13000 वाहनों का निर्माण होता था जिसमें स्थानीय श्रमिकों की भागीदारी 20000 से ज्यादा हुआ करती थी जो कि क्रमश: घटती गई अब जबकि व्हीकल फैक्ट्री निगम के अंतर्गत आ चुका है तथा प्रतिस्पर्धा मार्केट के अंतर्गत अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करते हुए व अनुभवशील सहायक तथा स्थानीय वेंडरों के सहयोग से पूर्वानुसार पूरे वाहनों का निर्माण सफलतापूर्वक इनहाउस व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर में किए जाने की अपेक्षा की जा रही है। व्हीकल फैक्ट्री प्रबंधन से आवश्यक कलपुर्जे व आइटमों की सूचि प्रदान करने की भी मांग की गयी है जिसमें कि स्थापित उद्योगों के साथ साथ नये उद्योग स्थापना के क्रम में प्रयास कर सके।

### 22 सितम्बर सुरक्षा उत्पाद डेवलपमेंट इन्क्लेव जबलपुर में आयोजित

एमपीडीआईसी कार्यकारी संचालक सुश्री सृष्टि प्रजापति व प्रबंधक एवं महाप्रबंधक के साथ हुई सुखद बैठक के सकारात्मक परिणाम के लिए आश्वस्त हैं। चेंबर अध्यक्ष रवि गुप्ता, राजेश चंडोक, हेमराज अग्रवाल, शंकर नाग्देव, युवराज जैन गढ़ावाल, अखिल मिश्र, अनूप अग्रवाल, अनिल जैन पाली ने आगामी 22 सितंबर को जबलपुर में होने वाले व्हीकल फैक्ट्री सुरक्षा उत्पाद डेवलपमेंट इन्क्लेव में अधिक से अधिकउद्योगों से समिलित हो लाभ लेने की अपील की है।



# हिंदूवादी संगठनों ने तमिलनाडु के मंत्री उदय निधि स्टालिन का पुतला दहन किया

**जबलपुर, देशबन्धु।** तमिलनाडु के मंत्री उदय निधि स्टालिन के द्वारा दिए गए सनातन विरोधी बयान के विरोध में आज जबलपुर दमोह नाका चौक पर रोहित तिवारी हीरा के नेतृत्व में हिंदूवादी संगठनों, ब्राह्मण समाज के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने तमिलनाडु के मंत्री उदय निधि स्टालिन का पुतला दहन किया गया तथा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया और गोहलपुर थाने में एफआइआर दर्ज करवाई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रोहित तिवारी हीरा भैया आशीष त्रिवेदी, लता सिंह ठाकुर अखिलेश उपाध्याय रत्नेश दुबे, चंद्र शेखर शर्मा, शुभम मिश्रा, गुड्डा महाराज, सुरेश मिश्रा, शोभा तिवारी, आरती शुक्ला, मोना सिंह, बम बम महाराज, गुड्डा त्रिपाठी, निशांत उपाध्याय, नितेश पटेल आदि की उपस्थित रही।

# समस्याओं की अनदेखी से क्षेत्रीय जनों में आक्रोश

**जबलपुर,देशबन्धु।** वार्ड नं.42 सुभाषचंद्र बोस वार्ड आधारताल जोन क्र.7 पॉवर हाउस के पीछे पटले चक्की के पास संजय नगर खेरमाई के रहवासियों को रोजाना पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। विगत 35 वर्षों से क्षेत्र की सही स्थिति है। क्षेत्र के लोगों द्वारा कलेक्टर आयुक्त नगर पालिक निगम को आवेदन देकर समस्या से कई बार अवगत कराया गया हैं। क्षेत्र वासियों द्वारा सीएम हेल्पलाइन भी लगाई गई किन्तु कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जिस कारण समस्या का निराकरण किसी भी स्तर पर संभव नहीं हो पा रहा है। क्षेत्र वासियों द्वारा विधायक लखन घनघोरिया से भी समस्या का निदान हेतु आवेदन किया गया । समस्या के निराकरण हेतु विधायक द्वारा कार्यपालन यंत्री नगर पालिका निगम को पत्र लिखकर अवगत कराया किन्तु माननीय विधायक की भी अनसुनी कर दी गई। क्षेत्रवासी आगामी विधायक लोकसभा व नगरीय निकाय के चुनावों का वहिष्कार करने का मन बना चुके हैं।

# बंद ट्रांसफार्मर को स्थानांतरण करने में बना दिया 2 लाख का एस्टीमेट

**जबलपुर, देशबन्धु।** चरगवां-मनमाने बिल से मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत् वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा शोषण औरउपभोग्ता को लूटने का तरीकातो था ही, अबएकऔरनया तरीका आ गया जहाँ बंद ट्रांसफार्मर को 5-7 मीटर दूर करने के लिए विभाग ने 2,00,000/- तक का एस्टीमेट एक किसान को थमा दिया। मामला है चरगवां स्थित ग्राम छपरा, बिजोरी का जहाँ पहले बिना किसान क ेसूचना दिए उसकी ज़मीन पर ट्रांसफार्मर लगा दिया और जब उसने इसका विरोध किया तो उसे यह बोल के शांत कर दिया की उनकी जानकारी में नहीं था कि यह सरकारी भूमि नहीं है और आश्वासन दिया कि जल्दी ही उसे बाजु की सरकारी ज़मीन पर लगा देंगे। कुछ वर्ष बाद जब वह ट्रांसफार्मरडेड (बंद) हो गया और विभाग ने दूसरे ट्रांसफार्मर से लाइन लेकर शुरू कर दी गई। किसान ने उन्हें यह ज्ञात कराया की वह अपनी ज़मीन पर निर्माण कार्य करवाना चाहता है यह बताकर जब विभाग को उनका वादा याद दिलाया लेकिन विभाग के मौजूदा पदाधिकारियों ने उससे कन्नी काट ली और उसे प्रताड़ित करने लगे तो और तो और जे.ई. ने करीब 2 लाख का एस्टीमेट बनाकर उसको थमा दिया जिसमे हर एक सामान का व्यय उस किसान को करना पड़ेगा। एक ओर जहाँ मुख्यमंत्री किसानों के हित में फैसले ले रही है वहीं इस चुनावी मौसम में बिजली विभाग सरकारकी लुटिया डुबाने में लगी है। किसान द्वारा बिजली विभाग के चक्कर काट कर अपने ज़मीन सेट्रांसफार्मर बाजू की सरकारी ज़मीन में स्थानांतरण करने की मुहीम में वह ठगा महसूस का रहा है और उसने प्रशासन से ठोस कदम उठाने की अपील की है।

### बिजली विभाग पहलवान तो भला क्या करे किसान

# प्रत्याशी को न देखें, आपको पार्टी को जिताना है: शिवप्रकाश
## बरगी विधानसभा की बैठक में भाजपा कार्यकर्ता को निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश,पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सी.टी रवि, सांसद व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह,सांसद व संभागीय प्रभारी कविता पाटीदार, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, जिला संगठन प्रभारी जाहर सिंह,पूर्व विधायक प्रतिभा सिंह, जिलाध्यक्ष सुभाष रानू तिवारी, विधानसभा संयोजक सुखराम पटेल,विधानसभा संगठन प्रभारी रामरतन पायल की उपस्थिति में संपन्न बैठक में शक्ति केंद्र संयोजक,जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष आदि उपस्थित थे। उक्त बैठक को मुख्यरूप से शिवप्रकाश व सी.टी रवि ने संबोधित किया।



बैठक को संबोधित करते हुए शिवप्रकाश ने कहा कि हमेशा यह बात कही जाती थी कि भाजपा चुनावों में प्रत्याशियों की घोषणा विलंब से करती है, तो इस बार भाजपा द्वारा प्रदेश विधानसभा चुनाव में 39 प्रत्याशियों की घोषणा चुनाव के लगभग डेढ़ सौ दिन पहले की है। इस सूची में आपकी बरगी विधानसभा के प्रत्याशी का नाम भी है तो हम सबको चुनाव तैयारी के लिए अपेक्षाकृत अधिक समय मिला है।

हमें प्रत्येक बूथ पर सतत् संपर्क कार्यक्रम आयोजित करते रहना है। ताकि संभावित 10 से 15 अक्टूबर के बीच लागू होने वाली चुनावी आचार संहिता के पूर्व हमारा जनसंपर्क वृहद स्तर पर हो सके।

हमें प्रत्याशी के लिए नहीं भाजपा के लिए काम करना है,क्योंकि प्रत्याशी सिर्फ एक चेहरा होता है किंतु जीत-हार हमेशा भाजपा की होती है। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष की संदीप शुक्ला व आभार विधानसभा प्रत्याशी नीरज सिंह द्वारा किया गया।

# शिक्षक दिवस पर जिला प्रशासन करेगा 111 उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान

# स्वीप की गतिविधियों के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय का नवाचार

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा निर्वाचन जागरूकता की गतिविधियों के अंतर्गत नवाचार के तौर पर 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर युवाओं और उनके भविष्य को संवारने में प्रतिपल प्रतिक्षण प्राण-पण से समर्पित 111 शिक्षकों को उनकी कर्मठता, उत्कृष्टता एवं प्रतिबद्धता हेतु सम्मानित किया जायेगा।

जिला निर्वाचन कार्यालय के स्वीप सेल के संयोजन में यह सम्मान समारोह शाम 4 बजे भंवरताल पार्क के समीप स्थित संस्कृति थियेटर में आयोजित किया जायेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप श्रीमती जयति सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस समारोह में मतदाता जागरूकता एवं निर्वाचन साक्षरता के अन्तर्गत मतदाता सूची के द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में नये मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने, मतदाता सूची में दर्ज प्रविष्टियों में सुधार हेतु फार्म भरवाने, मतदान का महत्व तथा मतदान प्रतिशत बढाने तथा स्वीप की गतिविधियों में निरंतर अच्छा कार्य करने वाले प्राचार्यो, निर्वाचन साक्षरता क्लब के नोडल अधिकारियों, विद्यार्थियों तथा शिक्षा जगत के अन्य विद्वतजनों को भी सम्मानित किया जायेगा।

# बगैर नोटिस, सुनवाई का अवसर दिये बिना शहरी सीलिंग में भूमि दर्ज करना गैर कानूनी

**जबलपुर,देशबन्धु।** शहरी सीलिंग में भूमि दर्ज करने के पूर्व में भू-स्वामियों को नोटिस जारी कर उन्हें सुनवाई का अवसर दिया जाना चाहिये था। यह इस कारण जरूरी था क्योंकि वर्ष 1970-1990 के दशकों में जेडीए तथा हाउसिंग बोर्ड ने विकसित कॉलोनियों संबंधी जारी किये गये विज्ञापनों में शहरी सीलिंग का कहीं पर भी उल्लेख नहीं किया था इन्ही विकसित कॉलोनियोंकी भूमि अब सीलिंग के मद में दर्ज की गई है। अत: यह पूरी कार्यवाही गैर कानूनी है, इस कारण इसे खारिज करें, यह निवेदन डॉ पीजी नाजपांडे ने कलेक्टर को प्रस्तुत किया है।

**हजारों परिवार मुश्किल में**-सरकारी तथा गैर सरकारी रियल इस्टेट डेवलपर्स ने विज्ञापनों में सीलिंग भूमि का उल्लेख नहीं कर हजारों परिवारों को प्लाटस, मकान बेचे हैं यह छलकपट है। राजेश गिदरोनिया, राजेश सेंगर, कैलाश पटेल, जवाहर जायसवाल, मक्कन से आदियों ने कार्यवाही की मांग की है।

# 9 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा

**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार संपूर्ण प्रदेश में 09 सितंबर 23 (शनिवार) को उच्च न्यायालय स्तर से लेकर जिला न्यायालयो / तालुका न्यायालयो, श्रम न्यायालयों कुटुम्ब न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे न्यायालयीन लंबित दीवानी एवं आपराधिक शमनीय मामलों एवं बैंक, विद्युत श्रम जलकर संपत्तिकर आदि प्री-लिटिगेशन प्रकरणों सहित सभी प्रकार के मामले निराकरण किये जायेंगे। नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम के लंबित प्रकरणों में निम्न श्रेणी के समस्त घरेलू समस्त कृषि, 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू, 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को आकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारित आदेश जारी तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्ति पश्चात् 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाल ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी। प्री-लिटिगेशन प्रकरणो में आकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारित आदेश जारी तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्ति पश्चात् 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी। उक्त नेशनल लोक अदालत में मप्र नगर पालिका अधिनियम के अंतर्गत अधिरोपित संपत्ति कर एवं जलकर के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों मे बकाया राशि अनुसार अधिभार में 25 से 100 प्रतिशत तक की छूट (शर्तों के अधीन) घोषित की गई है। उक्त छूट 9 सितम्बलर. 23 के पश्चात् समाप्त हो जायेगी। अत लोक अदालत की छूट का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने हेतु अनुरोध किया जाता है की ऐसे इच्छुक पक्षकारगण जो न्यायालय में लंबित एवं मुकदमेबाजी के पूर्व (प्रिलिटिगेशन प्रकरण) उपरोक्त प्रकार के चिन्हित किये गये प्रकरणों / विवादों का उचित समाधान कर आपसी सहमति से लोक अदालत में निराकरण कराना चाहते है वे संबंधित न्यायालय अथवा उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति / जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सम्पर्क कर अपना मामला लोक अदालत में रखे जाने हेतु अपनी सहमति व आवश्यक कार्यवाही 9 सितम्बार 23 के पूर्व पूर्ण कराये ताकि सुविधानुसार मामला नेशनल लोक अदालत 09 सितंबर 23 को विचार में लेकर निराकृत किया जा सके।

# राइफल शूटिंग में चैतन्य वीर दुबे ने जीते दो गोल्ड मेडल



**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं कार्यालय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग के तत्वावधान में जिला स्तरीय एवं संभाग स्तरीय शालेय शूटिंग प्रतियोगिता- 2023-24 मे शानदार प्रदर्शन करते हुए शहर के उभरते हुए निशानेबाज स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल विजय नगर के कक्षा 8 के छात्र चैतन्य वीर दुबे ने 10 मीटर राइफल शूटिंग, आयु वर्ग-14 (बालक) में दो गोल्ड मेडल जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है7 इसके साथ ही चैतन्य वीर ने भोपाल में आगामी 9 सितंबर से आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय निशानेबाजी प्रतिस्पर्धा में भी अपनी जगह सुनिश्चित कर ली है।

ज्ञात हो की चैतन्य वीर दुबे का हाल ही में नेशनल शूटिंग प्रतियोगिता के लिए भी चयन हो चुका है7 जानकारी के अनुसार जिला एवं संभाग स्तरीय इंटर स्कूल शूटिंग (निशानेबाजी) प्रतियोगिता का आयोजन दो चरणों में स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल विजयनगर में हुआ7 प्रथम चरण में जिला स्तरीय प्रतियोगिता हुई7 जिसमें जिले के 28 स्कूलों के लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया था7 प्रतियोगिता का द्वितीय चरण एक एवं दो सितंबर को आयोजित हुआ7 जिसमें जबलपुर संभाग के अंतर्गत जिला जबलपुर, छिंदवाड़ा, कटनी, बालाघाट, नरसिंहपुर के निशानेबाज शामिल हुए7 प्रतियोगिता के समापन पर सोमवार को स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल विजय नगर में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में जिला खेल अधिकारी चंदा सोनी, गन फॉर ग्लोरी के संचालक प्रशांत जैन, सहायक संचालक खेल विभाग आशा सिसोदिया, स्टेमफील्ड स्कूल के डायरेक्टर पर्व जायसवाल, प्राचार्य मनमीत कोहली ने चैतन्य वीर दुबे को 2 गोल्ड मेडल प्रदान कर उज्जवल भविष्य की कामना की7 चैतन्य वीर निशानेबाजी का प्रशिक्षण हर्षा चौहान एवं संगीता पासी के मार्गदर्शन में प्राप्त कर रहा है।

# तालाब के आस पास दुकान लगाने वाले दुकानदारों के विरूद्ध की गई चालानी कार्यवाही

## क्षेत्रों में गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध की जायेगी कार्यवाही - निगमायुक्त



**जबलपुर, देशबन्धु।** डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड के अंतर्गत गोपालबाग तालाब का निरीक्षण करने पहुंचे पार्षद अदिती अतुल वाजपेयी, निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े, कोर्ट कमिश्नर श्रेयस धर्माधिकारी, अपर आयुक्त विद्यानंद वाजपेयी, अतिक्रमण निरोधक अधिकारी सागर बोरकर, अतिक्रमण सहायक विधि अधिकारी राजीव अनभोरे, एवं मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक अतुल रैकवार के अचानक हुए निरीक्षण से हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई।

निरीक्षण के संबंध में अतिक्रमण निरोधक अधिकारी सागर बोरकर ने बताया कि निरीक्षण के दौरान तालाब में क्षेत्रीय धोबी द्वारा तालाब में कपड़े धोते पाये जाने पर चालानी कार्यवाही की गई, इसके साथ-साथ अधिकारियों की मौजूदगी में ही तालाब के आस-पास लगी हुई अवैध दुकानों के चालान भी काटे गए।




उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान आस-पास के क्षेत्रीय लोग इकट्ठे हुए और अधिकारियों को देखकर उन्होंने बताया कि यहां पर नियमित रूप से साफ-सफाई तो होती है लेकिन कुछ एक दुकानदारों के द्वारा छोटी-मोटी दुकान लगाई जाती हैं। अधिकारियों ने तत्काल ही उनके चालान काटा और सख्त निर्देश देते हुए कहा कि तालाब के आसपास ना तो कोई दुकान लगेगी और ना ही किसी प्रकार का कोई प्रदूषण तालाब में किया जाएगा अन्यथा भविष्य में और भी अधिक कार्यवाही की जायेगी।

निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने पूरे तालाब व आस पास के क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए और भी अधिक साफ सफाई रखने के लिए कर्मचारियों को निर्देशित किया। कार्यवाही के समय आनंद कृष्ण त्रिवेदी, गिरीराज, चूरामन कटारे, अशीष रावत, मनीष गुप्ता, भोलानाथ विश्वकर्मा, पीयूष राठौर एवं देवेन्द्र पांडे आदि उपस्थित रहे।

**आज सायंकालीन एवं 6 सितम्बर को प्रात:कालीन जलापूर्ति प्रभावित रहेगी**-कार्यपालन यंत्री श्री कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि ललपुर जलप्रदाय योजनांतर्गत 42 एमएलडी जलशोधन संयंत्र अंतर्गत भॅंवरताल उच्चस्तरीय टैंक में 24 गुणा 7 योजना के तहत् 600 एम.एम. व्यास का वाल्व व टी बदलने का कार्य 5 सितम्बर को किया जाना है, जिसके चलते उक्त तिथि को भॅंवरताल टैंक से सायंकालीन एवं 6 सितम्बर को प्रात:कालीन जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। इस अतिमहत्वपूर्ण कार्य के संपादन के चलते क्षेत्रीय लोगों को होने वाली असुविधा के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', जलप्रभारी एकता गुप्ता एवं निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने खेद व्यक्त किया है।

# निर्मला चर्च में विराजी माता वैलंकन्नी

**जबलपुर, देशबन्धु।** निर्मला चर्च कांचघर में स्वास्थ्य की माता वेलांगनी का महापर्व एवं नौरोजी प्रार्थना के पांचवे दिन फादर विलफ्रेड ने अपने प्रवचन मैं कहा- हे प्रभु मैं दिन भर तुझे पुकारता हूं ,मैं संकट में हूं,हे प्रभु तू दयालु और क्षमाशील है। प्रभु आप तो हमारी सफलता और कल्याण की योजना बनाते हैं, पर हम सभी शैतानी प्रपंचो में लिप्त हैं।

वास्तव में हमारे जीवन में आनंद नहीं है, हमे किसी व्यक्ति ,वस्तु और धनसंपदा से आनंद नहीं मिलता।आनंद का एकमात्र स्त्रोत येशु है, और हमारे जीवन में यह आनंद माता मरियम ने प्रदान किया है। इस आनंद को प्राप्त करने के लिए मरियम ने जैसा किया ,वैसा आप सभी से करने को कहती है कि न मृत्यु ,न जीवन, न स्वर्ग दूत,न प्रधानता , न वर्तमान, न भविष्य, न सामर्थ , न ऊंचाई ,न गहराई और न कोई सृष्टि हमें परमेश्वर के प्रेम से जो हमारे प्रभु येशु में है अलग कर सकेगी। रोमियो आप निश्चित यीशु के आनंद में रहेंगे। यहां नई वेलांकनी के मूर्ति के रूप में माता वेलांगनी स्वयं विराजी हैं। 4 सितंबर फादर एलेग्जेंडर के द्वारा माता मरियम वचन के प्रति निष्ठावान विषय पर अपने प्रवचन देंगे।

निर्मला चर्च के फादर क्रिस्टोफर फादर ,जेवियर ने आप सभी मां के भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में निर्मला चर्च पहुंचकर आध्यात्मिक लाभ लेने की अपील की है।





# जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज इंडक्शन प्रोग्राम में मिलेगा गाइडेंस

**जबलपुर देशबन्धु।** जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रथम वर्ष के छात्रों का इंडक्शन प्रोगाम आयोजित हुआ। कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. पीके झिंगे, समन्वयक डॉ. शिल्पा सक्सेना ने दो सप्ताह तक चलने वाले इंडक्शन प्रोग्राम की गतिविधियों से अवगत करवाया। इंडक्शन प्रोग्राम में छात्रों को स्टार्टअप, बिजनेस और रिसर्च से जुड़ी जानकारी प्रदान की जाएगी। डॉ. दुर्गेश नंदिनी ने संचालन किया।



## श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में मनाया स्थापना दिवस

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्थानीय श्री सुप्तेश्व'गणेश मंदिर एकता विहार रतन नगर रोड में आज के दिन 4 सितंबर सन 1989 को भगवान श्री सुप्तेश्वर गणेश जी की स्थापना पूजन अर्चन घी,सिंदूर लगाकर विधि विधान से श्रीमती सुधा अविनाश राजे एवम् भक्तो के द्वारा किया गया तब से प्रतिवर्ष 4 सितंबर को भगवान श्री सुप्तेश्वर गणेश जी का स्थापना दिवस मनाया जाता है इसी क्रम में आज श्री सुप्तेश्वर विकास समिति के द्वारा भगवान का पूजन अभिषेक एवं महाआरती कर भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया आज के मुख्य यजमान इंदु तिवारी है एवं श्री सुप्तेश्वर विकास समिति के साथी गण रहे सैकड़ो की सख्या मे भक्त आयोजन में शामिल रहे हैं।



## राम की मर्यादा और कृष्ण की लीला जीव के लिए मोक्षदायनी

**जबलपुर, देशबन्धु।** जन्माष्टमी पर श्री कृष्ण मन्दिर छोटी ओमती मे चल रही भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला विविध प्रसंगों पर हरिद्वार ललिता आश्रम के आचार्य पंडित शिवकुमार जी पांडे ने कहा जीव को मोक्ष राम की मर्यादा और कृष्ण की विविध लीलाओं से सीख ले कर अपने जीवन का उद्धार करना चाहिए। कथा के पूर्व मन्दिर समिति की ओर से नरेंद्र पाल मलिक, श्याम साहनी, महेश यादव, सीताराम डांग,नागेश राजेश सराफ, विधेश भापकर, राजेंद्र यादव, अनिता यादव, रश्मि शर्मा, सुमंत शर्मा, मनीषा पाहुजा, निर्मला तायडे , निर्मला सोंधिया, शकुंतला श्रीवास्तव ने स्वागत किया।





## सेम सीनियर सिटीजन क्लब

**जबलपुर देशबन्धु।** सेम सीनियर सिटीजन क्लब के तत्वावधान मे कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मोके पर पंद्रह से ज्यादा रिटायर शिक्षको का सम्मान किया गया। इस दौरान सांस्कति कार्यक्रम की प्रस्तुती की गई। जिसमें दर्शकों का जमकर मन मोहा गया। इसमें धार्मिक गीतो पर झांकियों को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जसवीर चौपड़ा, राजकुमार रैकवार प्रभा श्रीवास्तव, रश्मि श्रीवास्तव, ने कृष्ण लीला को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जादूगर एस के निगम, प्रतुल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल, आई के अग्रवाल, एलएस चौहान, आदि जन की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## चित्रकला प्रतियोगिता

**जबलपुर देशबन्धु।** ललित कला संस्थान में कलाविद् भगवानदास गुप्ता की स्मृति में 6 सितम्बर को सुबह 10 बजे से कृष्ण लीला पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। वहीं दोपहर 2 बजे प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण किए जाएंगे।

## नाटक मंचन 8 को

**जबलपुर देशबन्धु।** महाकोशल शहीद स्मारक ट्रस्ट, थिएटर हाउस और विवेचना रंगमंडल के संयुक्त तत्वावधान में 8 सितम्बर को शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में शाम 6.30 बजे से सर्वे भवन्तु सुखिन नाटक का मंचन किया जाएगा।

# प्रथम कथा दिवस, आयोजन स्थल से निकली भव्य शोभा यात्रा



## भव्य कलश यात्रा में शामिल हुई हज़ारों मातृशक्तियाँ

**जबलपुर, देशबन्धु।** समाज कल्याण के लिए चार दिवसीय आयोजित श्रीकृष्ण महिमा कथा का शुभारंभ कृष्णं वंदे जगद्गुरूम् जयघोष से प्रारंभ हुआ। इसके पश्चात भव्य एवं विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें कथा प्रवक्ता आचार्य स्वामी अशोकानंद जी महाराज की अगुवाई में हजारों मातृशक्तियों ने भाग लेकर सिर पर कलश लेकर शोभा यात्रा में शामिल हुई। इस अवसर पर कैंट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, लेखराज सिंह मुन्ना भैया, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज ध्वजा लेकर चल रहे थे।

इस कथा के संबंध में कैंट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने बताया कि दादा रोहाणी सेवा समिति द्वारा श्री कृष्ण महिमा कथा का चार दिवसीय आयोजन यहाँ पर होने जा रहा है। इसका मात्र एक उद्देश्य है कि विश्व कल्याण और समाज कल्याण में सभी को शांति और अरोग्यता प्राप्त हो। यह आयोजन इसलिए भी महात्वपूर्ण है कि स्व. दादा हमेशा से ही हमेशा से ही समाज कल्याण के लिए सेवा भाव से कार्य करते रहे हैं। उनकी स्मृति भी इस कथा से जुड़ी है। वे हमेशा कहा करते थे कि अपनी इस विधानसभा में हमेशा एक भव्य धार्मिक आयोजन होते रहना चाहिए जिससे कि समाज के सभी वर्गो को पुण्य लाभ मिले और सभी घरों में हमेशा सुख शांति समृद्धि बनी रहे। दादा की इसी संदेश को परम्परागत रूप से बढ़ाते हुए विधायक एवं दादा के यशस्वी पुत्र अशोक ईश्वरदास रोहाणी के द्वारा यह आयोजन कराया जा रहा है।

केन्ट क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने बताया कि श्री कृष्ण महिमा कथा का आयोजन संस्कारधानी और छेत्र की जानता के अनुरूप किया जा रहा है इसका मुख्य उद्देश्य संस्कारधानी को धर्ममय बनाना है भगवान की भक्ति से सभी को जोड़ना है और कहते है कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भगवान का वास धरती पर होता है और इस समय कथा का आयोजन होना समस्त जानता जनार्धन पर भगवान का सीधा आशीर्वाद प्राप्त होना होगा आप सभी सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करे। इस अवसर पर सोनू बचवानी, दामोदर सोनी, गुड्डा केवट, आशीष राव, संजय वर्मा , रिक्की यादव, निशांत झरिया, श्रीमती संतोषी ठाकुर, श्रीमती सावित्री शाह, अनुराग दाहिया, श्रीमती कृष्णा दास चौधरी , संदीप राठौर, प्रसन्न उपाध्याय, श्रीमती सोना वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## सियारामशरण गुप्त की जयंती पर प्रश्नमंच का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु ।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय जबलपुर के सेठ गोविंद दास हिंदी पुस्तकालय में राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी साहित्य जगत के महान साहित्यकार सियारामशरण गुप्त जी की जयंती व कर्मचारी हिंदी प्रश्नमंच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजभाषा अधिकारी अरविंद पाण्डेय, सहायक कार्मिक अधिकारी(कल्याण) द्वारा की गई। तथा कार्यक्रम के अतिथि स्थानीय साहित्यकार उमेश ओज थे। सर्वप्रथम सियारामशरण गुप्त जी की फ़ोटो पर अध्यक्ष व अतिथि द्वारा माला पह्नाकर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई। उसके बाद कार्यक्रम के संचालक वरिष्ठ अनुवादक किशोर कुमार साहू द्वारा रोज़ बड के माध्यम से अध्यक्ष व अतिथि का स्वागत किया गया। स्थानीय साहित्यकार श्री उमेश ओज द्वारा सियारामशरण गुप्त जी के जीवनवृत्त पर प्रकाश डाला वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजभाषा अधिकारी द्वारा कर्मचारियों को हिंदी राजभाषा में कार्यालयीन कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। इसके बाद राजभाषा अधिकारी द्वारा कर्मचारियों से मध्यप्रदेश, रेलवे, राजभाषा व राष्ट्रीय विषयों पर केंद्रित 50 प्रश्नों को पूछा गया। सही जबाब देने वाले कर्मचारियों को पुरस्कार स्वरूप नगद राशि प्रदान की गई। दर्जनों कर्मचारियों ने कार्यक्रम में भाग लेकर उसे सफल बनाया।



## दैनिक राशिफल

**मंगलवार 05 सितम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। भाद्रपद कृष्ण पक्ष की षष्ठी। नक्षत्र- भरणी।**

**मेष**
आज का दिन आपके लिए बेहद अनुकूल रहेगा। आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे।

**वृषभ**
आज आपको सावधान रहने की सलाह दी जाती हैं। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी।

**मिथुन**
आज आपका दिन बहुत लाभदायी है। अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे। नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे।

**सिंह**
आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा। आपका व्यवहार न्यायपूर्ण रहेगा।

**कन्या**
आज का दिन किसी भी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा है। हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है।

**क.**

**तुला**
आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा।

**वृश्चिक**
आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा। आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा।

**धनु**
आज आपको यात्रा ना करने की सलाह दी जाती है। संतान के स्वास्थ्य और पढ़ाई के संबंध में चिंता रह सकती है। मेहनत करने पर भी आज काम में सफलता नहीं मिलेगी।

**मकर**
आपको कठिन परिस्थिति का सामना करना पड़ सकता है। पारिवारिक समस्याओं का प्रभाव आपके मस्तिष्क पर पड़ेगा। माता के स्वास्थ्य की चिंता होगी।

**कुंभ**
आज आपको मानसिक राहत मिलेगी। शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होने के कारण आपका उत्साह बढ़ेगा। दोस्तों और पड़ोसियों के साथ रिश्ते बेहतर होंगे।

**मीन**
नकारात्मक विचारों को अपने मन से हटाएं। क्रोध और वाणी पर संयम बरतें। किसी से वाद-विवाद या झगड़े को हर संभव टालने का प्रयास करें।

**मा.**

# शंखनाद से होगा शोभायात्रा का शुभारंभ श्रीकृष्ण की बांसुरी से समापन



**जबलपुर, देशबन्धु।** सनातन संस्कृति और परम्पराओं को आगे बढ़ाने के लिए समाज को दिशा देने के लिए व्यक्ति नेतृत्व करते हैं। श्रीहरि नारायण के नरसिंह, गोपाल, कृष्ण , राम के स्वरूपों को विभिन्न पूजन पध्दतियो से मनाते हैं। सनातन धर्म महासभा जबलपुर में जबलपुर के सभी सनातनियों का विग्रह है ।

समाज एकत्रीकरण का प्रगटीकरण ही दिव्य भव्य शोभायात्रा का स्वरूप है। उक्त उद्गार नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह दास जी महाराज ने श्री गोपाल लाल जी महाराज मंदिर हनुमान ताल में सनातन धर्म महासभा की बैठक में कहे। बैठक में श्याम साहनी, अनिल तिवारी, पप्पन मिश्रा ने बताया कि शोभायात्रा में श्रीराधा कृष्ण की लीलाओं की झांकियां रहेगी। आचार्य वासुदेव शास्त्री, पं रोहित दुबे, अखिलेश त्रिपाठी, देवेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि नगर पंडित सभा शंखनाद, स्वास्तिवाचन करते चलेगी। महिला मंडल की नीतू दुबे, कृष्णा यादव, कविता साहू ने बताया कि सभी पीत वस्त्र धारण कर चलेंगी। गिरिराज चाचा, रमेश शर्मा, भोले सोनकर ने शोभायात्रा का सामाजिक सांस्कृतिक संगठनों,संस्थाओं से स्वागत अभिनंदन करने का आग्रह किया है।

## बलराम जयंती पर समरसता सेवा संगठन करेगा विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** समरसता सेवा संगठन द्वारा बलराम जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन कल मंगलवार 5 सितंबर को शाम 4 बजे से सिंधी धर्मशाला घंटाघर में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में समरसता सेवा संगठन के संयोजन में सम्पन्न संस्कारधानी समरसता कजलियां महोत्सव में पूजा की थाली सजाओ प्रतियोगिता एवँ निबंध लेखन प्रतियोगिता में सम्मिलित प्रतिभागियों का पुरस्कार वितरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक डॉ राजेश धीरावाणी एवं मुख्य वक्ता प्रो. नरेंद्र कोष्ठी होंगे।

समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने बताया बलराम जयंती कार्यक्रम समरसता सेवा संगठन के वार्षिक कैलेंडर में भी शामिल है और इसी क्रम में विचार गोष्ठी एवँ सम्मान समारोह का आयोजन 5 सितम्बर को किया जाएगा साथ ही पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया है जिसमें पूजा की थाली सजाओ प्रतियोगिता एवँ निबंध लेखन प्रतियोगिता के प्रथम 10 - 10 प्रतिभागियों को ग्यारह सौ रुपये की राशि एवँ प्रतियोगिता में सम्मिलित सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये जायेंगे।

## ओपीएस के लिए कर्मचारियों का शंखनाद



**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के संरक्षक एडवोकेट योगेन्द्र दुबे के मार्गदर्शन में पुरानी पेंशल बहाली ओपीएस के लिए शुक्रवार 8 सितम्बर 2023 को सायं 6 बजे पुलिस कंट्रोल रूम के सामने ओमती घंटाघर जबलपुर में मुख्यमंत्री के नाम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जायेगा। ओपीएस बहाली की मांग के लिए समर्थन जुटाने संघ के कर्मचारियों ने ब्लाक बरेला, कुण्डम, मझगंवा, मझौली, पाटन ब्लाकों में कर्मचारियों से भेंट कर सहयोग की अपील की और साथ में जिला चिकित्सालय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग जिला पंचायत तहसील कार्यालय जबलपुर जनपद पंचायत जबलपुर उपसंचालक उधानिकी जिला जबलपुर आरईएस कार्यालय वन मंडल अधिकारी डीएफओ कार्यालय क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवायें जबलपुर संभाग में कर्मचारियों से भेंटकर, उन्हें ओपीएस बहाली के पम्पलेट वितरण कर आंदोलन को सफल बनाने के लिए उपस्थिति एवं सहयोग की अपील की गई। इस दौरान संघ के योगेन्द्र दुबे, अर्वेन्द्र राजपूत, अवधेश तिवारी, अटल उपाध्याय, यूएस करौसिया, ब्रजेश ठाकुर, मुकेश सिंह, मिर्जा मंसूर बेग, आलोक अग्निहोत्री, एसके वर्मा, अमित पटेल, अंकित चौरसिया, शैलेन्द्र दुबे, सुशील गर्ग, ब्रजेश मिश्रा, दुर्गेश पाण्डेय, हेमंत गौतम, सतीश देशमुख, पंकज जायसवाल, योगेश कपूर, अभिषेक वर्मा, प्रीतोष तारे, बलराम बाल्मीक, कमलेश पटेल, हिमारत मार्को, तुषरेन्द्र सिंह सेंगर, नीरज कौरव, निशांक तिवारी आदि ने 8 सितम्बर को आंदोलन को सफल बनाने की अपील समस्त विभागों में जाकर समस्त कर्मचारियों से सहयोग एवं समर्थन हेतु भेंट की।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री अरविंद गुप्ता-** कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी श्री छोटे लाल गुप्ता के पुत्र श्री अरविंद गुप्ता (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती हेमा दास-** जसूजा सिटी फेस 3 धनवंतरी नगर निवासी श्री संजय कुमार दास की धर्मपत्नी रीमती हेमा दास (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उमा देवी-** पंजाबी बाड़ा बड़ी खेरमाई निवासी श्री महेश खटीक की धर्मपत्नी श्रीमती उमा देवी (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गौतम चंद्र जैन-** सदर केंट निवासी श्री गौतम चंद्र जैन (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पवन सोनकर-** सिंधी कैंप ठक्कर ग्राम निवासी श्री पवन सोनकर (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्रीमती शांति द्विवेदी-** कांचघर कॉलोनी निवासी श्री रामरक्षा द्विवेदी की धर्मपत्नी श्रीमती शांति द्विवेदी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जनोप घसिया-** ठक्कर ग्राम घसिया कॉलोनी निवासी श्री सुनील घसिया के पुत्र श्री जनोप घसिया (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कृष्णा धानुक-** बृजमोहन नगर छापर रामपुर निवासी श्री कृष्णा धानुक (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चंद्रभान राय-** कटरा अधारताल निवासी श्री चंद्रभान राय (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री मुन्ना लाल गुप्ता-** भानतलैया बकरा मार्केट निवासी श्री मुन्ना लाल गुप्ता (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कन्हैया राम जायसवाल-** नटबाबा गली दीक्षितपुरा निवासी श्री कन्हैया राम जायसवाल (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री गोलू चौधरी-** ठक्करग्राम करियापाथर स्कूल के पास निवासी श्री किशन लाल चौधरी के पुत्र श्री गोलू चौधरी (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अजीत सिंह वर्मा-** शक्ति नगर निवासी श्री अजीत सिंह वर्मा (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री त्रिपुरारी रामनंदन पांडे-** दत्त टाउनशिप तिलहरी निवासी श्री त्रिपुरारी रामनंदन पांडे (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामवती विश्वकर्मा-** संजय नगर अधारताल निवासी श्री रामानंद विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती रामवती विश्वकर्मा (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

## जिला शांति समिति की बैठक में कलेक्टर की दो टूक...

# त्यौहारों में शांति का मतलब शांति ही होना चाहिए, फिजा बिगाड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा





**जबलपुर,देशबन्धु** । आगामी दिनों में संस्कारधानी जबलपुर में कृष्णा जन्माष्टमी,गणेश उत्सव और मिलाद- उल- नबी का त्यौहार मनाया जायेगा। कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि उक्त त्यौहार आपसी भाईचारा, सदभावना और शान्ति पूर्वक मनायें। त्यौहारों में शांति का मतलब शांति ही होना चाहिए फिजा बिगाड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। कलेक्टर सुमन ने आगे कहा कि त्यौहार के दौरान यातायात व्यवस्था, प्रकाश का प्रबन्ध, पेयजल व्यवस्था, सुरक्षा के बंदोबस्त और साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये हैं।

कलेक्टर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला शान्ति समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक टीके विद्यार्थी, नगर निगम कमिश्नर स्वप्निल वानखेड़े, अपर कलेक्टर शेर सिंह मीणा, अपर कलेक्टर नाथूराम गोड़, जिला शान्ति समिति के सदस्य रमेश चन्द्र शर्मा, अनिल शुक्ला, महंत योगीराज महाराज, भरत सिंह यादव, प्यारे साहाब, शबान मंसूरी, अशोक साहनी, एम.के. मुदद्रीन, साबीर उसमानी, प्रतिभा भापकर, मनोज वाघमारे, ताहिर अली, मनोज वर्मा, योगेश कोल, इमरतलाल नुनिया, आशीष उसरेठे, गोपाल पुरी, शशांक यादव, प्रेमपुरी गोस्वामी, सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं जिला शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

### सद्भाव बिगाड़ने वाले आसामाजिक तत्वों पर होगी निगरानी

कलेक्टर ने कृष्णा जन्माष्टमी त्यौहार के दौरान आयोजित होने वाली शोभायात्रा का संचालन व्यवस्थित ढंग से करने के निर्देश दिये। आयोजकों को शोभायात्रा का संचालन निर्धारित रूट के अनुसार करना होगा। इस दौरान मंचीय व्यवस्था का आयोजन सड़कों पर नहीं किया जा सकेगा। शोभायात्रा के आयोजन में लाऊड स्पीकर और डीजे का उपयोग जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार करना होगा। उन्होंने बताया कि मटकी की ऊँचाई निर्धारित रहेगी, मटकी फोड़ कार्यक्रम के लिए स्थान एवं समय निर्धारित रहेगा। इस दौरान संपूर्ण कार्यक्रमों पर निगरानी रखने के लिये, जिले का पुलिस बल भी तैनात रहेगा। कलेक्टर ने कहा कि जिले में गणेश उत्सव का त्यौहार 19 सितम्बर से 28 सितम्बर तक मनाया जायेगा। गणेश जी की प्रतिमा स्थापित करने के लिए सुरक्षात्मक स्थानों का चयन करें। गणेश जी की प्रतिमा ऐसे स्थानों में स्थापित की जाये जिससे आवागमन बाधित न हो। गणेश उत्सव समिति को गणेश उत्सव कार्यक्रम समारोह एवं तिथि निर्धारण व्यवस्था की सूचना देनी होगी। उन्होंने बताया कि मूर्तियां विसर्जन के लिये नगर निगम जबलपुर के द्वारा कुण्ड तैयार किये जायेंगे। मूर्तियां इन्हीं कुण्डों में विसर्जन की जायेगी। कलेक्टर ने कहा कि 28 सितम्बर को जिले में मिलाद-उल नबी का त्यौहार मनाया जायेगा। उक्त त्यौहार का आयोजन शान्ति पूर्वक संपन्न हो इसके लिये आवश्यक व्यवस्थाएं की जायेगी। त्यौहारों के दौरान प्रकाश का प्रबंध, पेयजल व्यवस्था सुरक्षा एवं साफ-सफाई की व्यवस्था की जायेगी। आयोजित त्यौहार के दौरान लाऊड स्पीकर एवं डीजे का उपयोग जिला प्रशासन के दिशा निर्देशों के अनुसार करना होगा। उन्होंने नगर निगम जबलपुर को सड़कों के गडड्े भरना, स्ट्रीट लाईट चालू कराना, पेयजल का प्रबंध करना एवं पुलिस विभाग को यातायात व्यवस्था, पार्किंग एवं सुरक्षा के बंदोबस्त करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने उक्त पर्वो के दौरान सभी अनुभाग एवं थाना स्तर पर शान्ति समिति की बैठक आयोजित करने को कहा। आयोजित बैठक में त्यौहारों को शान्ति पूर्वक मनाने के लिये दिशा निर्देश देना होगा। उन्होंने सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने वाले आसामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने को कहा। जिससे त्यौहारों के आयोजन में विघ्न डालने वाले आसामाजिक तत्वों पर कार्यवाही की जा सके। कलेक्टर ने त्योहारों के आयोजन के स्वरूप एवं रैली के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। जिससे आयोजनों को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा सके। पुलिस अधीक्षक टी. के. विद्यार्थी ने कार्यक्रम आयोजन के पूर्व साऊंड सिस्टम धारकों को नोटिस जारी कर बांउड ओवर भराने के निर्देश दिये।

## सोमनाथ एक्सप्रेस के कोच के टॉयलेट में मिला वृद्ध का शव





### जबलपुर यार्ड पहुंचने पर हुई जानकारी

**जबलपुर,देशबन्धु।** सोमनाथ से चलकर जबलपुर आने वाली सोमनाथ एक्सप्रेस के डी-3 कोच के टॉयलेट में सोमवार 4 सितम्बर की अपरान्ह एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। शव उस समय रेल कर्मचारियों को दिखा, जब कोचिंग यार्ड में साफ-सफाई के लिए ट्रेन पहुंची।

बताया जाता है कि दोपहर सोमनाथ एक्सप्रेस का रैक कोचिंग यार्ड पहुंचा, जहां पर उसकी साफ-सफाई, मेंटेनेंस के बाद इसे जबलपुर-इंदौर ओवरनाइट एक्सप्रेस के रूप में तैयार करके स्टेशन भेजा जाना था।

जब रेल कर्मचारियों ने सभी कोचों की जांच शुरू की तो इसी दौरान कोच संख्या 215519/सी डी-3 के टॉयलेट में एक बुजुर्ग व्यक्ति पड़ा मिला, तत्काल ही आरपीएफ-जीआरपी को सूचना दी गई। तत्पश्चात रेलवे स्टेशन से चिकित्सक मौके पर पहुंचे और जांच उपरांत उसे मृत घोषित किया। बाद में जीआरपी ने शव का पंचनामा कराकर पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक कहां का निवासी है, किन परिस्थितियों में उसकी मौत हुई है, इसकी खुलासा नहीं हो सका है।

## वार्ड वासियों को मिली विकास कार्यों की सौगात



**जबलपुर,देशबन्धु।** डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड क्रमांक 40 के पार्षद मुकीमा याकूब अंसारी ने बताया, कि विकास की दौड़ में बहुत से क्षेत्र सिर्फ इसलिए छूट जाते है, क्योंकि वे क्षेत्र वोटों के गणित में नेता के लिए फायदेमंद नहीं होते हैं। मैने जब वार्ड की जिम्मेदारी संभाली तो मेरी प्राथमिकता थी कि ऐसे ही इलाकों की समस्याओं को हल किया जाए।

इसी क्रम में मंडी मदार टेकरी दारूल उलूम के पीछे बिस्मिल्लाह मुंशी मार्ग से लगे मैदान में विकास कार्य शुरू किया गया है। दो वार्डों की बॉर्डर पर होने की वजह से बुनियादी विकास से भी अछूता था, यहां रोड नाली सीमेंटीकरण आदि कार्य शुरू कराए गए हैं इंशा अल्ला जल्द ही यहां के लोगों को सालों पुरानी दर्जनों समस्याओं से निजात मिलेगी। विकास कार्यों के भूमि पूजन के दौरान समय कांग्रेस नेता याकूब अंसारी, शमीम खान, सुल्तान कुरैशी, शफीक कुरैशी, चीनी बाबा, रहीमुल्लाह बाबा, बाबू बाबा, मुख्तार बाबा, धन्नू भाई बाबा वाले, मुश्शन भाई, मुख्तार अली, जाबिर कुरैशी, शहजाद भाई, माजिद भाई, रैय्यान भाई, रफीक भाई, फिरोज भाई आदि उपस्थित रहे।

## ग्वारीघाट क्षेत्र में फिर पकड़ा गया क्रिकेट सटोरिया

**जबलपुर, देशबन्धु।** ग्वारीघाट अंतर्गत स्थित वैशाली परिसर में क्रिकेट सट्टा खिला रहे जयपाल रावलानी को पुलिस ने दबिश देकर दबोच लिया है। जय रावलानी ने पूछताछ में बताया कि वह शनि खत्री के कहने पर कमीशन पर सट्टा खिलाता है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मोबाइल फोन व 19 हजार 500 रुपए नगद बरामद किए है।

इस संबंध में ग्वारीघाट थाना प्रभारी नेहरु खंडाते ने बताया कि आदर्श नगर गोरखपुर निवासी जय रावलानी उम्र 43 वर्ष ने वैशाली परिसर में किराए पर फ्लैट लिया। जहां से वह ऑनलाइन आईडी पासवर्ड देकर ग्राहकों को क्रिकेट सट्टा खिलाता था। लम्बे समय से क्रिकेट सट्टा खिला रहे जय रावलानी के बारे में खबर मिलते ही पुलिस की टीम ने उक्त फ्लैट में दबिश दी। पुलिस को देखते ही ग्राहकों में भगदड़ मच गई। वहीं जय रावलानी भी भागा, जिसे पुलिस ने पीछा करते हुए पकड़ लिया। पुलिस ने जय रावलानी के कब्जे से एक मोबाइल फोन व 19 हजार 500 रुपए नगद बरामद किए। पुलिस को पूछताछ में आरोपी जय रावलानी ने बताया कि घमापुर निवासी शनि खत्री के कहने पर क मीशन पर क्रिकेट सट्टा खिलाता है। शनि खत्री के ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा 777 एक्सच डाट काम प्लेटफार्म चलाता है। जय रावलानी इसी आईडी व पासवर्ड ग्राहकों को बना देता है, जिसके खिलाड़ी अपना मनचाहा गेम खेलते हैं। पुलिस को मोबाइल की जांच करने पर तीन लाख रुपए से ज्यादा ट्रांसफर किए जाने की जानकारी मिली। पुलिस ने जय रावलानी व शनि खत्री के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अब शनि को पकड़ने के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

## मदन महल चौराहे युवतियों ने युवक को धुना

**जबलपुर, देशबन्धु।** मदन महल चौराहा स्थित दशमेश द्वार के ठीक सामने सोमवार दोपहर में उस समय हड़कंप मच गया, जब दो युवतियों ने एक युवक की जमकर धुनाई कर दी। जिसका वीडियो एक राहगीर ने रिकॉर्ड कर लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। मामूली बात को लेकर लड़कियां इतनी आक्रोश में आई कि उन्होंने आव देखा न ताव युवक की जमकर पिटाई करना शुरू दी। युवतियों के द्वारा युवक के साथ मारपीट करने का वीडियो अब सामने आया है। बताया जा रहा है कि जाम के दौरान जब युवतियों का वाहन जाम में फंस गया था।




उसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ। जिसके बाद युवतियों ने अपनी गाड़ी खड़ी की और युवक पर ताबड़तोड़ थप्पडों से हमला करना शुरू कर दिया। हालांकि मौके पर मौजूद एक ट्रैफिक पुलिस कर्मी ने इस पूरे विवाद को शांत करवाया। जानकारी के मुताबिक दोपहर को मदन महल चौराहे पर भारी जाम लगा हुआ था। जाम के दौरान एक युवक की युवतियों से ना जाने किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ता देख युवतियों ने अपनी गाड़ी खड़ी की और युवक पर ताबड़तोड़ थप्पड़ बरसाना शुरू कर दिया। मारपीट का यह वीडियो अब सामने आया है। हालांकि विवाद को देखते हुए मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने दोनों ही पक्षों को समझाइश दी जिसके बाद युवक और युवतियां अपने अपने रास्ते चले गए।

## सोशल मीडिया में पिस्टल लहराना मंहगा पड़ा, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** रांझी क्षेत्र में एक बदमाश को पिस्टल लेकर नाचने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करना मंहगा पड़ गया। बदमाश का वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने उसको दबोच लिया और उसके खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि युवक रांझी क्षेत्र का ही है। पुलिस के अनुसार रांझी क्षेत्र के बदमाश संजू लोधी अपराधिक प्रवृति का युवक है। जिसके खिलाफ रांझी थाना में एक दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज है। संजू लोधी ने कुछ दिन पहले एक पार्टी के दौरान डांस करते हुए पिस्टल निकालकर हवा में लहरा दी।

फिर उसका वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होते ही रांझी पुलिस ने संज्ञान लेते हुए संजू लोधी को बजरंग नगर पानी की टंकी के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने संजू लोधी के कब्जे से एक देशी पिस्टल व दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।



## डम्फर चोरी की रेत सहित जप्त, फरार चालक की तलाश

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोसलपुर थाना प्रभारी प्रशिक्षु आदर्श कांत शुक्ला ने बताया कि सोमवार को थाने में पुलिस को सूचना मिली कि गाम चन्नौटा में अवैध रेत का उत्खन्न कर अवैध परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर तत्काल मौके पर दबिश दी। जहां ग्राम चन्नौटा के आगे पहाड़ी के नीचे एक पीले रंग का डम्फर क्रमांक एमपी 20 जीए 3400 का चालक एवं कुछ मजदूर दिखे जो डम्फर में रेत लोड कर रहे थे जो पुलिस को देखकर वहां से डम्फर जिसमे आधी रेत भरी थी को छोड़कर भाग गये। डम्फर चालक की तलाश की गई जो नहीं मिला, मौके से डम्फर चोरी की रेत सहित जप्त करते हुये डम्फर चालक के विरूद्ध धारा 379, 414 भादवि तथा 4/21 खान खनिज अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## इनामी शातिर बदमाश पकड़ा गया, गुजरात में काट रहा था फरारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक तुषार कांत विद्यार्थी द्वारा फरार ईनामी उद्घोषित आरोपी की गिरफ्तारी एवं थानों में लंबित वारंटों की तामीली के लिये जिले में पदस्थ समस्त थाना प्रभारी शहर एवं देहत तथा राजपत्रित अधिकारियों को आदेशित किया गया है। आदेश के परिपालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध समर वर्मा द्वारा क्राईम ब्रांच टीम को गम्भीर मामलों में फरार आरोपी एवं उद्घोषित फरार ईनामी आरोपियों की धरपकड़ के लिये लगाया गया है।

इसी कड़ी में पुलिस को खबर मिली कि कटंगी का शातिर बदमाश देवेन्द्र विश्वकर्मा उर्फ देव उम्र 32 वर्ष निवासी कैमोरी कटंगी का जिसके विरूद्ध लगभग 40 अपराध पंजीबद्ध होकर न्यायालय में विचाराधीन है जिसके 3 गैरम्यादी वारंट थाना कटंगी, खितौला एवं कैंट में लंबित थे। जिसकी गिरफ्तार पर पुलिस अधीक्षक तुषार कांत विद्यार्थी द्वारा 6 हजार रूपये का ईनाम उद्घोषित किया गया था। वह अपनी मां से मिलने शहर आया हुआ है। क्राईम ब्रांच की टीम के द्वारा पतासाजी की गयी तो ज्ञात हुआ कि देवेन्द्र विश्वकर्मा वर्तमान में संजीवनी नगर में हनुमान मंदिर के पास किराये के मकान में रह रहा है जो अपनी मां के अस्पताल में भर्ती होने के कारण 3 दिन पहले ही गुजरात से आया है। यह जानकारी लगते ही पतासाजी करते हुये क्राईम ब्रांच की टीम के द्वारा देवेन्द विश्वकर्मा को पकड़कर वैधानिक कार्यवाही के लिये थाना कटंगी के सुपुर्द किया गया है।

# प्रोविजनल डिग्री के लिए किया आवेदन दूसरे मद की फीस मांग रहे वो भी डॉलर में

## हाईकोर्ट ने मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रोविजनल डिग्री के लिए आवेदन करने पर मध्य प्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी द्वारा स्पोटर्स, कल्चर, यूनिवर्सिटी डेवलेंपमेंट सहित अन्य मद की फीस डॉलर में मांगे जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। जिसमें कहा गया कि प्रोविजनल डिग्री की फीस के रूप में विवि मात्र 200 भारतीय रूपये ले रही है। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ तथा जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने मामले में अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

याचिकाकर्ता दानियाल शेख की ओर से दायर मामले में कहा गया कि उसने एनआरआई कोटे के तहत प्रदेश के प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में दाखिला लिया था। उसका एमबीबीएस कोर्स जुलाई 2021 में पूर्ण हो गया और इंटरशिप अक्टूबर 2022 में पूरी हुई। वह नीट-पीजी की तैयारी कर रहा है। नीट पीजी आवेदन फार्म भरने में प्रोविजनल डिग्री अनिर्वाय है। उसने मध्य प्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी में प्रोविजनल डिग्री के लिए आवेदन किया। डिग्री जारी नहीं होने पर उसने यूनिवर्सिटी में जाकर संपर्क किया। यूनिवर्सिटी ने पुस्तकालय शुल्क, विश्वविद्यालय विकास शुल्क, खेल व सांस्कृतिक शुल्क आदि के रूप में 4800 यूएस डॉलर सहित प्रोविजनल डिग्री के लिए दौ सौ भारतीय रूपये जमा करने को कहा गया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता आदित्य संघी ने पक्ष रखा। जिन्होनें दलील दी कि छात्र की डिग्री उसकी व्यक्तिगत सम्पत्ति है। विभिन्न मदों के नाम पर डिग्री के लिए 4800 डॉलर मांगे जा रहे है, जो भारतीय रूपये के रूप में लगभग 3 लाख 75 हजार रूपये है। याचिका की सुनवाई के बाद युगलपीठ ने मेडिकल चिकित्स शिक्षा विभाग तथा मेडिलक यूनिवर्सिटी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

## दोनों बार एसोसियेशन विलय की दिशा में प्रयासरत्

### हाईकोर्ट में संघ अध्यक्षों की ओर से दिया गया बयान

जबलपुर,देशबन्धु। मप्र हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन द्वारा बिना मान्यता के कार्यालय संचानल के मामले में दोनों संघों की ओर से कहा गया कि विलय की दिशा में प्रयासरत् है। इस संबंध में आगामी 6 सितंबर को दोनों बार के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक भी बुलाई गई है। उसमें जरूर ही कोई निष्कर्ष निकलेगा। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमठ व जस्टिस विशाल मिश्रा




की युगलपीठ ने उक्त बात को रिकार्ड पर लेते हुए मामले की सुनवाई चार सप्ताह बाद निर्धारित की है।

गौरतलब है कि वर्ष 2016 में अधिवक्ता अमित पटेल की ओर से यह याचिका दायर की गई थी। जिसमें आरोप था कि हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन को स्टेट बार काउंसिल से मान्यता नहीं होने के बावजूद अवैधानिक रूप से कॉपिंग सेक्शन के सामने हाईकोर्ट द्वारा बड़ा हॉल आवंटित किया गया था। याचिका में मांग की गई थी किक इस हॉल को खाली कराया जाए। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सतीश वर्मा ने न्यायालय को बताया था कि उक्त बार का बकाया बिजली बिल भी बहुत हो गया है, जिसका भुगतान नहीं किया गया। इसी मामले में दोनों संघों ने याचिका दायर कर बार का बिजली बिल सरकार से भराने की मांग की है। इसके अलावा एडवोकेट्स बार ने स्टेट बार काउंसिल से मान्यता दिलाने की मांग को लेकर भी याचिका दायर की है। सभी याचिकाओं पर एकसाथ सुनवाई हो रही है। सोमवार को हुई सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने मामले की सुनवाई चार सप्ताह बाद निर्धारित की है।

## कृषकों को परेशान करने वालों पर एसपी करे कार्रवाई

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ को कहा है कि वे याचिकाकर्ता कृषकों को परेशान करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करें। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने आवेदकों को कहा कि यदि अनावेदकगण परेशान करते है तो वे एसपी से शिकायत करे, जिस पर संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करेंगे। यह मामला टीकमगढ़ निवासी बलिया अहिरवार और गंगाराम अहिरवार की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि उनकी जमीन पर कब्जा करने के लिए गांव के कुछ लोग उन्हें लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। पिछले साल अक्टूबर माह में विजय राम यादव, विजय सिंह व लक्ष्मण यादव सहित अन्य ने उनके साथ मारपीट भी की थी। जिसकों लेकर पुलिस में कई शिकायतें की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आवेदकों की ओर से कहा गया कि अनावेदकगण प्रभावशाली व्यक्ति हैं, इसलिए पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं को कहा कि अगर अनावेदकगण फिर से परेशान करते हैं या कोई आपराधिक कदम उठाते हैं, तो एसपी को तत्काल शिकायत करें। एसपी शिकायत पर संज्ञान लेकर दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करें।

## एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर वकीलों ने दिया धरना

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वर्ष 2012 में अधिवक्ता पंचायत बुलाई थी। जिसमें घोषणा की थी कि प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाएगा। पिछले एक दशक में वकीलों ने जिला से लेकर प्रदेश स्तर तक कई आंदोलन किए, अदालतों में हड़ताल की, लेकिन अभी तक प्रोटेक्शन एक्ट लागू नहीं किया गया।



एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किये जाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच द्वारा सोमवार को अम्बेडकर चौक पर दोपहर 2 से 4 बजे तक सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया। इसके बाद पदाधिकारियों ने ज्वाइंट कलेक्टर को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि फरवरी और मई 2021 में विधि विभाग के अपर सचिव ने बताया था कि प्रोटेक्शन एक्ट की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। इस अवसर पर अधिवक्ता वेद प्रकाश नेमा, मनोज सनपाल, राजेश पंजवानी, शैलेन्द्र ठाकुर, तरुण रोहितास, रेणुका शुक्ला, अमन शर्मा, ज्योति कुरील, शक्ति त्रिपाठी, एसएस ठाकुर, अशोक बलानी, कपिल रमानी, विशुद्ध जैन, मनोज शिवहरे, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, आशीष नायक, आलोक सोनी, धीरज कुकरेजा, अयोध्या चौधरी, किशन चौधरी, रीता नोटियाल, घनश्याम तिवारी आदि उपस्थित थे।

## जिला की मांग को लेकर सिहोरा में रैली आज

### मीसाबंदी लौटाएंगे अपने सम्मान

**सिहोरा, देशबन्धु।** लगातार 20 वर्षों से सिहोरा जिला की अंतिम सूचना को रोकने और दो वर्षों से लोकतांत्रिक तरीके से चल रहे आंदोलन की अनदेखी से आक्रोशित सिहोरावासी आज 5 सितंबर को दोपहर 2:00 बजे से एक जनाक्रोश रैली निकालकर सिहोरा को जिला बनाने की मांग करेंगे ।वहीं अपनी मातृभूमि की लगातार उपेक्षा से व्यथित लोकतंत्र की रक्षा के बदले मध्यप्रदेश सरकार से सम्मान पाने वाले मीसाबंदी मध्य प्रदेश सरकार को अपने सम्मान वापस करेंगे।

तत्संबंध में समिति लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के सदस्यों ने बताया यह रैली दोपहर 2 बजे पुराने बस स्टैंड सिहोरा से प्रारंभ होगी। इसके बाद यह गौरी तिराहा, झंडा बाजार, काल भैरव चौक, मैना कुआं से होते हुए पुराने बस स्टैंड में समाप्त होगी जहां एसडीएम सिहोरा के माध्यम से मीसाबंदी सम्मान ताम्रपत्र मध्यप्रदेश सरकार को वापस किया जाएगा।

जनता आक्रोशित बेसुध सरकार- एक तरफ सिहोरा की जनता जिला के लिए दिन-ब दिन उग्र आंदोलन की तरफ बढ़ रही है वहीं दूसरी तरफ मध्य प्रदेश की सरकार बेसुध दिखाई दे रही है।विगत दिवस दो दिन के पूर्ण बंद के बाद सत्ता पक्ष के द्वारा ना तो किसी प्रकार की कोई बातचीत की गई और न ही मीसाबंदी सम्मान वापसी के बड़े कदम के प्रति भी कोई जिम्मेदाराना कदम उठाया गया है। समिति के सदस्यों ने सरकार के इस रवैये को सिहोरावासियों की समक्ष रखते हुए आह्वान किया है यही सरकार का सच्चा चरित्र है जो अब सिहोरा के सामने आया है। समिति के कृष्ण कुमार कुररिया, संतोष पांडे, विकास दुबे, उमाशंकर चौरसिया, ऋषभ द्विवेदी, अनिल जैन, नत्थू पटेल, रामजी शुक्ला, मानस तिवारी, आनंद प्रकाश जैन, सुशील जैन, अमित बक्शी, सुखदेव कौरव, प्रदीप दुबे आदि ने सभी सिहोरावासियों से दोपहर 2 बजे पुराना बस स्टैंड सिहोरा पहुंचने की अपील की है।

## एक दिन में ही रोप दिए 11 हजार पौधे

### तेल घानी बोर्ड के अध्यक्ष व सामाजिक संस्थाओं ने चलाया अभियान

**बरेला, देशबन्धु।** एक लाख पौधे रोपने का संकल्प लेकर पिछले दो माह से अभियान चला रहे तेलघानी बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त, रविकरण साहू ने संस्कारधानी में एक दिन में ही 11 हजार से ज्यादा पौधे रोप दिए। उन्होंने रविवार को बरेला के पास सिद्धबाबा विजयासेन आश्रम के पास देवरी पटपरा में महावृक्षारोपण अभियान चलाया जिसमें रोटरी क्लब, साहू समाज सहित अन्य समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए। सभी ने चार घंटे के अथक परिश्रम के बाद 11 हजार से ज्यादा पौधों का रोपण किया। श्री साहू ने इस दौरान कहा कि प्रकृति ने हमें भरपूर प्यार दिया है। प्रकृति को संरक्षित करने उन्होंने पौधे लगाने का संकल्प लिया है जिसमें सभी का साथ भी मिल रहा है। पूरे प्रदेश में वे हर दिन पौधे रोपने का काम कर रहे हैं। इस पहाड़ी को भी वे फिर से हरा-भरा कर देंगे। यही नहीं जो भी पौधे लगाये जा रहे हैं उसकी जिम्मेदारी भी समाज के लोगों को सौंपी जा रही है ताकि पौधो को किसी तरह का नुकसान न हो। इस दौरान एड. विजय पाण्डे, निशीकांत चौधरी, प्रमोद पटेल, रामेश्वर साहू, बेड़ी साहू, संजय साहू, प्रभात पांडे, रविंद्र पचौरी, नीरकमल झारिया आदि सेकड़ो की संख्या में पर्यावरण प्रेमी और समाजसेवी उपस्थित रहे।



## सार-समाचार



### 8 को घंटाघर में पुरानी पेंशन की मांग को लेकर हजारों कर्मचारी होंगे एकत्रित

**बरेला, देशबन्धु।** पुरानी पेंशन को लेकर 8 सितंबर 2023 को घंटाघर चौक कंट्रोल रूम ओमती में होने वाले ऐतिहासिक ज्ञापन की तैयारी को लेकर मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के महामंत्री योगेंद्र दुबे अपने साथियों के साथ आज जिले भ्रमण पर निकले जिसमें गौर बरेला, धनपुरी ,पडवार, इसके बाद कुंडम, बघराजी, मझगवा, सिहोरा, मझौली, पाटन, शाहपुरा ,बरगी होकर वापस शहर पहुंचेंगे पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर समस्त कर्मचारी एक साथ होकर दुबे जी का समर्थन कर रहे हैं इसी क्रम में बरेला ब्लॉक के शहजाद सिंह द्विवेदी,दालचंद पासी, रजनीश कुमार पांडेय, अजय दुबे मुकेश मेहरा,उमेश दुबेदेई,सतीश उपाध्याय, शुभ संदेश, आर के परोहा,जयप्रकाश गुप्ता, अनिल सोनकर,सुरेंद्र चौबे, राममिलन बरकड़े, कृष्णा मरावी, सुभम दुबे, अमृत यादव, किरीट कोस्टा, चंद्रिका मेहरा, सुम्मत सिंग, राजकुमार लखेरा, विनय शर्मा, प्रमोद विश्वकर्मा, ममता दुबे,ममता दुबे,अनीता कुरील, सुषमा वेन,पूनम पटेल ,सुनीता शुक्ला , भारती गौतम, हेमलता राजोरिया,मोहित नाथ ,विजय नामदेव, मिथिलेश, जितेंद्र दुबे ,निर्मल लोधी,श्याम सुंदर पटेल, दिनेश पासी, मुकेश झरिया, आदि कर्मचारी साथीं उपस्थित रहे।

### हलछठ व्रत पर आज महिलाएं संतान की सुरक्षा की करेंगी कामना

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** हलछठ (हलषष्ठी) व्रत भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है। यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण के ज्येष्ठ भ्राता श्री बलरामजी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन श्री बलरामजी का जन्म हुआ था।यह व्रत पुत्र एवम पुत्रवती दोनों महिलाएं करती है इसके अलावा गर्भवती और संतान प्राप्ति की इच्छा रखने वालीं महिलाएं भी इस व्रत को करती है। पौराणिक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि हरछठ की पूजा में सुबह सभी कामों से निवृत्त होकर स्नान करें। इसके बाद साफ कपड़े पहनकर गोबर ले आए। इसके बाद साफ जगह को इस गोबर से लीप कर तालाब बनाएं। इस तालाब में झरबेरी, ताश और पलाश की एक-एक शाखा बांधकर बनाई गई हरछठ को गाड़ दें। इसके बाद विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करें।

पूजा के लिए सतनाजा (यानी सात तरह के अनाज जिसमें आप गेंहू, जौ, अरहर, मक्का, मूंग और धान) चढ़ाऐं इसके बाद हरी कजरियां, धूल के साथ भुने हुए चने और जौ की बालियां चढ़ाएं। इसके बाद कोई आभूषण और हल्की से रंगा हुआ कपड़ा चढ़ाएं। इसके बाद भैंस के दूध से बनें मक्खन से हवन करें। इसके बाद कथा सुने।

### क्योटी जलप्रपात में मिली अज्ञात महिला की निर्वस्त्र लाश, शिनाख्त नहीं

**रीवा देशबन्धु।** जिले के क्योटी जलप्रपात में एक महिला की निर्वस्त्र लाश मिलने के बाद हड़कंप मच गया। पुलिस की मानें तो 3 सितंबर की दोपहर क्योटी गांव के कई मछुआरे वाटरफॉल के नीचे मछली मारने गए थे। मछली पकड़ते समय अचानक बदबू आई। पास गए अज्ञात महिला की निर्वस्त्र लाश थी। डर के मारे शाम को कुंड से बाहर आ गए। इसके बाद गढ़ थाना और लालगांव चौकी पुलिस को सूचना दी। वाटरफॉल के अंदर लाश की बात सुन सोमवार की सुबह 8 बजे एसडीईआरएफ के जवान जिला मुख्यालय से बुला लिए गए। लाख देखने वाले मछुआरा आया। उसने जो घटनास्थल बताया तो वह सिरमौर थाना क्षेत्र का निकला है। ऐसे में सिरमौर पुलिस आई। यह करते दोपहर हो गई। तीन बजे संयुक्त टीम 400 फीट गहराई में उतरी। वहां से लाश को बरामद कर शाम 5 बजे ऊपर आई है।

सिरमौर थाना प्रभारी निरीक्षक तेजभान सिंह ने बताया कि क्योटी फॉल के मंदिर के दूसरे तरफ कुंड के नीचे 35-40 साल के महिला की निर्वस्त्र लाश मिली है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि 10 दिनों पहले तक जलप्रपात में पानी आ रहा था। तब लाश कहीं से बहकर आई है। पानी के अंदर जीव जंतु कपड़े फाड़कर मुंह खा लिए है। लाश डीकंपोज हो चुकी है। आसपास के थानों को सूचना भेजवाई है।

## बैठक कर रणनीति बनाई, पुरानी पेंशन बहाली के लिए रणनीति एकत्रित होंगे सभी

### कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** म. प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के वरिष्ठ नेता पंडित योगेन्द्र दुबे के नेतृत्व में कर्मचारी संघ के नेताओं की सोमवार को हुई बैठक आयोजित कर व्यवस्थित रणनीति बनाई गई जिसमें कहा गया कि सभी को एकत्रित होकर पुरानी पेंशन बहाली के लिए आवाज को बुलंद करते हुए 08 सितम्बर 2023 को सायं 6.00 बजे पुलिस कंट्रोल रूम, के सामने ओमती ( घंटाघर) जबलपुर में माननीय मुख्यमंत्री जी म. प्र. शासन के नाम से माननीय कलेक्टर महोदय जबलपुर को ज्ञापन सौंपा जायेगा। बैठक में योगेन्द्र दुबे, मनीष चौबे,मुकेश सिंह, योगेन्द्र मिश्रा, प्रदीप राय, नीलेश शुक्ला,के जी पाठक,उमाकांत पटेल,अनिल दाहिया सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।



## तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

**सिवनी, देशबन्धु ।** सिवनी जिले के बरघाट थाना अंतर्गत धारनाकला से बहरई के बीच एक सड़क हादसा हो गया। जहां डंपर और बाइक में भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई।



धारनाकला और बहरई के बीच हुआ हादसा

प्राप्त जानकारी के अनुसार लालबर्रा से आमाझिरी गांव लौट रहे एक बाइक सवार को तेज रफ्तार डंपर वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी स्थानीय लोगो ने पुलिस और 108 वाहन को दी। जिसके बाद घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जिसमें से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि तेज रफ्तार डंपर वाहन बालाघाट से सिवनी की ओर आ रहा था। इसी दरम्यान आगे चल रहे बाइक सवार को डंपर वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद डंपर वाहन का चालक मौके से फरार हो गया। बरघाट थाने में पदस्थ एएसआई राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि मृतक की पहचान सुनील पुत्र मोतीलाल वर्मा (32) आमाझिरिया गांव निवासी के रूप में हुई। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सिवनी-बालाघाट मार्ग पर तेज रफ्तार से दौड़ने वाले डंपर वाहनों के कारण आए दिन सड़क हादसों में लोगों की जान जा रही हैं। बसाहट वाले क्षेत्रों में भी तेज रफ्तार से डंपर दौड़ रहे हैं। जिसके कारण हादसे हो रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर डंपर को कब्जे में लिया हैं। ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

## सड़क हादसे में प्रधान आरक्षक की मौत

### दमोह-कटनी सड़क की घटना

**दमोह, देशबन्धु।** जिले के कुम्हारी थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक इमरान खान की दमोह कटनी मार्ग पर सड़क हादसे में शनिवार की रात मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पता चला है कि किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।





जानकारी के अनुसार प्रधान आरक्षक इमरान खान 35 वर्ष कुम्हारी से वाहन की चालानी कार्रवाई की राशि जमा करने के लिए बाइक से शनिवार की शाम दमोह आ रहा थे। बताया जाता है कि वाहन चलाते समय उन्होंने हेलमेट नहीं पहना था। रात लगभग 8:00 बजे दमोह कटनी टोल प्लाजा के आगे हुई दुर्घटना में उनकी मौत हो गई।

उल्लेखनीय है कि प्रधान आरक्षक इमरान गाना गाने के शौकीन थे और अधिकारियों की विदाई के समय उनके द्वारा गीत भी गाए गए थे। हाल ही में उन्हें आरक्षक से पदोन्नत कर प्रधान आरक्षक बनाया था। उनकी पुलिस अधीक्षक कार्यालय से कुम्हारी पुलिस थाना में पद स्थापना की गई थी।

सागर जिले के देवरी निवासी इमरान खान के परिवार में उसकी पत्नी और दो बेटियां भी हैं। 3 माह पहले ही उनकी पत्नी का भी संविदा शिक्षक वर्ग 3 में चयन हुआ है। घटना की जानकारी लगते ही थाना प्रभारी रोहित द्विवेदी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा तथा एसडीओ की हटा नितेश पटेल ,रक्षित निरीक्षक हेमंत तथा हिंडोरिया टीआई महेंद्र सिंह जगेत घटनास्थल पर पहुंच गए थे।

## 5 साल की मासूम से दुराचार करने वाला गिरफ्तार

**उमरिया, देशबन्धु।** मानपुर से लगभग 30 किलोमीटर दूर समरकोईनी ग्राम की घटना 5 वर्ष 11माह के किशोरी के साथ दुराचार का आरोपी पुष्पराज उर्फ बेटू मानपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मानपुर पुलिस के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया की 5वर्ष 11 माह की अबोध बच्ची के साथ दुराचार के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मानपुर थाना के अंतर्गत समरकोइनी ग्राम की घटना है बच्ची की माँ चारा काटने गई थी तभी आरोपी पुष्पराज उर्फ बेटू ने नाबालिक बच्ची एवं छोटे भाई को कुरकुरे चिप्स खिलाने को कहकर स्कूल में लेजाकर 5 वर्ष 11 माह की नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म किया था की रिपोर्ट पर मानपुर थाने में अपराध कायम कर आरोपी की तलाश की जा रही थे आरोपी पुष्पराज उर्फ बेटू पिता फूलसिंह गोड़ घटना 15 अगस्त से फरार था उमरिया जिले की पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के निर्देशन में मानपुर थाना प्रभारी संतोष कुमार उद्दे के मार्गदर्शन में आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही थी आरोपी को घेरा बन्दी कर समरकोइनी से पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है मानपुर टी आई सन्तोष कुमार उद्दे,एस आई त्रिबेड़ी मेंसराम,रामसेवक पटेल,मिथलेश पटेल,अजय त्रिपाठी की आरोपी को पकड़ने में अहम भूमिका रही है उसके पहले भी 2017-18 में ग्राम समरकोईनी शादी समारोह में आई बच्ची के साथ दुष्कर्म कर मार कर फेंक दिया गया था जिसका आरोपी आज दिनांक तक पुलिस गिरफ्त से बाहर है।



### वृद्ध ने लगाई फांसी

**उमरिया, देशबन्धु।** चंदिया थाना अंतर्गत पथरहठा में वृद्ध ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी अनुसार मृतक वृद्ध का नाम रामावतार तिवारी पिता प्रेमलाल तिवारी उम्र 55 साल पथरहठा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

## कांग्रेस और भाजपा में टिकट को लेकर पर्यवेक्षकों से नेता कर रहे अपनी दावेदारी

**पनागर, देशबन्धु।** चुनाव का समय जैसे जैसे नजदीक आता जा रहा है वैसे वैसे पनागर विधानसभा में चर्चाओं का दौर गली मोहल्ले ओर चौराहों में भाजपा कांग्रेस के प्रत्याशियों को लेकर कयास लगाई जा रही है भाजपा और कांग्रेस के पर्यवेक्षक आकर कार्यकर्ताओ ओर दावेदारों से उनकी राह ले रहे है और पार्टी के आलाकमान नेता अपना अपना सर्वे करा रहे है कांग्रेस की बात करे तो पनागर विधानसभा से दर्जनों नेताओ ने अपनी दावेदारी अखिल भारतीय पर्यवेक्षक कुलदीप सिंह राठौर ओर भाजपा से महाराष्ट्र से आये पर्यवेक्षक प्रसाद लाड को दी जिसमे भाजपा से बर्तमान विधायक सुशील तिवारी जनपद अध्यक्ष शेलेन्द्र पटेल रजनी यादव नरेंद्र त्रिपाठी के नाम संगठन स्तर पर एवम कार्यक्रताओं की चर्चाओं में है वही कांग्रेस से विनोद श्रीवास्तव राजेश पटेल सम्मति सैनी वीरेंद्र चौबे राधेश्याम चौबे सतेंद्र यादव विनीता यादव प्रमोद पटेल सहित कुछ और नामो की मुख्य दावेदारी की चर्चा पनागर नगर में दोनों ही पार्टियों के कार्यक्रता करते नज़र आ रहे है साथ ही साथ होडिंग बेंनरो व कार्यक्रमो के माध्यम से पर्यवेक्षको तक दावेदार अपने प्रयास कर रहे है।

## स्वास्थ्य विभाग ने एएनएम के घर से जब्त की सरकारी दवाइयां

**दमोह, देशबन्धु।** स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए शहर के न्रसिंह मंदिर के समीप रहने वाली एक महिला के घर से बड़ी मात्रा में सरकारी दवाइयां और सिरिंज बरामद की है। महिला से पूछताछ की जा रही है और पता किया जा रहा है कि इतनी सारी सरकारी दवाइयां उसके पास कहां से आई हैं।

सीएमएचओ डॉ. सरोजनी जेम्स बैक ने बताया कि उनके पास सूचना आई कि फुटेरा वार्ड चार नरसिंह मंदिर के समीप रहने वाली कमला खरे नाम की महिला के घर बड़ी मात्रा में सरकारी दवाइयां रखी हैं और उसके द्वारा लोगों का इलाज भी किया जा रहा है। सूचना मिलने के बाद उन्होंने तीन सदस्यीय टीम बनाई और शुक्रवार की शाम महिला कमला खरे के घर छापा मारा जहां बड़ी मात्रा में सरकारी दवाइयां और सिरिंज बरामद की गई है।

**महिला एएनएम है, वह कहीं भी नौकरी नहीं करती**

डीएचओ डा. रीता चटर्जी ने बताया कि महिला के पास एएनएम की योग्यता है वह कहीं भी नौकरी नहीं करती। उसने बताया कि कोविड काल के समय उसकी ड्यूटी लगाई गई थी और उस दौरान उसे यह दवाइयां मिली थीं।महिला से पूछताछ की जा रही है जांच टीम जो रिपोर्ट देगी उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर ड्रग इंस्पेक्टर महिमा जैन, तहसीलदार सोनम पांडे के साथ पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।



## जिम्बाब्वे के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति एमर्सन लेंगे शपथ

हरारे। जिम्बाब्वे में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति एमर्सन म्नांगाग्वा सोमवार को अपने दूसरे कार्यकाल के लिए शपथ लेंगे। सूचना, प्रचार एवं प्रसारण सेवा मंत्री मोनिका मुत्सवांगवा ने बताया कि शथग्रहण समारोह राजधानी हरारे में राष्ट्रीय खेल स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। जिम्बाब्वे के चुनाव आयोग के अनुसार, 23–24 अगस्त के चुनाव में कुल पड़े वोटों में से 52.6 प्रतिशत वोट हासिल करने के बाद श्री म्नांगाग्वा को उनके दूसरे एवं अंतिम पांच साल के कार्यकाल के लिए फिर से चुना गया।

# जी-20 के दौरे को लेकर काफी उत्साहित हैं बाइडेन, लेकिन जिनपिंग के ना आने से निराश भी



नई दिल्ली। जी-20 समिट में हिस्सा लेने के लिए भारत आ रहे अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का कहना है कि वह इस दौरे को लेकर उत्साहित हैं। यही नहीं उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के समिट में न आने की खबरों को लेकर भी चिंता जताई। जो बाइडेन ने कहा, इसे लेकर मैं निराश हूं। लेकिन इस उम्मीद के साथ जा रहा हूं कि वह वहां मिलेंगे। रविवार को शी जिनपिंग के आने को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में बाइडेन ने यह बात कही। अब तक चीन सरकार की ओर से शी जिनपिंग के आने या न आने को लेकर कुछ कहा नहीं गया है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से कहा गया है कि वह भारत दौरे पर नहीं आएंगे।

जो बाइडेन ने यह नहीं कहा कि वह शी जिनपिंग से कहां मुलाकात करेंगे। हालांकि शी जिनपिंग दिल्ली नहीं भी आते हैं तो नवंबर में दोनों नेताओं की मुलाकात होगी। नवंबर में अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में एपीईसी कॉन्फ्रेंस हैं, जिसमें शी जिनपिंग भी आएंगे। पूरे मामले की जानकारी रखने वाले चीनी सूत्रों का कहना है कि शी जिनपिंग भारत नहीं आना चाहते। दरअसल भारत और चीन के बीच बीते कई सालों से रिश्ते खराब चल रहे हैं। गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद भी लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक में दोनों देशों के बीच तनाव बना हुआ है।

**क्यों चीन और भारत के रिश्ते हो गए और कमजोर**– यही नहीं पिछले दिनों चीन ने अपना एक नक्शा जारी किया था, जिसके बाद रिश्ते और कमजोर हो गए हैं। भारत की ओर से चीन की हरकत पर सख्त ऐतराज जताया गया है। वहीं चीन का कहना है कि यह नक्शा उसकी संप्रभुता और अखंडता के मुताबिक ही है। इसमें कुछ भी गलत नहीं है। साफ है कि चीन अपने अड़ियल रवैये से बाज नहीं आ रहा है।

भारत के अलावा फिलीपींस, मलयेशिया जैसे देशों ने भी चीन के नक्शे पर ऐतराज जताया है, जिसमें साउथ चाइना सी को अपना हिस्सा बताया गया है।

**जिनपिंग की जगह चीन से कौन भारत का दौरा करेगा**– खबर है कि चीन के राष्ट्रपति की बजाय पीएम ली ककियांग भारत का दौरा कर सकते हैं। बाइडेन और शी जिनपिंग की पिछले साल नवंबर में इंडोनेशिया के बाली में जी-20 समिट के दौरान ही मुलाकात हुई थी। हालांकि इसके बाद ची के जासूसी गुब्बारे अमेरिकी आसमान में देखे जाने के बाद दोनों के बीच रिश्ते फिर बिगड़ गए थे।

दोनों के बीच ताइवान को लेकर भी तनाव रहा है। अमेरिकी सांसदों ने ताइवान के दौरे किए हैं, जिस पर चीन खफा है।

## आज का इतिहास

1666–इंग्लैंड के लंदन में भीषण आग में 13,200 घर क्षतिग्रस्त हो गये।

1836–मशहूर अमेरिकी राजनीतिज्ञ सैम ह्यूस्टन टेक्सास गणराज्य के नए राष्ट्रपति नियुक्त किए गए।

1839–चीन और ब्रिटेन के बीच प्रथम अफीम युद्ध की शुरुआत हुई।

1882–अमेरिका में पहला श्रम दिवस परेड न्यूयॉर्क शहर में आयोजित किया गया।

1885–अमेरिका के इंडियाना स्थित फोर्ट वेयन में पहली बार गैसोलीन पंप की स्थापना की गई।

1887–इंग्लैंड के थिएटर रॉयल एक्सेटर में आग लगने से 186 लोगों की मौत।

1888–भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म तमिलनाडु के छोटे से गांव तिरुमनी में ब्राह्मण परिवार में हुआ।

1914–विश्व के पांच देशों ब्रिटेन, फ्रांस, बेल्जियम और रूस ने लंदन संधि पर हस्ताक्षर किये थे।

## सुडोकू 6307

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 7 | 3 | | | |
| | | | | | 2 | 3 | 5 | |
| 3 | | | | | | | 7 | |
| | | 2 | 8 | | | | 1 | |
| 6 | 4 | | | | | | 2 | 9 |
| | 8 | | | | 4 | 7 | | |
| | 7 | | | | | | | 6 |
| | 5 | 8 | 6 | | | | | |
| | | | 4 | 1 | 8 | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## केदारनाथ मंदिर के पीछे हुआ हिमस्खलन

**रुद्रप्रयाग/देहरादून।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जनपद के अंतर्गत, स्थित विश्व विख्यात भगवान शंकर के ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम के ठीक पीछे रविवार सुबह हिम स्खलन हो गया व बर्फीला तूफान चला। समाचार लिखे जाने तक किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। जिला आपदा प्रबंधन केंद्र प्रभारी नंदराम रजवार ने बताया कि रविवार प्रातः 7:00 बजे केदारनाथ मंदिर के पीछे लगभग तीन से चार किमी की दूरी पर सरस्वती नदी के उदगम स्थल की ओर एवलांच फॉल की सूचना प्राप्त हुई। किसी भी प्रकार की क्षति की सूचना प्राप्त नहीं हुई है और न हीं सरस्वती नदी के जलस्तर में बदलाव आया है। सभी टीमों को अलर्ट मोड पर रख दिया गया है।

## ओडिशा में बिजली गिरने से दस लोगों की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के छह जिलों में बिजली गिरने से कम से कम दस लोगों की मौत हो गई और तीन लोग झुलस गए। विशेष राहत आयुक्त कार्यालय कार्यालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि खुर्दा में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं, बलांगीर में दो, अंगुल, बौध, जगतसिंहपुर और ढेंकनाल जिले में क्रमश- एक-एक की मौत हुयी है। इन जिलों में शनिवार को दो घंटे से अधिक समय तक भारी बारिश हुई और बिजली गिरी। हादसों में तीन लोग झुलस गए जिन्हें खुर्दा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## चोरी के शक में युवकों को उल्टा लटका कर पीटा

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मनचेरियल जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। चोरी के संदेह में एक दलित सहित दो युवकों को उल्टा लटका कर पीटा गया। हैदराबाद से तीन सौ किमी दूर मनचेरियल जिले के मंदामरि में हुई। पीड़ितों को न सिर्फ उल्टा बांधा गया बल्कि उनके नीचे आग भी जलाई गई और दोनों की पिटाई की गई। प्रताड़ना का वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर सामने आया। भेड़ फार्म में काम कर रहे तेजा और उसके दलित दोस्त किरण को मालिक और उसके परिवार के सदस्यों ने पकड़ लिया और शेड में उल्टा बांध दिया।

## एसटीएफ ने 41.16 लाख मूल्य के नकली नोट किए जब्त

**भुवनेश्वर।** ओडिशा स्पेशल टास्क फोर्स ने सोनपुर जिले से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से 41.16 लाख रुपए से अधिक के नकली भारतीय मुद्रा नोट जब्त किए हैं। एसटीएफ सूत्रों ने कहा कि एफआईसीएन की छपाई और प्रसार करने वाले एक संगठित गिरोह के खिलाफ एक अभियान के तहत एक सितम्बर को उलुंडा, सोनपुर के पास छापेमारी की गई थी। सुथ्स ने 41.16 लाख रुपये से अधिक अंकित मूल्य की अच्छी गुणवत्ता वाली एफआईसीएन जब्त की।

# कनाडा में भी रद्द हुआ विवादित खालिस्तान जनमत संग्रह, पोस्टर पर एके-47 लहराने के बाद स्कूल ने दिया झटका



**टोरंटो।** कनाडा में प्रस्तावित तथाकथित खालिस्तान जनमत संग्रह के आयोजकों को बड़ा झटका लगा है। कनाडाई अधिकारियों ने एक पब्लिक स्कूल में जनमत संग्रह के लिए मतदान कराने की अनुमति वापस ले ली है। इससे पहले आस्ट्रेलिया में भी खालिस्तान जनमत संग्रह रद्द हो चुका है। कनाडा में यह जनमत संग्रह 10 सितंबर को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे शहर के तमनविस सेकेंडरी स्कूल में निर्धारित किया गया था।

रविवार को सरे डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड के एक प्रवक्ता ने एक विज्ञप्ति में कहा हमारे किराये समझौते का उल्लंघन करने के कारण हमने स्कूल को सामुदायिक कार्य के लिए किराए पर देने का एग्रीमेंट रद्द कर दिया है। विज्ञप्ति में बताया गया है कि स्कूल में कार्यक्रम की अनुमति वापस लेने का स्पष्ट कारण यह था कि कार्यक्रम की प्रचार सामग्री में हथियार की छवियों के साथ-साथ स्कूल की तस्वीरें भी जारी की गई थीं। जनमत संग्रह के पोस्टर पर एके-47 मशीन गन के साथ-साथ कृपाण भी दिखाया गया था। डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड ने इसे एग्रीमेंट का उल्लंघन करार दिया है।

विज्ञप्ति में कहा गया है, इस मुद्दे को सुलझाने की बार-बार की कोशिशों के बावजूद कार्यक्रम के आयोजकों ने पोस्टर से विवादित तस्वीरें नहीं हटाईं और आपत्तिजनक सामग्री पूरे सरे और सोशल मीडिया पर पोस्ट की जाती रहीं। आयोजकों की तरफ से सकारात्मक कदम नहीं उठाए जाने के बाद कार्यक्रम को रद्द कर फैसले के बारे में कार्यक्रम आयोजकों को बता दिया गया है।

बयान में कहा गया है, एक स्कूल के रूप में हमारा प्राथमिक मिशन छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सहायता प्रदान करना और हमारे स्कूल से संबंधित समुदायों के लिए एक सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है। किराये सहित हमारे समझौते, नीतियां और दिशानिर्देश, हमारे समुदाय के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाने में हमारे मिशन का समर्थन करते हैं। हमारी सुविधाओं को किराए पर लेने वाले किसी भी व्यक्ति या समूह को इसका पालन करना होगा।


सरे स्थित फ्रेंड्स ऑफ कनाडा एंड इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष मनिंदर गिल ने अपने संगठन की ओर से निर्णय का स्वागत किया है। पिछले हफ्ते की शुरुआत में, जनमत संग्रह और इस उद्देश्य के लिए एक सरकारी स्कूल का इस्तेमाल किए जाने से परेशान भारतीय-कनाडाई लोगों ने स्कूल बोर्ड से शिकायत की थी कि स्कूल परिसर के चारों ओर तलविंदर सिंह परमार के पोस्टर चिपकाए गए हैं। परमार को एयर इंडिया की उड़ान 182, कनिष्क पर आतंकवादी बम विस्फोट का मास्टरमाइंड माना जाता है, जिसमें 23 जून 1985 को 329 लोगों की जान चली गई थी।

सरे के चिंतित निवासियों के पत्र में एके-47 की छवि का भी जिक्र किया गया था। इसमें कहा गया था, स्कूल बोर्ड, सरे शहर और बीसी की प्रांतीय सरकार बंदूक हिंसा को दिन-दहाड़े बढ़ावा देने के लिए अभिभावकों के प्रति जवाबदेह है। पत्र में उठाए गए मुद्दों को शनिवार को आउटलेट सरे टॉक रेडियो के साथ एक साक्षात्कार के दौरान सरे मेयर ब्रेंडा लॉक के सामने रखा गया था।

रेडियो टॉक शो के मेजबान इवान स्कॉट ने कहा कि सरे शहर या तमनविस सेकेंडरी स्कूल या किसी अन्य ने कभी भी किसी नियोजित खालिस्तानी आंदोलन या जनमत संग्रह गतिविधियों का समर्थन करने के लिए इस तरह के आयोजन का स्कूल परिसर में कभी समर्थन नहीं किया है। रेडियो प्रस्तोता ने इस बात पर भी सवाल उठाए थे कि सरे स्कूल डिस्ट्रिक्ट बोर्ड स्कूल परिसर का उपयोग कैसे कर सकता है। उन्होंने एके-47 स्वचालित हथियार को दर्शाने वाले पोस्टरों को बिल्कुल अस्वीकार्य बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की थी।

भारत ने पहले ही कनाडा के विदेश मंत्रालय, ग्लोबल अफेयर्स कनाडा को औपचारिक माध्यम से कनाडाई क्षेत्र को अलगाववादी जनमत संग्रह के लिए इस्तेमाल किए जाने पर अपनी नाराजगी दोहराई थी। इस बीच, जनमत संग्रह के लिए किसी और नई तारीख की घोषणा नहीं की गई है लेकिन सिख फॉर जस्टिस या एसएफजे के जनरल वकील गुरपतवंत पन्नून ने खालिस्तान समर्थक तत्वों से 8 सितंबर को वैंकूवर में भारत के वाणिज्य दूतावास को बंद करने का आह्वान किया है।

## वर्ग पहेली 6307



**बायें से दायें:–**

१. सुध–बुध खोया हुआ, जिसके होश हवास ठिकाने न हो (उर्दू)
४. आल्हाद कारक, आनंदकारक, पारस्परिक सद्भाव
६. सीमा, प्रतिष्ठा
७. उत्तराधिकारी (उर्दू)
८. परिमाण, माप–तौल (उर्दू)
१०. बिजली, गाज
११. आवश्यक, जरूरी (उर्दू)
१३. हारा हुआ, जिस पर किसी ने विजय पा ली हो
१४. गड़बड़, गोलमाल
१५. सज्जन, भलामानुस
१७. काल, अवसर
१९. यतीम
२१. एक तरह की चपाती जिसे तेल आदि में तलकर या आग में भूनकर खाया जाता है
२२. कन्नी काटना, बचकर निकल जाना
२४. ख्याति प्राप्त करना (मुहावरा)

**ऊपर से नीचे:–**

१. शक्तिशाली
२. सहयात्री
३. बुद्धिमान
४. गाज, बिजली
५. मध्यभारत की एक नदी
९. चांदी का बना हुआ
११. निर्धन, कंगाल
१२. जंगल, वन
१३. चमकना, रूबरू होना, प्रणय क्रीड़ा, आनंद
१४. कम होना, वृत्तांत, वाकिया
१५. भर पाने या चुकता हो जाने का भाव
१६. कसकर बांधना
१८. शराब
१९. ज्यादा, बहुत
२०. अत्यधिक, श्रम से शरीर शिथिल होना
२३. स्त्री, महिला

# डोनाल्ड ट्रंप को कर दूंगा माफ, अगर मैं बना अमेरिका का राष्ट्रपति: विवेक



अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल भारतीय अमेरिकी विवेक रामास्वामी ने रविवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि नवंबर, 2024 में होने वाले आम चुनाव में वह अपनी पार्टी के उम्मीदवार होंगे, लेकिन यदि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रिपब्लिकन उम्मीदवार बनते हैं तो वह उनका समर्थन करेंगे। रामास्वामी ने यह भी कहा कि यदि वह अमेरिका के राष्ट्रपति बनते हैं, तो वह ट्रंप को माफ कर देंगे।

रविवार को एक 'टॉक शो' में शामिल होने के दौरान 38 वर्षीय भारतीय अमेरिकी उद्यमी ने कहा कि यदि वह अमेरिका के राष्ट्रपति निर्वाचित होते हैं तो ट्रंप को माफ कर देंगे। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप फिलहाल कई कानूनी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। रामास्वामी ने एबीसी न्यूज से कहा, यदि डोनाल्ड ट्रंप पार्टी के उम्मीदवार बनते हैं– हां, मैं उनका समर्थन करूंगा। यदि मैं राष्ट्रपति बना, तो मैं उन्हें माफ कर दूंगा क्योंकि यह देश को एकजुट करने में मदद करेगा लेकिन यह सबसे अहम चीज नहीं है जिसे मैं अगले राष्ट्रपति के रूप में करूंगा। यह देश को आगे बढ़ाने के लिए शुरुआती चीज है।

उन्होंने कहा, मेरी मूल बात यह है कि मैं उस व्यक्ति को वोट दूंगा जो मुझे लगता है कि इस देश को आगे ले जाने के लिए सबसे अच्छी स्थिति में है। मुझे नहीं लगता कि वह जो बाइडन हैं। मुझे नहीं लगता कि वह कोई अन्य कठपुतली, कमला हैरिस या कोई और है, जिसे वे जो बाइडन के बाद सामने लाएंगे। पिछले महीने शुरुआती रिपब्लिकन प्राइमरी प्रेसिडेंशियल डिबेट में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद रामास्वामी की लोकप्रियता बढ़ी है।

## वर्ग पहेली–6306

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दु | ष्प | रा | ज | य | ■ | वि | भा | ज | न |
| ख | ■ | ज | ■ | म | स्त | क | ■ | न | ■ |
| दा | ड़ि | म | ■ | या | ■ | ल | प | क | ना |
| यी | ■ | ह | ■ | त | र्ज | न | ■ | ■ | मु |
| ■ | ब | ल | आ | ना | ■ | ■ | घ | प | ला |
| ■ | हु | ■ | तं | ■ | पिं | ज | रा | ■ | य |
| वै | धा | नि | क | ■ | ज | ■ | ना | का | म |
| त | ■ | रू | ■ | दू | र | स्थ | ■ | हि | ■ |
| नि | ष्पा | प | ■ | भ | ■ | ल | ह | रा | ना |
| क | ■ | म | नो | र | थ | ■ | ■ | ■ | ना |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**चिंता** *वैष्णो देवी की यात्रा के आंकड़ों को लेकर श्राइन बोर्ड चिंतित*

# उम्मीदों के अनुरूप वैष्णो देवी धाम में नहीं पहुंचे श्रद्धालु

■ सुरेश एस डुग्गर

जम्मू,3 सितम्बर (देशबन्धु)। जो वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड इस साल वैष्णो देवी आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या के एक करोड़ के आंकड़े को छूने की जो उम्मीद लगाए बैठा था वह अब पूरी होती नजर नहीं रही है जिस कारण वह अब चिंता में है। श्राइन बोर्ड की चिंता का कारण आने वालों की संख्या में कोई खास बढ़ोतरी नहीं होना है।

इस साल अगस्त में पिछले साल के अगस्त महीने से 1.10 लाख कम श्रद्धालुओं के आने के कारण भी उसकी चिंता बढ़ी है। जबकि जुलाई तक 3 लाख से अधिक के कारण वह बहुत खुश था।

श्राइन बोर्ड द्वारा मुहैया करवाए गए आंकड़ों के मुताबिक, पिछले आठ महीनों में पिछले साल के मुकाबले डेढ़ लाख अधिक श्रद्धालु ही अभी तक वैष्णो देवी के दरबार में आए हैं।



■ इस साल अब तक 65.31 लाख श्रद्धालु वैष्णो देवी के दरबार पहुंचे

पिछले साल आठ महीनों में आने वालों की संख्या 63.81 लाख थी तो इस बार यह संख्या बढ़ कर 65.31 लाख हो चुकी है। जबकि पिछले पूरे साल में आने वालों का आंकड़ा 91.25 लाख था। जानकारी के लिए वर्ष 2023 के जनवरी माह में कुल 524189 श्रद्धालु मां के दरबार पहुंचे थे तो वहीं फरवरी माह में 414432 श्रद्धालु दर्शन को आए।

वहीं मार्च माह में 894650 अप्रैल माह में 1018540 मई माह में 995773 जून माह में 1195844 श्रद्धालु जुलाई माह में 776800 श्रद्धालु मां के दर पहुंचे थे। वर्ष 2022 के जनवरी माह में 438521 श्रद्धालु फरवरी माह में 361074 श्रद्धालु मार्च माह में 778669 श्रद्धालु अप्रैल माह में 902192 श्रद्धालु मई माह में 986766 श्रद्धालु जून माह में 1129231 श्रद्धालु जबकि जुलाई माह में 907542 श्रद्धालु मां के दरबार पहुंचे थे यानी कि वर्ष 2022 के पहले 7 माह में कुल 5503995 श्रद्धालु मां के दरबार हाजिर लगाने पहुंचे थे। और अगस्त में पिछले साल के मुकाबले 1.10 लाख श्रद्धालुओं के कम आने के कारण ही चिंता बढ़ी है। पिछले साल अगस्त में 8.77 लाख श्रद्धालु आए थे और इस वर्ष अगस्त में यह संख्या 7.10 लाख पर ही अटक गई। हालांकि अभी इस साल के 4 महीने बाकी हैं। जबकि आंकड़ों के बकौल, पिछले साल सितम्बर से दिसम्बर तक के अंत तक 27.43 लाख श्रद्धालु मां के दरबार में आए थे और अगर इस बार की यात्रा को एक करोड़ का आंकड़ा छूना है तो प्रतिदिन 30 हजार के करीब श्रद्धालुओं का आना जरूरी है। पर वर्तमान में आने वालों की संख्या के 12 से 15 हजार तक लुढ़क जाने के कारण श्राइन बोर्ड चिंता में है।

श्राइन बोर्ड की चिंता में बढ़ोतरी देश का राजनीतिक माहौल भी पैदा कर रहा है जिसमें यह चर्चा जारी है कि देश में समय से पहले लोकसभा चुनाव हो सकते हैं।

# खेल जगत

## एरिक सिमंस बने दक्षिण अफ्रीका के नए बॉलिंग कोच

**डरबन**। पूर्व तेज गेंदबाज एरिक सिमंस को दक्षिण अफ्रीका टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की वनडे सीरीज और भारत में होने वाले विश्व कप से पहले अपना बॉलिंग कोच नियुक्त किया है। एरिक सिमंस की नियुक्ति की पुष्टि दक्षिण अफ्रीका के व्हाइट-बॉल कोच रॉब वाल्टर ने की थी। जब मेजबान टीम को ऑस्ट्रेलिया से तीसरे टी20 में पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जिससे टीम सीरीज 3-0 से हार गई। दक्षिण अफ्रीका ने पहले रोरी क्लेनवेल्ट को अंतरिम पद पर नियुक्त किया था और डरबन में टी20 सीरीज के लिए क्रिंटन फ्रेंड को उसी पद पर नियुक्त किया था। वाल्टर ने कहा, एरिक पूरे सर्दियों में हमारे साथ जुड़ता रहा है और वनडे सीरीज और विश्व कप के लिए हमारे साथ रहेगा। 61 वर्षीय सिमंस ने 23 वनडे मैचों में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया और 2002 से 2004 तक टीम के मुख्य कोच रहे।



# नेपाल ने भारत को दिया 231 रन का लक्ष्य



**पाल्लेकेले**। नेपाल ने आसिफ शेख (58) के अर्द्धशतक और सोमपाल कामी की 48 रन की पारी की बदौलत एशिया कप के ग्रुप-ए मुकाबले में सोमवार को भारत के सामने 231 रन का सराहनीय लक्ष्य रखा। क्वालीफिकेशन के आधार पर टूर्नामेंट में पहुंचे नेपाल ने भारत के खिलाफ ऑलआउट होने से पहले 48.2 ओवर खेले। सलामी बल्लेबाज आसिफ ने 97 गेंद पर आठ चौकों के साथ 58 रन बनाये, जबकि आठवें नंबर के बल्लेबाज सोमपाल ने 56 गेंद पर एक चौका और दो छक्के लगाकर 48 रन की पारी खेली। भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया लेकिन 25 गेंद के अंदर तीन कैच छोड़ना उसके लिये भारी पड़ा। कुशल भुर्तेल (दो) और आसिफ को जीवनदान मिलने के बाद दोनों सलामी बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिये 65 रन की साझेदारी कर डाली। एक समय पर नेपाल की रनगति छह से ऊपर की थी लेकिन शार्दुल ठाकुर ने आतिशी बल्लेबाजी कर रहे भुर्तेल (25 गेंद, 38 रन) को आउट कर पारी पर लगाम कसी।

रवींद्र जडेजा ने भीम शर्की, रोहित पौडेल और कुशाल मल्ला को छोटे स्कोरों पर आउट कर भारत को राहत पहुंचाई, जबकि सिराज ने अर्द्धशतक पूरा होने के बाद आसिफ को पवेलियन का रास्ता दिखाया। उन्होंने अपने अगले ओवर में गुलशन झा (35 गेंद, 23 रन) को भी आउट किया।

नेपाल के छह विकेट 144 रन पर गिरने के बाद निचले क्रम ने साहसी प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने का काम किया। दीपेंद्र सिंह ऐरी ने सोमपाल के साथ 50 रन की साझेदारी की। ऐरी ने हार्दिक पांड्या की गेंद पर पगबाधा होने से पहले 25 गेंद पर तीन चौकों की मदद से 29 रन बनाये। सोमपाल इसके बाद भी नहीं रुके और उन्होंने 47वें ओवर में सिराज को छक्का लगाकर अर्द्धशतक की ओर कदम बढ़ाया।

नेपाल 250 रन तक पहुंचने का अंदेशा दे रही थी लेकिन शमी की गेंद पर सोमपाल के विकेट के साथ इसकी संभावनाएं खत्म हो गयीं। अनुभवी ऑलराउंडर संदीप लमिछाने (नौ) रन भी इसी ओवर में रनआउट हुए, जबकि सिराज ने 49वें ओवर की दूसरी गेंद पर ललित राजबंशी को आउट कर नेपाल की पारी का अंत किया।

जडेजा 10 ओवर में 40 रन के बदले तीन विकेट लेकर भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे। सिराज ने भी तीन विकेट लिये लेकिन उनके 9.2 ओवर में 61 रन भी गये। शमी, पांड्या और ठाकुर को एक-एक सफलता हासिल हुई। कुलदीप यादव ने 10 ओवर में दो मेडेन सहित 34 रन दिये लेकिन उन्हें कोई विकेट न मिल सका।

# अफगानिस्तान और सुपर-चार के बीच श्रीलंका बना दीवार



**लाहौर**। अफगानिस्तान को अगर एशिया कप 2023 के सुपर-चार में पहुंचना है तो उसे अपने दूसरे और आखिरी ग्रुप-बी मुकाबले में मंगलवार को श्रीलंका पर बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। श्रीलंका अपने पहले मुकाबले में बंगलादेश को पांच विकेट से हराने के बाद ग्रुप-बी की तालिका में शीर्ष पर है, जबकि बंगलादेश ने भी अफगानिस्तान पर 89 रन की जीत के साथ दो अंक अर्जित कर लिये हैं। टूर्नामेंट के इस प्रारूप में एक जीत या हार किसी भी टीम का भविष्य तय करने के लिये काफी होती है इसलिये अफगान टीम कल श्रीलंका के विरुद्ध अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सुपर-चार में पहुंचने का भरपूर प्रयास करेगी।

अफगानिस्तान के लिये ऐसा करना आसान नहीं होगा क्योंकि श्रीलंका भी मज़बूत टीम है और फॉर्म में है। अपने अनुभवी तेज़ गेंदबाज़ों की अनुपस्थिति के बावजूद श्रीलंका ने पाल्लेकेले स्टेडियम में बंगलादेश को मात्र 164 रन पर ऑलआउट कर दिया था। अफगानिस्तान अगर श्रीलंका के विरुद्ध बड़ा स्कोर बनाना चाहती है तो उसे युवा तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना और ऑफ-स्पिनर महीश तीक्षणा की घातक गेंदबाजी का तोड़ निकालना होगा।

हाल ही में जून में इन दोनों टीमों का आमना-सामना हुआ था। उस समय भले ही अफगानिस्तान ने शुरुआती एकदिवसीय मैच जीता था, लेकिन श्रीलंका ने मजबूत वापसी करते हुए अगले दो मुकाबलों में अपने विरोधियों को हराकर शृंखला 2-1 से जीत ली थी। तीसरे वनडे में खासकर श्रीलंका ने अपने गेंदबाजों के दम पर नौ विकेट से जीत दर्ज की थी और अफगान टीम मंगलवार को मैदान पर उतरते हुए इस बात का विशेष ध्यान रखेगी।

एशिया कप के सह-मेज़बान श्रीलंका में भले ही भारी बारिश हो रही है, लेकिन लाहौर का मौसम बिल्कुल शुष्क है और मैच के दिन भी इसी की उम्मीद है। गद्दाफी स्टेडियम पर तेज़ गेंदबाज़ों को मदद मिलने की उम्मीद है लेकिन अगर अफगानिस्तान अपनी थोड़ी भी उम्मीदें बरकरार रखना चाहता है तो गुलबदीन नाइब और फजलहक फारूकी को अपनी गेंदबाजी में अनुशासन लाना होगा।

**अफगानिस्तान संभावित एकादश :** रहमानुल्लाह गुरबाज़ (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, रहमत शाह, हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नाइब, करीम जन्नत, राशिद खान, फजलहक फारूकी, मुजीब उर रहमान।

**श्रीलंका संभावित एकादश :** पथुम निसांका, डिमुथ करुणारत्ने, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), सदीरा समरविक्रमा, चरित असलंका, धनंजय डी सिल्वा, दसुन शनाका (कप्तान), डुनिथ वेलालगे, महीश तीक्षणा, कसुन रजिता, मथीशा पथिराना।

## भारतीय ओलंपिक संघ का एशियाई खेलों के लिए सैमसोनाइट से करार

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने सोमवार को हांगझाऊ जाने वाले एशियाई खेलों के दल के लिए भागीदार के रूप में ट्रैवल सामान कंपनी सैमसोनाइट के साथ अनुबंध करने की घोषणा की। भारतीय दल के सदस्य चीन के हांगझाऊ में 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक होने वाले कॉन्टिनेंटल मेगा इवेंट में प्रीमियम सूटकेस के साथ यात्रा करेंगे। आईओओ अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा है कि यह सहयोग एक ऐतिहासिक साझेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा, भारतीय टीम के प्रत्येक सदस्य को एशियाई खेलों 2022 के लिए आधिकारिक किट के लिए डिज़ाइन किए गए प्रीमियम सूटकेस का प्रावधान समर्थन का प्रतीक है और विश्वास है कि पूरा देश हमारे खिलाड़ियों को सपोर्ट करेगा। भारत के अनुभवी टेबल टेनिस स्टार ए. शरथ कमल, जिन्होंने जकार्ता में पिछले एशियाई खेलों में दो कांस्य पदक जीते थे। उन्होंने इस साझेदारी का स्वागत किया और कहा, मैं हमारी खेल किट और औपचारिक समारोह के साथ ऐसे प्रीमियम सूटकेस के साथ यात्रा करने वाली पूरी टीम के महत्व पर ज्याद कुछ नहीं दे सकता। हमारे एथलीटों के बीच गर्व और आत्मविश्वास की भावना केवल इस तरह के एक्शन से ही बढ़ सकती है। सैमसोनाइट इंडिया के सीईओ जय कृष्णन ने कहा कि भारतीय एथलीट की यात्रा का हिस्सा बनना सम्मान की बात है। उन्होंने कहा, हमारे एथलीट जिस यात्रा पर निकल रहे हैं, शायद उससे अधिक खास कुछ और नहीं हो सकता है। हम उनकी यात्रा का एक छोटा, लेकिन, महत्वपूर्ण हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं।

## भारत ने एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पक्का किया

**प्योंगचांग (दक्षिण कोरिया)**। भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम ने एशियाई चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में सोमवार को सिंगापुर को 3-0 से मात देकर अपने लिये कांस्य पदक सुनिश्चित कर लिया। शरत कमल, सत्यन ज्ञानशेखरन और हरमीत देसाई ने अपने-अपने एकल मुकाबले जीतकर भारत को सेमीफाइनल में पहुंचाया।



अनुभवी शरत और इजाक क्यूक के बीच शुरुआती एकल मैच में कड़ी टक्कर हुई, जिसमें भारतीय खिलाड़ी ने अंतत: 11-1, 10-12, 11-8, 11-13, 14-12 से जीत हासिल की। सत्यन ने यू एन कोएन पांग पर 11-6, 11-8, 12-10 की आसान जीत के साथ भारत को 2-0 की बढ़त दिलाई।

भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले 61वें खिलाड़ी हरमीत देसाई ने झे यू क्लेरेंस च्यू को 11-9, 11-4, 11-6 से हराकर मुकाबला अपने नाम किया। सेमीफाइनल में भारत का सामना बुधवार को चीनी ताइपे से होगा।

इस बीच, महिलाओं के क्वार्टरफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय टीम को जापान के खिलाफ 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी मीमा इतो ने शुरुआती एकल में अयहिका मुखर्जी को 11-7, 15-13, 11-8 से हराया। दुनिया की 36वें नंबर की खिलाड़ी मनिका बत्रा ने सातवीं रैंकिंग वाली हिना हयाता के खिलाफ एक गेम जीता लेकिन वह भी 7-11, 9-11, 11-9, 3-11 से हार गयीं।

पहले गेम में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद सुतीर्था मुखर्जी को मियू हिरानो के खिलाफ 7-11, 11-4, 11-6, 11-5 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय महिला टीम अब मंगलवार को 5-8 स्थान के लिये क्लासिफिकेशन मैच खेलेगी। एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन तीन से 10 सितंबर के बीच हो रहा है। इसके बाद खिलाड़ी हांग्झोउ में 23 सितंबर से होने वाले एशियाई खेलों का रुख करेंगे।

## ग्लेन मैक्सवेल हो सकते हैं भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

**मेलबर्न**। ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने स्वीकार किया है कि इस साल के विश्व कप से पहले अपनी तैयारी को मजबूत करने के लिए वह भारत के खिलाफ वनडे सीरीज को मिस कर सकते हैं। इस स्टार ऑलराउंडर को दक्षिण अफ्रीका में हाल ही में टी20 सीरीज से बाहर कर दिया गया था, क्योंकि वह अभी भी पैर की चोट के कारण टखने की तकलीफ से जूझ रहे हैं और इस समय ऑस्ट्रेलिया में अपने पहले बच्चे के जन्म का इंतजार कर रहे हैं। 34 वर्षीय खिलाड़ी का कहना है कि विश्व कप के लिए फिट रहना उनका प्राथमिक ध्यान है। मैक्सवेल ने कहा, मैं अब भी भारत सीरीज का कुछ हिस्सा खेलना चाहता हूं। लेकिन मुझे इस पर कोई दबाव महसूस नहीं हो रहा है। चयनकर्ताओं और कर्मचारियों ने भी मेरे



साथ शानदार व्यवहार किया है। वे उस तारीख को निर्धारित करने के लिए मुझ पर बहुत अधिक दबाव नहीं डालना चाहते क्योंकि वे जानते हैं कि विश्व कप से पहले उनके पास थोड़ा अतिरिक्त समय है। ऑस्ट्रेलिया को विश्व कप से पहले 22 सितंबर को मोहाली में शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सरीजी के लिए भारत का दौरा करना है। उन्होंने कहा, इसलिए जल्दबाजी करने और शायद खुद को एक या दो सप्ताह पीछे रखने के बजाय, मैं खुद को अतिरिक्त समय दे पाऊंगा और सुनिश्चित करूंगा कि हम पूरे टूर्नामेंट में सफल हो जाएं। उन्होंने कहा, इसलिए जल्दबाजी करने और शायद खुद को एक या दो सप्ताह पीछे रखने के बजाय, मैं खुद को अतिरिक्त समय दे पाऊंगा और सुनिश्चित करूंगा कि हम पूरे टूर्नामेंट में सफल हो जाएं। मैक्सवेल ने मार्च में वानखेड़े में भारत के खिलाफ वनडे मैच में भाग लेने के बाद से अपने देश के लिए नहीं खेला है और जुलाई की शुरुआत में वार्विकशायर के लिए इंग्लिश काउंटी चैम्पियनशिप मैच में एकमात्र मैच खेलने के बाद से किसी भी स्तर पर मैदान में नहीं उतरे हैं। मैक्सवेल दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर गए थे, लेकिन 4 दिन में ही वापस लौट आए थे।

## अमेरिकी ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे बोपन्ना-एब्डेन

**न्यूयॉर्क**। भारत के रोहन बोपन्ना यहां अमेरिकी ओपन 2023 टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गये हालांकि मिश्रित युगल प्रतियोगिता से उन्हें हार के साथ बाहर होना पड़ा। पुरुष युगल के प्री-क्वार्टरफाइनल में, छठी वरीयता प्राप्त रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलियाई साथी मैथ्यू एबडेन की जोड़ी ने जूलियन कैश और हेनरी पैटन की ब्रिटिश जोड़ी को दो घंटे 20 मिनट चले मुकाबले में 6-4, 6(5)-7, 7-6(10-6) से हराने के लिये कड़ी मेहनत की। अगले दौर में बोपन्ना-एबडेन का सामना शीर्ष वरीय वेस्ले कूलहोफ-नील स्कूपस्की और नाथनियल लैमन्स-जैक्सन विथ्रो के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। हार्ड कोर्ट पर खेला जाने वाला अमेरिकी ओपन साल का चौथा और अंतिम टेनिस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट है। इस सीज़न की शुरुआत में बोपन्ना और एबडेन ने दोहा और इंडियन वेल्स में हार्ड कोर्ट पर खिताब जीते थे। यह जोड़ी जुलाई में विंबलडन के सेमीफाइनल में भी पहुंची थी। इस बीच, मिश्रित युगल प्रतियोगिता में रोहन बोपन्ना और इंडोनेशिया की अल्डिला सुत्जियादी अमेरिका की टेलर टाउनसेंड और बेन शेल्टन से एक घंटे से भी कम समय में 6-2, 7-5 से हार गये। बोपन्ना इस आयोजन में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी थे।



गौरतलब है कि 43 वर्षीय बोपन्ना अमेरिकी ओपन 2023 में भारत के एकमात्र प्रतिनिधि हैं। इससे पहले, साकेत माइनेनी और युकी भांबरी पुरुष युगल के दूसरे दौर में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गये थे। अंकिता रैना और सुमित नागल सहित कोई भी भारतीय एकल खिलाड़ी क्वालीफायर से आगे नहीं बढ़ पाया।

# भारत की पुरुष टीम हॉकी 5 विश्व कप 2024 में पूल बी में, महिला टीम पूल सी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली**। भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमों ने सलाला (ओमान) में पहले हॉकी 5 एशिया कप में स्वर्ण पदक जीत कर एफआईएच हॉकी 5 विश्व कप 2024 के लिए क्वॉलिफाई कर लिया। मनदीप मोर की अगुआई में भारत की पुरुष हॉकी टीम ने हॉकी 5 एशिया कप फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को हरा तथा नवजोत कौर की अगुआई में महिला हॉकी टीम ने अजेय रह कर थाईलैंड पर फाइनल में जीत के साथ स्वर्ण जीते। पुरुष वर्ग में चैंपियन भारत, उपविजेता पाकिस्तान और तीसरे स्थान पर रहने वाली मलयेशिया की टीम ने तथा महिला वर्ग में खिताब जीतने वाली भारतीय टीम, उपविजेता थाईलैंड और मलयेशिया की टीमों ने शीर्ष तीन में रहकर हॉकी 5 विश्व कप के लिए क्वॉलिफाई किया। पहला एफआईएच हॉकी 5 महिला और पुरुष हॉकी विश्व कप 2024 मस्कट(ओमान) में 24 से 31 जनवरी, 2024 तक होगा। महिला और पुरुष वर्ग में दोनों में 16-16 टीमें ने क्वॉलिफाई किया है। एफआईएच ने लुसाने में हॉकी 5 विश्व कप महिला और पुरुष हॉकी विश्व 2024 मस्कट(ओमान) का ड्रॉ रविवार रात निकाला। ड्रॉ के मुताबिक पुरुष वर्ग में भारत और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान की टीम अलग-अलग पूल में हैं। पुरुष वर्ग में नीदरलैंड, पाकिस्तान, पोलैंड और नाइजीरिया को पूल ए में, भारत, मिस्र, स्विटजरलैंड व जमैका को पूल बी, ऑस्ट्रशलिया, अमेरिका , न्यूजीलैंड, त्रिनिदाद एंड टोबैगो व केन्या पूल सी में जबकि मेजबान ओमान, मलयेशिया, अमेरिका, व फिजी की टीमें पूल में रखा गया है।



महिला वर्ग में मेजबान ओमान, मलयेशिया, फिजी व नीदरलैंड पूल ए में, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, यूक्रेन व जाम्बिया पूल बी में, भारत, अमेरिका, पोलैंड व नामिबिया पूल सी में जबकि न्यूजीलैंड, उरुग्वे, थाईलैंड व पराग्वे पूल डी में हैं।

पुरुष हॉकी 5 विश्व कप 2024 के लिए क्वॉलिफाई करने वाली 16 टीमें हैं = मेजबान ओमान, एशिया से भारत, पाकिस्तान, मलयेशिया, यूरोप से नीदरलैंड, पोलैंड व स्विटजरलैंड, अफ्रीका से मिस्र, केन्या, नाइजीरिया, पैन अमेरिका से अमेरिका, त्रिनिदाद एड टोबैगो व जमैका तथा ओशनिया से ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलषैंड और फिजी।

■ **भारत और पाक की पुरुष हॉकी टीमें अलग-अलग पूल में**

महिला हॉकी 5 विश्व कप 2024 के लिए क्वॉलिफाई करने वाली 16 टीमें हैं =मेजबान ओमान, एशिया से भारत, थाईलैंड और मलयेशिया, यूरोप से नीदरलैंड, पोलैंड व यूक्रेन, अफ्रीका से मिस्र, केन्या, व नाइजीरिया, पैन अमेरिका से अमेरिक, उरुग्वे व पराग्वे, ओशनिया से ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड फिजी।

हम सुनिश्चित करेंगे कि हॉकी 5 विश्व कप में ट्रॉफी के साथ लौटे : नवजोत महिला हॉकी 5 विश्व कप का ड्रॉ घोषित किए जाने के बाद भारत की कप्तान नवजोत कौर ने अपनी टीम के पूल सी की बाबत कहा, हमारा पूल खासा रोचक है और मैं इसमें कई मजबूत टीमों से मुकाबले की बेताबी से प्रतीक्षा कर रही हूं। पहला महिला हॉकी 5 एशिया कप 2023 जीतने से हमारी खिलाड़ी विश्वास से भरी हैं और वे हॉकी 5विश्व कप 2024 में बढिया प्रदर्शन कर भारत को गौरव दिलाने को तैयार हैं। इस फॉर्मेट में देश की अगुआई करना गौरव की बात है हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हॉकी 5 विश्व कप में हम ट्रॉफी के साथ लौटे।' वहीं भारत की महिला हॉकी टीम की उपकप्तान ज्योति ने कहा, हॉकी 5 एशिया कप खासा प्रतिस्पर्द्धी टूर्नामेंट रहा और इसमें हमें कुछ बेहतरीन टीमों के खिलाफ खेलने का मौका मिला। हमने हॉकी 5 एशिया कप में कुछ बढिया हॉकी खेली और हम इसे एफआईएच हॉकी 5 महिला विश्व कप में जारी रखना चाहेंगे।

## सार संक्षेप

### बुमराह के घर गूंजी 'अंगद' की किलकारी

**मुंबई**। भारत के अग्रणी तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह और उनकी पत्नी संजना गणेशन ने अपने परिवार में बेटे 'अंगद' का स्वागत किया है। बुमराह ने सोमवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, हमारा छोटा परिवार बड़ा हो गया है। हमारे दिल इतने भर आये हैं जितना कभी सोचा भी नहीं था। आज सुबह हमने अपने नन्हे से बेटे अंगद जसप्रीत बुमराह का इस दुनिया में स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि बुमराह भारत के साथ एशिया कप खेलने श्रीलंका गये थे लेकिन बेटे के जन्म के लिये वह रविवार को स्वदेश लौट आये। इस कारण वह भारत और नेपाल के बीच सोमवार को होने वाले मुकाबले में हिस्सा भी नहीं ले सके। बुमराह ने कहा, हम चांद के ऊपर हैं। हमारे जीवन का यह नया अध्याय जो कुछ अपने साथ लाया है, उसका इंतज़ार नहीं कर सकते। बुमराह अब सुपर-चार चरण में हिस्सा लेने के लिये श्रीलंका लौटेंगे, जहां भारत का पहला मुकाबला 10 सितंबर को पाकिस्तान से होगा।

### एशियाई खेलों से पहले 17 दिवसीय शिविर में हिस्सा लेंगे भारतीय मुक्केबाज

**नई दिल्ली**। चीन के हांग्झोउ में 23 सितंबर से होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी के लिये भारतीय मुक्केबाजी दल 17 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रशिक्षण शिविर के लिये चीन के वुइशान शहर के लिये रवाना हुआ है। भारतीय मुक्केबाजी संघ ने सोमवार को बताया कि इस दल में 13 मुक्केबाज और 11 सहयोगी स्टाफ सदस्य शामिल हैं। आरईसी लिमिटेड द्वारा समर्थित प्रशिक्षण शिविर तीन सितंबर से 20 सितंबर तक निर्धारित है। इसके बाद भारतीय मुक्केबाज एशियाई खेलों में भाग लेने के लिये हांग्झोउ रवाना होंगे।

### ओस्तापेन्को ने गत चैंपियन स्वियातेक को बाहर किया

**न्यूयॉर्क**। लातविया की हेलेना ओस्तापेन्को ने अमेरिकी ओपन के चौथे दौर में 3-6, 6-3, 6-1 की जीत के साथ गत चैंपियन इगा स्वियातेक का अभियान खत्म कर दिया है। स्वियातेक रविवार रात की हार के बाद विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर नहीं रहेंगी।

## सुडोकू 6307 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 4 | 8 |
| 8 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 | 3 | 5 | 1 |
| 3 | 1 | 4 | 5 | 8 | 6 | 9 | 7 | 2 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 | 1 | 3 |
| 6 | 4 | 5 | 7 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 |
| 1 | 8 | 3 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 | 8 | 6 |
| 9 | 5 | 8 | 6 | 2 | 7 | 1 | 3 | 4 |
| 2 | 3 | 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 7 |

# [ अर्थ जगत ]

## रुपया 11 पैसे की गिरावट के साथ 82.73 प्रति डॉलर पर बंद

**नयी दिल्ली।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 11 पैसे की गिरावट के साथ 82.73 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती का असर रुपये पर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.71 पर खुला। दिन में कारोबार के दौरान यह 82.67 और 82.77 के बीच कारोबार करने के बाद अंत में अपने पिछले बंद भाव से 11 पैसे टूटकर 82.73 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 82.62 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।



## त्योहारी सीजन से पहले 100000 अस्थायी रोजगार देने का लक्ष्य, ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने की घोषणा

**नई दिल्ली।** घरेलू ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने सोमवार को कहा कि उसने त्योहारी सीजन से पहले एक लाख से अधिक मौसमी रोजगार देने का लक्ष्य तय किया है। कंपनी ने कहा कि मांग को पूरा करने के लिए उसकी आपूर्ति श्रृंखला में ये भर्तियां की जाएंगी। फ्लिपकार्ट ने बयान में कहा कि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष, दोनों तरह के रोजगार में स्थानीय किराना आपूर्ति साझेदार और महिलाएं शामिल होंगी। इनमें विकलांग व्यक्तियों को भी नियोजित किया जाएगा। कंपनी को त्योहारी सत्र से पहले अपनी आपूर्ति श्रृंखला में एक लाख से अधिक नए रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। फ्लिपकार्ट समूह के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमंत बद्री ने कहा, द बिग बिलियन डेज (टीबीबीडी) की बिक्री बड़े पैमाने पर होती है और इसका भारत के नवाचार और पारिस्थितिकी तंत्र पर असर होता है। इससे लाखों नए ग्राहकों को ई-कॉमर्स की अच्छाई का अनुभव करने का मौका मिलता है। फ्लिपकार्ट टीबीबीडी बिक्री के दौरान शीर्ष ब्रांड के उत्पादों पर छूट देती है।

**अमेजन भारत में करेगा बड़ा निवेश** - ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन भारत में प्रकृति आधारित परियोजनाओं में 30 लाख डॉलर का शुरुआती निवेश करेगी. कंपनी की ओर से सोमवार को जारी बयान के अनुसार, यह निवेश कंपनी के एशिया-प्रशांत में प्रकृति आधारित परियोजनाओं के लिए 1.5 करोड़ डॉलर के कोष का हिस्सा है.

# पेट्रोल-डीजल के सस्ते होने की उम्मीदों पर फिरा पानी, कच्चे तेल के दाम 9 महीने की ऊंचाई पर

*__नई दिल्ली।__ आने वाले विधानसभा चुनावों और लोकसभा चुनावों के मद्देनजर चुनावी लाभ के लिए मोदी सरकार के पेट्रोल डीजल सस्ता करने के मंसूबों पर पानी फिरता नजर आ रहा है. अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल की कीमतों ने यूटर्न ले लिया है और ये फिर से 90 डॉलर प्रति बैरल के पार जाने की तैयारी में है.*



ऐसे में पेट्रोल डीजल के सस्ते होने की संभावना फिलहाल खत्म होती नजर आ रही है वहीं आशंका जताई जा रही है कीमतों में और भी तेजी आने वाले दिनों में आ सकती है.

**कच्चे तेल की कीमतों में उछाल** - अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल 9 महीने के हाई पर जा पहुंचा है. ब्रेंट क्रूड के दाम 88.72 डॉलर प्रति बैरल तक जा पहुंचा है. वहीं डब्ल्यूटीआई क्रूड 85.50 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है. कच्चे तेल का उत्पादन करने देश सप्लाई में कटौती जारी रख सकते हैं जिसके चलते क्रूड ऑयल की कीमतों में तेजी देखने को मिली है. सऊदी अरब और रूस कच्चे तेल के उत्पादन को घटा सकते हैं. रूस ओपेक देशों के उत्पादन घटाने और एक्सपोर्ट में कमी करने को लेकर सहमत हो चुका है. जिसकी घोषणा इस हफ्ते किए जाने की उम्मीद है. यही वजह हे कि कच्चे तेल के दाम 9 महीने के हाई पर जा पहुंचा है.

**महंगाई से राहत दिलाने का भरोसा** - पिछले हफ्ते रक्षा बंधन पर मोदी सरकार ने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 200 रुपये की कटौती करने का फैसला कर आम लोगों को महंगाई से राहत देने की कोशिश की थी. सभी एलपीजी ग्राहकों के लिए सिलेंडर की कीमत को 1103 रुपये से घटाकर 903 रुपये कर दिया गया. जबकि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों को 400 रुपये सस्ते यानि 703 रुपये में सिलेंडर मिल रहा है. एलपीजी की कीमतों में कटौती के बाद सरकार की तरफ से आने वाले दिनों में पेट्रोल डीजल के दाम घटाने के संकेत मिल रहे थे. वैसे भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले की प्राचीर से आम लोगों को महंगाई से राहत दिलाने का भरोसा दिया था. जिसके बाद सस्ते पेट्रोल डीजल की उम्मीद बंधने लगी थी.

**पेट्रोल डीजल फिलहाल सस्ता नहीं!** - लेकिन अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दामों में तेज उछाल के बाद सरकार के पेट्रोल डीजल के दाम घटाने की योजना पर पानी फिर सकता है. वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में सरकारी तेल कंपनियों को पेट्रोल डीजल बेचने पर 8 से 9 रुपये प्रति लीटर का मुनाफा हुआ है. पर कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बाद दूसरी तिमाही में मुनाफे में कमी आ सकती है. ऐसे में कच्चे तेल की कीमतों के 80 डॉलर प्रति बैरल के नीचे आने से पेट्रोल डीजल की कीमतों में किसी भी प्रकार की कटौती की उम्मीद फिलहाल के लिए खत्म होती नजर आ रही है.

### भारतीय स्टेट बैंक ने नई सुविधा की घोषणा की

# अब यूपीआई से भुगतान में ई-रुपये का भी हो सकेगा इस्तेमाल

*__नई दिल्ली।__ भारतीय स्टेट बैंक ने ग्राहकों के लिए एक नई सुविधा की घोषणा की है। अब एसबीआई ग्राहकों को डिजिटल तौर पर भुगतान करने में आसानी होगी। एसबीआई ने भारतीय रिजर्व बैंक के ई रुपये पर यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस इंटरऑपरेबिलिटी की सुविधा देने का एलान किया है।*




इस कदम के साथ, एसबीआई का उद्देश्य अपने ग्राहकों की सुविधा और पहुंच में इजाफा करना है। एसबीआई अपने ईरुपी एप्लिकेशन के माध्यम से उपयोगकर्ताओं को लेनदेन के लिए किसी भी मर्चेंट यूपीआई क्यूआर कोड को आसानी से स्कैन करने में सक्षम बनाएगी। एसबीआई आरबीआई की खुदरा डिजिटल ई-रुपया परियोजना में भाग लेने वाले पहले कुछ बैंकों में से एक था। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) भारत की मोबाइल-आधारित फास्ट पेमेंट सिस्टम है, जो ग्राहकों को वर्चुअल पेमेंट एड्रेस (वीपीए) का उपयोग करके चौबीसों घंटे भुगतान करने की सुविधा प्रदान करता है। यूपीआई भुगतान प्रणाली भारत में खुदरा डिजिटल भुगतान के लिए बेहद लोकप्रिय हो गई है, और इसे अपनानेवालों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। एसबीआई ने एक विज्ञप्ति में कहा, यूपीआई के साथ सीबीडीसी का निर्बाध एकीकरण बैंक के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, यह रोजमर्रा के लेनदेन में डिजिटल मुद्राओं की स्वीकृति और उपयोग को बढ़ाएगा। बैंक को लगता है कि यह एकीकरण डिजिटल मुद्रा पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक गेम चेंजर होगा। केंद्रीय बजट 2022-23 में, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सेंट्रल बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) नामक डिजिटल मुद्रा को शुरू करने की घोषणा की थी। सीबीडीसी संप्रभु मुद्रा का एक इलेक्ट्रॉनिक रूप है। यह नकदी की तरह कोई ब्याज अर्जित नहीं करेगा, लेकिन इसे नकद के विभिन्न रूपों में परिवर्तित किया जा सकता है। एसबीआई से पहले यस बैंक और एक्सिस बैंक इस तरह की सुविधा शुरू कर चुके हैं।

# नए मानकों से 10 से 12 प्रतिशत महंगे हो सकते हैं वाणिज्यिक वाहन - रिपोर्ट



*__नयी दिल्ली।__ कई तरह के नियामकीय प्रावधान लागू किए जाने पर वाणिज्यिक वाहनों के दाम 10-12 प्रतिशत तक बढ़ सकते हैं। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने एक रिपोर्ट में कहा कि घरेलू वाहन उद्योग इस समय त्वरित बदलावों के दौर से गुजर रहा है जिसमें सरकार का ध्यान उत्सर्जन मानकों, सुरक्षा प्रणालियों एवं अन्य मानदंडों को लागू करने पर है। इन मानकों के जरिये भारत को अन्य प्रमुख वाहन बाजारों के समान स्तर पर लाने की योजना है।*

रेटिंग एजेंसी ने कहा, भारतीय वाहन उद्योग के भीतर वाणिज्यिक वाहन खंड पर विशेष ध्यान है। इसकी वजह यह है कि वाहनों से होने वाले उत्सर्जन में वाणिज्यिक वाहनों की बड़ी हिस्सेदारी है। इसके अलावा चालक की सुविधा एवं सुरक्षा को बढ़ाने के उपाय भी लागू किए जा रहे हैं। इक्रा के मुताबिक, बहुत कम समय में वाहन उद्योग ने सख्त उत्सर्जन मानकों को अपनाया है और चालक की सुरक्षा एवं सुविधा को बढ़ाने के लिए प्रस्तावित मानकों को भी लागू किया है। लेकिन इनकी वजह से वाणिज्यिक वाहनों की कीमतें 10-12 प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं। आने वाले समय में घरेलू वाहन उद्योग में कुछ अन्य नियामकीय बदलाव भी होने वाले हैं। वाणिज्यिक वाहनों के चालक के केबिन में एयर कंडीशनर को जनवरी, 2025 से अनिवार्य कर दिया गया है। इसके अलावा आपात स्थिति में सुरक्षित ब्रेकिंग, चालक को सतर्क करने वाली प्रणाली और वाहन में आग लगने की स्थिति में अलार्म बजने जैसी प्रणालियां भी स्कूल बसों एवं शहरी परिवहन बसों में एक अक्टूबर, 2023 से लागू करने की तैयारी है।

# देश में चावल पर बैन लगने के बाद दुनिया में मची खलबली रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचे चावल के रेट

*__नई दिल्ली।__ दुनियाभर में महंगाई के कारण रसोई का बजट बिगड़ गया है. इस बीच पिछले कुछ दिनों से भारत द्वारा चावल के निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंध से दुनिया में खलबली मच गई है. कई देशों में चावल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी देखी गई है.पिछले हफ्ते, भारत ने उबले और बासमती चावल पर अधिक प्रतिबंध लगाए,*



जिससे बुधवार को एशिया में चावल की कीमतें 15 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। चावल समेत कुछ अन्य अनाजों पर प्रतिबंध 20 जुलाई से शुरू हुआ. इसके बाद चावल की कई किस्मों के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया गया. भारत दुनिया के सबसे बड़े चावल निर्यातक देशों में से एक है। इसके बाद थाईलैंड और वियतनाम जैसे देश हैं.

**चावल को लेकर क्यों चिंतित है दुनिया?** - इकोनॉमी टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर एमेरिटस पीटर टिमर ने कहा कि चावल की कीमतों में बढ़ोतरी अक्सर गरीब उपभोक्ताओं को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि अभी सबसे बड़ी चिंता यह है कि अगर थाईलैंड और वियतनाम भारत पर प्रतिबंध लगाते हैं, तो दुनिया भर में चावल की कीमत 1000 डॉलर से अधिक हो सकती है।

**अब चावल की कीमत क्या है?** - वैश्विक बाजार में चावल की बेंचमार्क कीमत फिलहाल 646 डॉलर प्रति टन है और कम बारिश के कारण चावल की कीमत और बढ़ सकती है. थाईलैंड ने इस बार सूखे की चेतावनी दी है, जिससे वैश्विक बाजार में चावल की कीमतें बढ़ने की आशंका और बढ़ गई है. फिलहाल चीन में फसल अच्छी है और दुनिया को यहां से राहत मिल सकती है.

**भारत ने बैन क्यों लगाया?** - भारत की बात करें तो देश में चावल की कीमत पिछले साल के मुकाबले थोड़ी ज्यादा कीमत पर बिक रही है। नई दिल्ली में एक किलो चावल की कीमत 39 रुपये है. ऐसे में चावल की बढ़ती कीमत के चलते निर्यात शुल्क या तो बढ़ा दिया गया है या फिर उस पर रोक लगा दी गई है.

# दिवाली तक 65000 पहुंच सकता है सोना

*__नई दिल्ली।__ सोना निवेश का ऐसा विकल्प है, जो बाजार की अनिश्चितताओं, उच्च महंगाई और ब्याज दरें बढ़ने के दौर में हमेशा सुरक्षा देता है। वैश्विक स्तर पर बने हालात और देश में शुरू होने वाले त्योहारी सीजन को देखते हुए यह सोने में निवेश का अच्छा मौका है क्योंकि दिवाली तक घरेलू बाजार में सोना 65,000 के स्तर पर पहुंच सकता है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसके 2,150 डॉलर प्रति औंस पर पहुंचने का अनुमान है।*



एक सितंबर, 2023 को घरेलू बाजार में पीली धातु 60,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुई थी। इस तरह, दिवाली तक इसमें करीब 3,500 रुपये तक की तेजी का अनुमान है। कमोडिटी बाजार के विशेषज्ञों का कहना है कि सोने में बीच-बीच में भले ही उतार-चढ़ाव देखने को मिलता हो, लेकिन, साल-दर-साल पीली धातु की कीमतों में इजाफा होता जा रहा है। यह निवेशकों के लिए बिना किसी जोखिम के स्थिर रिटर्न देने वाला विकल्प है। इस कारण बाजार का माहौल जैसा भी रहे, सोने में चमक बनी रहती है।

**ब्याज बढ़ने का डर नहीं** - केडिया एडवाइजरी के मुताबिक, चीन ने हाल ही ब्याज दरों में कटौती की है, जिसके बाद अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व पर भी ब्याज दर बढ़ाने की रफ्तार में कमी करने का दबाव बढ़ेगा। फेड रिजर्व नवंबर, 2023 में आखिरी बार प्रमुख नीतिगत दर में 0.25% की बढ़ोतरी कर सकता है, जो इस साल आखिरी होगा। इस प्रकार, पिछले साल की ब्याज दर में बढ़ोतरी का डर नहीं है, जिससे सोने को समर्थन मिलेगा।

**रुपया भी देगा सहारा** - प्रमुख कारकों के अलावा रुपये में गिरावट से भी सोने को सहारा देगा। देश में अगले साल चुनाव होने हैं। पिछले 20 साल का आंकड़ा बताता है कि चुनाव से चार-छह महीने पहले रुपये में गिरावट जरूर आती है। घरेलू मुद्रा में गिरावट और शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव को देखें तो कुल मिलाकर सोने को लेकर परिदृश्य पूरी तरह सकारात्मक नजर आ रहा है।

### इन वजहों से भी पीली धातु की बढ़ेगी चमक

-भू-राजनीतिक तनाव की वजह से यूरोप समेत अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में अनिश्चितता बनी हुई है।

-मॉर्गन स्टैनली ने पहले ही अमेरिका की रेटिंग घटा दी है। अब जेपी मॉर्गन ने चीन की रेटिंग डाउनग्रेड कर दी है।

-अमेरिका समेत अन्य देशों में महंगाई काबू से बाहर है। डॉलर में गिरावट जारी है।

-घरेलू स्तर पर आगामी त्योहारी व शादियों के सीजन को देखते हुए सोने की मांग बढ़ेगी।


**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 12000-13000, मीडियम बोल्ड 13000-14000, फाइन 14000-15000, एकस्ट्रा बोल्ड 14500-15000, चना दाल एवरेज 6300-6500 चना दाल मार्का 6600-6800, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7400-7500, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9000-9500, फाइन 10000-11000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-9500, मूंगदाल धुली 9000-9500,फाइन 9500-10000।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3800-4000, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-4900 फाइन-5200-5400 दुबराज भाटापारा 5000-5500, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5500-5600, बासमती कनकी चालू 2500-2800, बासमती कनकी मीडियम 3200-3600, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-7500, बासमती 8000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4000-4200, फाइन 4400-4600, मुरमुरा-5000-5500, फाइन- 6800-7200, रु.।

**सोहन लाल एण्ड संस**

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60650 चांदी टंच- 74600 चांदी रिफाइन -75900

**दुल्हन श्री आभूषण**

कमानिया गेट, सराफा बाजार-

मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60650 चांदी टंच- 74600 चांदी रिफाइन -75900


### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 82. 71 |
| एक यूरो | 89. 14 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 104.14 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53. 35 |
| एक जापानी येन | 0. 56 |


**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 136 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 138प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-140 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 73 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180रु. किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070 भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।




## विजय शेखर शर्मा पेटीएम के सबसे बड़े शेयरधारक बने

**नई दिल्ली।** पेटीएम के संस्थापक और सीईओ विजय शेखर शर्मा की कंपनी में हिस्सेदारी बढ़ गई है। चायनीज निवेश वाली कंपनी एंटफिन की ओर से हिस्सेदारी बेचने के बाद पेटीएम में विजय शेखर शर्मा की हिस्सेदारी में इजाफा हुआ है। इसके साथ ही शर्मा पेटीएम में इकलौते एसबीओ, यानी सिग्निफिकेन्ट बेनिफिशियल ओनर बन गए हैं। पेटीएम की पैतृक कंपनी वन 97 कम्यूनिकेशन में एंटफिन की हिस्सेदारी 23.79% से घटकर अब महज 9.9% रह गई है। कुछ हफ्ते पहले तक चीन की निवेश कंपनी एंटफिन के पास पेटीएम में 23.79% हिस्सेदारी थी। बीते दिनों एंटफिन ने रेसिसीलिएंट असेट मैनेजमेंट बीवी को अपनी 10.3 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची है।

## शेयर बाजार में तेजी जारी, सेंसेक्स 241 अंक चढ़ा

*__मुंबई।__ ग्लोबल मार्केट से मिले सकारात्मक रुझानों और ब्रुज्ञ तथा मेटल शेयरों में निरंतर खरीदारी के बीच हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन हरे निशान पर बंद हुए। दोनों फ्रंटलाइन इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी देखी गई। आज के कारोबार में सेंसेक्स ने 241 अंकों की बढ़त दर्ज की। वहीं, निफ्टी में भी 93 अंको की बढ़त दर्ज की गई।*

अमेरिका में निराशाजनक नौकरियों के आंकड़ों के बाद इस महीने के अंत में अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा दरों में बढ़ोतरी पर रोक की उम्मीद मजबूत होने के बाद ग्लोबल लेवल पर सेंटीमेंट पॉजीटिव हो गया।शुरुआती उतार-चढ़ाव के बीच, सेंसेक्स 65,286 के निचले स्तर तक फिसल गया और 101 अंक नीचे आ गया। हालांकि, इसके बाद बीएसई बेंचमार्क ने अच्छी रिकवरी की और लाभ में वापस आ गया और दिन के निचले स्तर से 398 अंक ऊपर 65,684 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 240.98 अंक यानी 0.37 फीसदी की बढ़त के साथ 65,628.14 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 65,683.91 की ऊंचाई तक गया और नीचे में 65,285.56 तक आया। वहीं, दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 93.50 अंक यानी 0.48 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई।



## बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 315 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली।** देश के प्रमुख शेयर बाजार बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) सोमवार को निवेशकों की मजबूत धारणा की वजह से अबतक के रिकॉर्ड स्तर 315 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 240.98 अंक यानी 0.37 प्रतिशत की तेजी के साथ 65,628.14 अंक पर बंद हुआ। यह शेयर बाजार में बढ़त का लगातार दूसरा कारोबारी सत्र रहा। इसके पहले शुक्रवार को भी सेंसेक्स 555.75 अंक यानी 0.86 प्रतिशत चढ़ा था। मजबूती के इन दो कारोबारी सत्रों में निवेशकों की पूंजी 5,41,951.7 करोड़ रुपये बढ़ गई। इसके साथ ही बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण बढ़कर 3,15,01,090.40 करोड़ रुपये हो गया। यह बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार पूंजीकरण का उच्चतम स्तर है।

## अगस्त में बिजली की खपत 16 प्रतिशत बढ़कर 151.66 अरब यूनिट हुई

**नयी दिल्ली।** देश में बिजली खपत इस साल अगस्त में सालाना आधार पर 16 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 151.66 अरब यूनिट (बीयू) हो गई। उमस भरे मौसम के दौरान एयर कंडीशनर जैसे उपकरणों के अधिक उपयोग के कारण बिजली की खपत बढ़ी है। बिजली की खपत अगस्त, 2022 में 130.39 अरब यूनिट और अगस्त, 2021 में 127.88 बीयू थी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अगस्त, 2023 में अधिकतम बिजली की मांग (किसी एक दिन में सबसे अधिक बिजली आपूर्ति) बढ़कर 236.59 गीगावाट हो गई। यह आंकड़ा अगस्त, 2022 में 195.22 गीगावाट और अगस्त, 2021 में 196.27 गीगावाट था। बिजली मंत्रालय का अनुमान था कि इस साल अगस्त में बिजली की मांग 229 गीगावाट तक पहुंच जाएगी। इस साल अप्रैल-जुलाई में बेमौसम बारिश के कारण मांग अनुमानित स्तर तक नहीं पहुंच पाई थी। हालांकि, अधिकतम आपूर्ति जून में 223.29 गीगावाट और जुलाई में 208.95 गीगावाट पर रही। उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि देश में व्यापक बारिश के कारण इस साल मार्च, अप्रैल, मई और जून में बिजली की मांग प्रभावित हुई। उन्होंने कहा कि अगस्त में बिजली की खपत के साथ ही मांग में भी वृद्धि हुई है।


**देशबन्धु**

**ग्राहक सेवा**



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# कृषि उपज मंडी में दिखा हड़ताल का असर, पसरा रहा सन्नाटा, पल्लेदारों को नहीं मिला काम



**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के तमाम अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ सोमवार से 11 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए हैं। जबलपुर कृषि उपज मंडी में भी इसका असर देखने को मिला। यहां पल्लेदार बैठे रहे, लेकिन काम नहीं मिला। व्यापारियों की हड़ताल से मंडियों में खरीदी प्रभावित हुई।

व्यापारियों की हड़ताल से किसानों के अनाजों की खरीदी नहीं हुई। जिसके कारण मंडी में सन्नाटा पसरा रहा। व्यापारियों का कहना है कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नही देती है तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी। व्यापारियों के द्वारा खरीदी नहीं करने से मंडी में करोड़ों रुपए का कारोबार प्रभावित हुआ है। मंडी में व्यापार करने वाले व्यापारियों ने शासन के सामने अपनी 11 सूत्रीय मांगे रखी है। व्यापारियों की मांग है कि मंडी समितियों में पूर्व से आबंटित हुई भूमि को लेकर 2009 लागू नहीं किया जाए। उनकी मांगे है कि कलेक्टर गाईडलाइन से लीज दरों का निर्धारण ना रखकर नॉमिनल दरें रखी जाए।

इसके अलावा मंडी फीस दर एक प्रतिशत की जाए। साथ ही निराश्रित शुल्क समाप्त किया जाए। व्यापारियों ने इसके अलावा अपनी और भी मांगों से सरकार को अवगत करवाया है। कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष दीपक का कहना है कि शासन के सामने हमारी मांगे सालों से लंबित पड़ी हुई है, पर सरकार इस और ध्यान नही दे रही है।

उन्होंने बताया कि हम ना चाहते हुए भी हड़ताल कर रहें है। हमें पता है कि हमारी हड़ताल से किसानों को नुकसान होगा। मंडी में काम करने वाले पल्लेदारों का काम भी प्रभावित हो रहा है। अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ के अध्यक्ष ने बताया कि



जबलपुर कृषि उपज मंडी ने रोजाना 5 से 6 करोड़ रुपए का कारोबार होता है जो कि सोमवार को नहीं हुआ है।

व्यापारियों की हड़ताल की जानकारी पहले से किसानों को थी, जिसके कारण आज कोई भी किसान मंडी नही आया। आज दिन भर मंडी में सन्नाटा पसरा रहा। वही दूसरी और व्यापारियों की हड़ताल से पल्लेदार खासा निराश रहे।

# गर्मी से मिलेगी राहत, 21 जिलों में बारिश के आसार

## जबलपुर में भी होगी हल्की वर्षा

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में बारिश के बीच झुलसाने वाली गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है। एसी, कूलर फिर से प्रभावी हो गये हैं। दिन और रात में गर्मी से आम जनता परेशान है। इसके साथ ही बदलते मौसम में वायरल बुखार ने भी पैर पसार लिये हैं। अस्पतालों में लंबी कतारे लगी हैं। लेकिन बड़े अंतराल के बाद एक बार फिर से प्रदेश में मानसूनी बादल मेहरबान होने वाले हैं। और कई जिलों में झमाझम बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। जिसपर आज से गर्मी पर ब्रेक लगने की संभावना है।

बंगाली की खाड़ी में बन रहे नए सिस्टम के चलते बारिश होने के आसार है। प्रदेश के 21 जिलों में बारिश हो सकती है। जिसमें रीवा, सागर, शहडोल, अनूपपुर, बालाघाट, छतरपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, डिंडोरी, जबलपुर, कटनी, मंडला, नरसिंहपुर, निवाड़ी, पन्ना, सतना, सिवनी, सीधी, सिंगरौली, टीकमगढ़ व उमरिया सहित अन्य जिले है। यहां पर मध्यम से तेज बारिश होने की संभावनाएं जताई जा रही है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आज से मानसून पर ब्रेक खत्म हो रहा है, जिसके चलते कम दबाव का क्षेत्र बनेगा और मध्यप्रदेश के पूर्वी हिस्से में मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। इसके अलावा प्रदेश के अन्य जिलों में भी मौसम में परिवर्तन देखने को मिल सकता है। जो 18 से 19 सितम्बर तक एक्टिव रहेगा। गौरतलब है कि इस वर्ष 24 जून से प्रदेश में बारिश होने लगी थी, शुरुआती दौर में अच्छी बारिश हुई लोगों ने राहत की सांस ली। लेकिन अगस्त के महीने में मानसून की बेरुखी ने परेशानी बढ़ा दी। प्रदेश के 27 जिले लाल घेरे में है जहां पर 20 से 46 प्रतिशत कम बारिश हुई है। नरसिंहपुर में सबसे ज्यादा बारिश हुई है यहां पर आंकड़ा 41 इंच के करीब पहुंच गया। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में धूप-छांव का मौसम रहेगा, भोपाल में बादल छाए रहेगे वहीं जबलपुर में हल्की बूंदाबांदी होने से उमस बढ़ेगी।

# नशे में धुत कलयुगी पिता ने किया बेटी से दुष्कर्म, गर्भवती होने पर उतारा मौत के घाट

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा जिले के बिछुआ में रिश्तों को शर्मसार करने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक पिता ने अपनी बेटी के साथ नशे में धुत होकर बलात्कार कर दिया।

जब वह गर्भवती हो गई तो उसकी गला घोंट कर हत्या कर दी। इस मामले में बिछुआ पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले चाचा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी 16 साल तीन माह की भतीजी 30 अगस्त से लापता है। इसके बाद चाचा ने अपने भाई पर संदेह भी जताया था, जिसके बाद बिछुआ पुलिस ने गुमशुदा का मामला दर्ज कर तलाश शुरु की थी और तब से ही गायब पिता



की तलाश शुरु की थी। बीते दिन पिता गांव में घूमते हुए मिला तो पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ की, जिसके बाद सारा मामला खुलकर सामने आ गया।

पिता ने बताया कि एक बार नशे में उसने बेटी के साथ बलात्कार कर दिया था, जिसके चलते वो गर्भवती हो गई। इसी वजह से 30 अगस्त को वह बेटी को दूसरी पत्नी के घर चलने की बात कहकर गोरेघाट रेल्वे स्टेशन ले गया और यहां गला घोंटकर हत्या कर शव को झाडियों में फेंककर पत्नी के घर चला गया था।

इस मामले के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी पहले तो इस बात से इनकार कर रहा था लेकिन पुलिस ने जब सख्ती दिखाई तो उसने सारी वारदात को कबूल लिया। पुलिस ने पिता की निशानदेही पर उमरानाला के गोरेघाट रेल्वे ट्रेक के समीप से इस नाबालिग का शव बरामद कर लिया है पुलिस ने फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा लिया है जबकि प्रकरण में हत्या, अपहरण और पाक्सो एक्ट की धाराओं का इजाफा किया जाएगा।

# शहडोल में गांजा तस्कर से जुड़े थे साइबर सेल कर्मी के तार, एसपी कर रहे जांच

**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल जिले के ब्योहारी थाना क्षेत्र में बीते कुछ दिन पहले बुढ़ार निवासी एक बड़ा गांजा तस्कर पकड़ा गया था। गांजा तस्कर रोहित शर्मा के बयान पर साइबर सेल में पदस्थ एक एएसआई (एम) की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। उसके बाद पुलिस अधीक्षक ने उसे तत्काल लाइन हाजिर कर दिया है। दरअसल, कुछ दिन पहले ही पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा गठित स्पेशल टीम ने ब्योहारी में गांजा तस्कर के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की थी। उसमें गांजा तस्कर रोहित शर्मा के कब्जे से एक कुंतल के आसपास गांजा और एक लाख रुपये नकदी बरामद की थी। आरोपी रोहित शर्मा को जब स्पेशल टीम ने पकड़ा और उसका बयान लिया तो पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित साइबर सेल में तैनात सहायक उपनिरीक्षक (एम) अमित दीक्षित की भूमिका संदिग्ध पाई गई। उसके बाद पुलिस अधीक्षक ने तत्काल कार्रवाई कर अमित दीक्षित को लाइन हाजिर कर दिया है।

जानकारी के अनुसार, काफी समय से साइबर सेल प्रभारी उनिरीक्षक अमित दीक्षित गांजा तस्कर रोहित के संपर्क में था। वहीं, सूत्रों से यह भी पता चला है कि गांजा तस्कर रोहित शर्मा साइबर सेल प्रभारी अमित दीक्षित को गांजा तस्करी में उसकी मदद करने के एवज में मोटी रकम भी देता था।

जानकारी के अनुसार, स्पेशल टीम द्वारा एसपी के निर्देश पर की गई कार्रवाई के बाद पकड़े गए गांजा तस्कर रोहित शर्मा का बयान लिया गया। उसमें उसने कई बड़े खुलासे किए। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक का कहना है कि साइबर सेल कर्मी एएसआई (एम) अमित दीक्षित को तत्काल लाइन हाजिर कर मामले की बारीकी से जांच कराई जा रही है। जांच के बाद आगे विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# जस्टिस प्रशांत मिश्रा का एसबीसी पदाधिकारियों ने किया स्वागत

**जबलपुर, देशबन्धु।** उच्चतम न्यायालय के न्यायधीश प्रशांत मिश्रा के शहर आगमन उपरांत सर्किट हाउस में स्टेट बार काउंसिल (एसबीसी) के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

एसबीसी के वाईस चेयरमेन व जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आरके सिंह सैनी ने बताया कि उत्तम न्यायालय के न्यायधीश बनने के बाद जस्टिस प्रशांत मिश्रा का पहली बार जबलपुर आगमन हुआ। जिनका जबलपुर के अधिवक्ताओं ने दिल खोलकर अभिवादन किया। एसबीसी पदाधिकारियों ने भी सर्किट हाउस में जस्टिस श्री मिश्रा से मुलाकात कर उनका स्वागत किया। इस दौरान एसबीसी के सदस्य राजेश पांडे, राधेलाल गुप्ता सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे। इस अवसर पर जस्टिस श्री मिश्रा ने भी दस साल की प्रेक्टिस और दोस्तों को याद करते हुए अपनी पुरानी यादे ताजा की।

# मंडला में केन्द्रीय गृहमंत्री का आगमन, प्रशासन ने स्टेडियम व हेलीपैड स्थल को नो फ्लाईंग जोन किया घोषित

**मंडला, देशबन्धु।** मंडला में 5 सितंबर को केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह का मंडला आगमन होने जा रहा है। यहां वे भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित विभिन्न केंद्रीय मंत्री व अन्य नेता उपस्थित रहेंगे।

सुरक्षा की दृष्टि से कार्यक्रम स्थल व हेलीपैड स्थल को जिला प्रशासन ने रेड जोन व नो फ़्लाइंग जोन घोषित किया गया है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राजेंद्र कुमार सिंह की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि पुलिस अधीक्षक मंडला के पत्र के आधार पर दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत अमित शाह केन्द्रीय गृह व सहकारिता मंत्री के प्रस्तावित भ्रमण 5 सितंबर को उनकी सुरक्षा श्रेणी व संभावित खतरों को दृष्टिगत रखते हुए हेलीपैड स्थल व महात्मा गांधी स्टेडियम ग्राउंड के 3 किलोमीटर की परिधि में ड्रोन, पैराग्लाईडर, हॉट बैलून व अन्य फ्लाईंग ऑब्जेक्ट के उड़ने पर एतद् आदेश द्वारा प्रतिबंध लगा कर उक्त स्थान को रेड जोन, नो फ्लाईंग जोन घोषित किया जाता है।

यह आदेश आज 5 सितंबर 2023 को प्रभावशील रहेगा। इस आदेश के उल्लंघन पाये जाने पर दोषी व्यक्ति के विरूद्ध नियमानुसार दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 188 अन्तर्गत वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। जिला पुलिस ने चाक चौबंद इंतजाम किये हैं।












# पंचतत्व में विलीन हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्रभान राय

**जबलपुर, देशबन्धु।** मात्र 13 वर्ष की उम्र में आजादी की मशाल लेकर गोवा मुक्ति संग्राम के आंदोलन में कूदने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्रभान राय आज हमारे बीच नहीं रहे। गौरतलब है कि श्री राय का निधन रविवार देर रात्रि को हो गया था। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को गौरीघाट मुक्तिधाम धाम में हुआ। श्री राय के कटरा अधारताल स्थित आवास एवं मुक्तिधाम में दोनों जगह शासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। प्रशासन की ओर से तहसीलदार हरि सिंह धुर्वे ने पुष्पचक्र अर्पित किया और अपनी टीम के साथ पूरे समय उपस्थित रहे।

महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक चंसोरिया, कलचुरी महासभा जबलपुर के अध्यक्ष मनोहर चौकसे, कटनी से जिला पंचायत सदस्य मनोज राय, शाहपुरा नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सूर्य प्रकाश राय, पार्षद विमल राय, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के मनोज नामदेव, सहित



सैकड़ो की संख्या में संस्कारधानी वासियों ने श्रद्धांजलि अर्पित किए।

# अवैध ऑटो बंद नहीं हुये तो डिंडौरी में 15 सितंबर से नहीं होगा बसों का संचालन

**डिंडौरी, देशबन्धु।** डिंडौरी जिले में अवैध ऑटो के चालक धमाचौकड़ी मचा रहे हैं। यह आरोपी स्थानीय बस संचालकों ने ऑटो चालकों पर लगाये हैं। यह भी चेतवानी दी है कि अगर अवैध बंद नहीं किये गये तो डिंडौरी में बस सेव बंद कर दी जायेगी। सोमवार को डिंडौरी जिले के बस ऑपरेटरों ने जिले में अवैध ऑटो संचालन पर रोक लगाने की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा हैं। 14 सितंबर तक कार्यवाही नहीं होने पर बस संचालन बन्द करने की चेतावनी दी हैं।

बस ऑपरेटर संघ के अध्यक्ष संजय केशवानी ने बताया कि हाई कोर्ट के निर्देशानुसार आरटीओ और पुलिस द्वारा अवैध ऑटो संचालन पर कार्रवाई की जाए। ऑटो में विंड स्क्रीन पर ऑटो नम्बर और शहरी क्षेत्र का नाम लिखवाया जाए। पुरानी डिंडौरी स्टैंड में बसों की नो एंट्री कर दी गयी है और ऑटो स्टैंड बनाकर गाड़ासरई, समनापुर रोड़ की सवारियां भर कर ऑटो चल रहे हैं। ऑटो चालक गाड़ासरई लाल चौक स्टैंड और सागर टोला स्टैंड पर ऑटो खड़ी कर बजाग, चाडा की सवारी ले जा रहे हैं। ऑटो का किराया निर्धारित है। ज्ञापन सौंपने के दौरान चंदन शर्मा, शाहिद खान आदि मौजूद रहे।


सोनू पोल्ट्री

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 130

मीडियम ब्रॉयलर - रु. 132

छोटा ब्रॉयलर - रु. 134

मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसिएशन

मुर्गा छोटा - रु. 138

मुर्गा मीडियम - रु. 136

मुर्गा बड़ा - रु. 134

मुर्गा जम्बो - रु. 134

मो.-9039925000, 9425800409

